सूर्योदय 7:00 सूर्यास्त 5:21

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8 न्यू | 18 अधि |
| धर्मशाला | 11 न्यू | 22 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,706.67 |
| निफ्टी | 26,202.95 |
| सोना | 1,26,591 |
| चांदी | 1,64,359 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई न. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 29 नवंबर 2025 | 14 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 332, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

(ISO 9001-2015 Certified)
BHUTTI WEAVERS CO-OPERATIVE ORIGINAL KULLU WEAVERS ESTD. 1944 'A' CLASS BHUTTI COLONY
Bhuttico KULLU SHAWLS
SHAWLS, MUFFLERS, CAPS AND OTHER HANDMADE GARMENTS
PURE NEW WOOL
BHUTTI WEAVERS HANDLOOM & HANDICRAFTS CO-OP SOCIETY LTD.
BHUTTI COLONY KULLU (H.P.) PH.01902-260079
E-mail:bhutticoshawls@gmail.com WebSite:bhutticoshawl.com


सत्य प्रकाश ठाकुर
अध्यक्ष पूर्व बागवानी मंत्री प्रदेश में सहकारिता के प्रति समर्पित व्यक्तित्व

## न्यूज शॉर्ट्स

### उत्तराखंड में 14 जनवरी से शुरू होगा अर्धकुंभ

**एजेंसी, हरिद्वार।** उत्तराखंड में 2027 में होने वाले अर्धकुंभ की तिथियां तय हो गई हैं। हरिद्वार में होने वाला ये भव्य आयोजन 14 जनवरी से शुरू होगा और 20 अप्रैल को खत्म होगा। 97 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 10 प्रमुख स्नान शामिल हैं। जिसमें पहली बार चार शाही अमृत स्नान भी होंगे, जिसे एक ऐतिहासिक फैसला माना जा रहा है। कई दिनों से अर्धकुंभ की तिथियों को लेकर असमंजस की स्थिति थी, जिसके बाद आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार डाम कोठी में अखाड़ा प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में मेला प्रशासन की ओर से 13 अखाड़ों के दो-दो सचिव या नामित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संतों ने कहा कि यह मेला कुंभ की ही तरह दिव्य और भव्य रूप में आयोजित होगा (अनंत ज्ञान)

### उत्तराखंड में पतंजलि घी के सैंपल जांच में फेल

**एजेंसी, पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि के घी के सैंपल जांच में फेल पाए गए हैं। इसके बाद कंपनी समेत 3 कारोबारियों पर 1 लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही खाद्य विभाग का कहना है कि ये खाने लायक भी नहीं है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में घी का सैंपल लिया गया था, इसकी जांच प्रदेश स्तर (रूद्रपुर) और राष्ट्रीय स्तर (गाजियाबाद) की लैब में कराई गयी थी। जांच में घी स्टैंडर्ड पर खड़ा नहीं उतरा। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन पिथौरागढ़ के असिस्टेंट कमिश्नर आरके शर्मा ने बताया कि अगर किसी ने भी यह घी खाया तो उसके साइड इफेक्ट हो सकते हैं, साथ ही लोग बीमार हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### यूपी में मां-बेटा, बेटी दामाद समेत 7 की मौत

**एजेंसी, सहारनपुर।** यूपी के सहारनपुर में शुक्रवार को एक डंपर बेकाबू होकर कार पर पलट गया। डंपर पर लदी बजरी भी कार पर गिर गई। इस हादसे में 4 साल के बच्चे समेत 7 लोगों की मौत हो गई। डंपर में बजरी भरी थी। रफ्तार तेज होने की वजह से डंपर बेकाबू हो गया। हादसा इतना भीषण था कि पूरी कार डंपर और बजरी के नीचे दब गई। बाद में डंपर को 3 क्रेन की मदद से किनारे किया गया। इसके बाद में कार की छत काटकर उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को साइप्रस का समर्थन: अनुराग -पेज 2
मंत्री नेगी के बयान पर बिफरा विपक्ष, वेल में की नारेबाजी -पेज 3
मांगों को लेकर पेंशनर्स ने धर्मशाला में किया प्रदर्शन -पेज 5
फोरलेन निर्माण और स्थानीय वार्ड सुधार पर निर्णय -पेज 9
कुल्लू के खेल मैदान में वाहनों की रफ्तार का रोमांचक मुकाबला -पेज 11

# तीसरे दिन सदन के अंदर और बाहर जमकर हंगामा

## पेंशनर्स-आपदा राहत राशि को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन तपोवन विधानसभा भवन के अंदर और बाहर जमकर हंगामा हुआ। तीसरे दिन कार्यवाही शुरू होने से पहले सदन के बाहर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने हो गए। विपक्ष ने पेंशनर्स के मुद्दे और सत्तापक्ष ने पीएम द्वारा आपदा राहत राशि को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा विधायक दल ने जहां हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया और सरकार को कर्मचारी विरोधी बताया, तो वहीं कांग्रेस विधायक दल ने पीएम मोदी की ओर से घोषित 1500 करोड़ रुपए का स्पेशल पैकेज न मिलने पर अपना रोष प्रकट किया। विधानसभा गेट पर कांग्रेस-भाजपा ने आमाने-सामने आकर प्रदर्शन किया। कुछ देर के लिए टकराव की स्थिति बन गई। इस दौरान दोनों ओर से पंजाबी का प्रचलित मुहावरा 'हाय ओ सयापा पै गया' के नारे गूंजते रहे, जिसका शाब्दिक अर्थ है 'हाय, यह कैसी मुसीबत आ गई।' कांग्रेस की ओर से उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 1500 करोड़ देने की घोषणा की गई थी लेकिन उसे समय पर नहीं दिया जा रहा है। इसके विरोध में कांग्रेस विधायक अपना विरोध दर्ज करवा रहे थे।

**दोनों दलों के विधायकों ने की नारेबाजी**




सदन के बाहर प्रदर्शन करते सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायक।

उधर ,नेता प्रतिपक्ष जयराम ने कहा कि जब भाजपा के विधायक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, तो उसके बीच में कांग्रेस के विधायक कैसे पहुंच गए? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो 1500 करोड़ देने की घोषणा की है, वह हिमाचल को जल्द मिलेंगे, लेकिन इस तरह का गैरजिम्मेदार व्यवहार असहनीय है।

# 'मैं भी बोलूं' को लेकर विपक्ष के नेताओं में शक्ति प्रदर्शन : सीएम

## मुख्यमंत्री ने कहा-परंपरा को तोड़ने का प्रयास कर रहा विपक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि विपक्ष के नेताओं में एक तरह से शक्ति प्रदर्शन चल रहा है कि 'मैं भी बोलूं' जो कि उनकी गुटबाजी को प्रदर्शित करता है। शुक्रवार को तपोवन में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष सोचता है कि हम ही सही बोल रहे हैं। सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल शुरू हो चुका था और बीच में नेता प्रतिपक्ष आते हैं और कहते हैं कि पहले मेरी बात सुनिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रश्नकाल के बात सुनते हैं और यही परंपरा है, जिसे विपक्ष तोड़ने की कोशिश करता है। सीएम ने कहा कि विपक्ष मुद्दों से भटकाने का प्रयास करता है। सीएम ने कहा कि हमने सबसे लंबा सत्र इसीलिए बुलाया है कि आइए, अपनी बात को पूरी तरह से रखिए। ठीक है शुरू-शुरू में थोड़ी नोंक-झोंक होती है, उसके बाद विपक्ष पूरी बात रख रहा है।



हम चाहते हैं कि विपक्ष तथ्यों व तर्क के साथ बात रखे।

### थोड़ी देर में सभी इकट्ठा हो गए

**शुक्रवार** को कोरम पूरा न होने के मामले पर सीएम ने कहा कि आज शुक्रवार था। कई लोग जल्दी जाना चाहते थे, कुछ लोग यहां-वहां बैठे थे कुछ मीडिया में इंटरव्यू दे रहे थे, थोड़ी देर बाद सब इकट्ठे हो गए।

### कोरम पूरा करवाना सरकार की जिम्मेदारी: जयराम

**धर्मशाला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की नालायकी की वजह से कोरम पूरा न होने के कारण विधानसभा की कार्यवाही को स्थगित करनी पड़ी। जयराम ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने घोषणा की कि विधानसभा के अंदर कोरम पूरा नहीं है, कोरम पूरा करने की जिम्मेवारी सरकार की होती है। तपोवन में पत्रकारों से बातचीत में जयराम ने कहा कि सरकार में सदन में बैठने वाले लोगों की संख्या बहुत कम रह गई है, कोई रुचि नहीं लेते, न प्रश्न पूछने में और न ही चर्चा व कार्यवाही में। कोरम पहले से कम था, उसके बावजूद चर्चा चल रही थी। कोरम पूरा न हुआ तो जिम्मेदारी संसदीय कार्य मंत्री की होती है और सरकार की होती है कि कोरम पूरा करना चाहिए। कोरम पूरा न होना सत्तापक्ष के लिए बहुत बुरा संदेश होता है।




# हाईकोर्ट पहुंचा संजौली मस्जिद मामला

## वक्फ बोर्ड ने चुनौती दी, सोमवार को होगी मेंटेनेबिलिटी पर सुनवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश की राजधानी शिमला में संजौली मस्जिद का मुद्दा एक बार फिर सरगर्म हो उठा है। इलाके में कई महीनों से चल रही तनातनी, अदालती आदेशों और सियासी बयानबाजी के बीच अब यह पूरा मामला हिमाचल हाईकोर्ट की चौखट तक जा पहुंचा है। वक्फ बोर्ड ने नगर निगम आयुक्त और जिला अदालत के उन आदेशों को चुनौती दी है, जिनमें मस्जिद को अवैध ढांचा मानकर 30 दिसंबर तक गिराने के निर्देश दिए गए थे। अदालत सोमवार को याचिका की मेंटेनेबिलिटी पर अपना अहम फैसला सुनाएगी। जिला अदालत से राहत न मिलने के बाद वक्फ बोर्ड और मस्जिद कमेटी ने नई कानूनी जंग शुरू की है, जबकि दूसरी ओर मस्जिद की बिजली-पानी काटने की मांग को लेकर हिंदू संगठनों का अनशन लगातार 11वें दिन जारी है। संजौली और उससे सटे मोहल्लों में बेचैनी साफ महसूस की जा सकती है, और प्रशासन हालात पर करीबी नजर रखे हुए है।




### विवाद की वजह

**विवाद** बीते वर्ष 31 अगस्त की गुटीय झड़प के बाद उपजा, जिसने पूरे शहर में विरोध प्रदर्शनों की लहर चला दी। पहले अवैध हिस्से को हटाने की बात हुई, फिर निगम आयुक्त ने पूरी मस्जिद को अवैध घोषित कर ढांचा गिराने का आदेश दे दिया। अब नजरें सोमवार पर हैं, जिसमें यह तय होगा कि वक्फ बोर्ड की याचिका पर आगे सुनवाई होगी या नहीं। वहीं, संजौली का यह तना हुआ माहौल किस दिशा में करवट लेगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

### कपिल के कैफे में फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैप्स कैफे में हुई फायरिंग के आरोपी को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम बंधु मान सिंह सेखों है, जो गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों गैंग का अहम हैंडलर बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से पीएक्स-3 हाई-एंड पिस्टल (मेड इन चाइना) बरामद की है, जिसमें 8 जिंदा कारतूस भी मिले। पुलिस के मुताबिक सेखों के भारत में छिपे होने की सूचना मिली थी। सेखों पर आरोप है कि उसने फायरिंग की साजिश रची थी और शूटरों से लेकर लॉजिस्टिक सपोर्ट तक मुहैया कराया था। दरअसल, कनाडा में कपिल के कैफे पर 10 जुलाई, 7 अगस्त और 18 अक्टूबर को 3 बार फायरिंग हो चुकी है। तीनों बार फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गोल्डी ढिल्लों और कुलवीर नेपाली ने ली थी। (अनंत ज्ञान)

# एचआरटीसी पेंशन विवाद: हाईकोर्ट ने 19 दिसंबर तक सरकार से मांगा जवाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एचआरटीसी पेंशनरों की लंबित पेंशन बहाली मामले में राज्य सरकार को नोटिस जारी कर कड़ा रुख अपनाया है। जस्टिस संदीप शर्मा ने अशोक पुरोहित व अन्य बनाम स्टेट ऑफ हिमाचल प्रदेश याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को आदेश दिया कि वह 19 दिसंबर तक विस्तृत जवाब दाखिल करे। अदालत ने यह भी उम्मीद जताई कि अगली तिथि से पहले याचिकाकर्ताओं की अक्तूबर की पेंशन जारी कर दी जाए। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि सभी दस्तावेज और पात्रता पूरी होने के बावजूद न तो कोई विभागीय कार्रवाई लंबित है और न ही भुगतान रोकने का कोई वैधानिक कारण, फिर भी अक्टूबर से पेंशन रोक दी गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से एडवोकेट मंदीप चंदेल ने दलील दी कि पेंशन के बिना बुजुर्ग पूर्व कर्मचारियों पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कोर्ट से निर्देश देने का आग्रह किया कि पेंशन तुरंत बहाल की जाए और हर माह समय पर दी जाए। दूसरी ओर, राज्य सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल अनुप रत्न, एएजी रजन काहोल, विशाल पंवार, डिप्टी एजी रवि चौहान और अनीश बंसटू उपस्थित हुए और जवाब दाखिल करने के लिए कुछ समय मांगा। अदालत ने याचिका को अगली सुनवाई तक स्थगित कर दिया है, जबकि पेंशनरों को उम्मीद है कि न्यायालय के हस्तक्षेप से उनके अधिकार बहाल होंगे।

**अक्तूबर की पेंशन जारी होने की उम्मीद**

## कर्नाटक में एक लाख लोगों के साथ गीता पढ़ी, श्रीकृष्ण मठ में सोने का कलश चढ़ाया

# पीएम ने गोवा में किया 77 फुट की श्रीराम प्रतिमा का अनावरण

**एजेंसी, बेंगलुरु/पणजी**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा के कैनाकोना में श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में पूजा की। यहां भगवान राम की 77 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। दावा किया जा रहा है कि यह दुनिया की सबसे ऊंची श्रीराम प्रतिमा है। इससे पहले दिन में पीएम कर्नाटक पहुंचे थे। उडुपी में उन्होंने श्री कृष्ण मठ में पूजा-अर्चना की थी। यहां सुवर्ण तीर्थ मंडप का उद्घाटन किया और सोने का कलश चढ़ाया। इसके बाद पीएम ने 1 लाख लोगों के साथ श्रीमद्भगवद गीता का पाठ किया। पीएम ने उडुपी में 25 मिनट की स्पीच दी।



यहां उन्होंने श्रीकृष्ण के गीता के उपदेशों की बात की। पीएम ने कहा कि भगवत गीता हमें सिखाती है कि शांति और सच्चाई को वापस लाने के लिए अत्याचारी का अंत करना जरूरी है। यही नेशनल सिक्योरिटी पॉलिसी का सार है। (अनंत ज्ञान)

# जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में दिखे तीन आतंकी

## गांव से खाना लेकर जंगल की ओर भागे, सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में शुक्रवार को तीन संदिग्ध आतंकियों को देखे गए, इसके बाद सुरक्षाबलों ने हाई लेवल सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। शुरुआती सूचना के अनुसार, ये तीनों संदिग्ध चिल्ला बलोठा गांव में एक स्थानीय व्यक्ति से खाना लेकर पास के जंगल की ओर भाग गए। जानकारी मिलते ही सेना और जेएंडके पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया और बसंतगढ़ के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। ड्रोन और स्निफर डॉग भी सर्चिंग के लिए लगाए गए हैं। पहाड़ी और घना जंगल होने के कारण ऑपरेशन में परेशानी आ रही है। सुरक्षा बल घर-घर तलाशी कर रहे हैं और अतिरिक्त जवान भी तैनात किए गए हैं। भागने के रास्तों पर कई नाके बनाए गए हैं, ताकि कोई भी संदिग्ध बच न सके। (अनंत ज्ञान)

### अवंतीपोरा में आतंकियों का मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के ही अवंतीपोरा में सीआरपीएफ और एसओजी की ज्वाइंट टीम ने नजीर अहमद गनी नाम के एक शख्स को अरेस्ट किया गया। उसके पास से दो चीनी ग्रेनेड, एक कमर्शियल डेटोनेटर बरामद किया गया। पकड़ा गया शख्स आतंकियों का मददगार है।

# यूएई ने पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा देने से किया इनकार

**एजेंसी, दुबई**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया है। यह जानकारी यूएई गृह मंत्रालय के अधिकारी सलमान चौधरी ने दी है। हालांकि जिन लोगों के पास ब्लू और डिप्लोमैटिक पासपोर्ट है, उन्हें अभी वीजा जारी किया जा रहा है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने ट्रैवल एजेंटों के हवाले से बताया है कि पहली बार और सिंगल-एंट्री वीजा के 70-80% आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। हालांकि जिन लोगों के परिवार यूएई में रहते हैं, उन्हें वीजा मिलने की संभावना ज्यादा है। वहीं, पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक यूएई ने आधिकारिक तौर पर कोई बैन नहीं लगाया है, लेकिन पिछले कुछ वक्त से यूएई में अपराध और भीख मांगने की घटनाओं में पाकिस्तानी लोगों का नाम सामने आया है। इसके चलते नए लोगों को वीजा मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। लाहौर के रहने वाले नदीम पहली बार घूमने के लिए दुबई जाना चाहते थे, लेकिन उनका वीजा दो बार रिजेक्ट हो गया। ट्रैवल एजेंसी ने वजह बताई कि 40 साल से कम उम्र वाले लोगों की जांच ज्यादा हो रही है। (अनंत ज्ञान)

**अपराध और भीख मांगने की घटनाओं के चलते सख्ती**

**ग्रोथ** ग्रामीण मांग, गवर्नमेंट स्पेंडिंग और मैन्युफैक्चरिंग की रफ्तार ने इकोनॉमी को किया बूस्ट

# टैरिफ दबाव, फिर भी जीडीपी 8.2% की दर से बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत समेत दुनिया में ट्रंप के टैरिफ का दबाव है। प्राइवेट इन्वेस्टमेंट सुस्त है, फिर भी भारत की अर्थव्यवस्था जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2% की दर से बढ़ी है। यह पिछली 6 तिमाही में सबसे ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में जीडीपी 5.6% थी, वहीं अप्रैल-जून में ये 7.8% थी। नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस के आंकड़ों से साफ है कि ग्रामीण डिमांड, गवर्नमेंट स्पेंडिंग और मैन्युफैक्चरिंग की रफ्तार ने इकोनॉमी को बूस्ट दिया है। गौर रहे कि जीएसटी रेट कट का फुल असर तो अभी आना बाकी है, लेकिन ये नतीजे उम्मीद से ज्यादा बेहतर हैं। (अनंत ज्ञान)




### जीडीपी?

**किसी** देश की इकोनॉमी की हेल्थ को ट्रैक करने के लिए जीडीपी का इस्तेमाल होता है। यह देश के भीतर एक तय समय में सभी गुड्स और सर्विस की वैल्यू को दिखाती है। इसमें देश की सीमा के अंदर रहकर जो विदेशी कंपनियां प्रोडक्शन करती हैं, उन्हें भी शामिल किया जाता है।

### लोगों ने ज्यादा खर्च किया, तो बढ़ी जीडीपी

**भारतीय** अर्थव्यवस्था में लगभग 60% हिस्सेदारी आम लोगों की है। इसे प्राइवेट कंजम्प्शन कहते हैं। यानी आपने जो नया फोन खरीदा, बच्चों की स्कूल फीस भरी, बाइक की ईएमआई दी, किराने का सामान लिया, ये सारा पैसा मिलाकर प्राइवेट कंजम्प्शन बना। पिछले क्वार्टर (जुलाई-सितंबर 2025) में इस खर्च की रफ्तार 6.4% से बढ़कर 7.9% हो गई। पिछले साल इसी समय लोग थोड़ा कंजूसी कर रहे थे, लेकिन इस बार लोगों ने खुलकर खर्च किया। नतीजा यह हुआ कि 60% हिस्से वाला इंजन फिर से तेज स्पीड पर दौड़ने लगा।

# पुतिन 4 को आएंगे भारत, एस 400 पर डील होने की उम्मीद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आखिरी बार 6 दिसंबर 2021 में भारत की यात्रा की थी। तब वे सिर्फ 4 घंटे के लिए भारत आए थे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को 2 दिवसीय भारत दौरे पर आएंगे। 2022 में यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। पुतिन 23वीं भारत-रूस समिट में भाग लेंगे। यह भारत और रूस के बीच होने वाली सालाना बैठक का हिस्सा है। हर साल दोनों देश बारी-बारी से इस बैठक की मेजबानी करते हैं। इस बार भारत की बारी है। समिट के दौरान पुतिन पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों नेता क्रूड ऑयल डील के साथ एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीद और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बात कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



### डिफेंस समझौते पर रहेगा पूरा फोकस

**पुतिन** की इस यात्रा में सबसे ज्यादा फोकस डिफेंस समझौते पर रहेगा। रूस पहले ही कह चुका है कि वो भारत को अपना एस-57 स्टेल्थ फाइटर जेट देने के लिए तैयार है। यह रूस का सबसे एडवांस लड़ाकू विमान है। भारत पहले ही अपने वायुसेना बेड़े को मजबूत करने के लिए नए विकल्प तलाश रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### ताल में भेड़ों की नीलामी 9 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र ताल में छंटनी की गई 20 भेड़ों की नीलामी 9 दिसंबर को सुबह 11 बजे प्रजनन प्रक्षेत्र के परिसर में की जाएगी। पशु पालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सतीश कपूर ने बताया कि नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति को दस हजार रुपये की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को भेड़ों को छह घंटे के भीतर प्रजनन प्रक्षेत्र के परिसर से बाहर ले जाना होगा। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस को दोपहर बाद 3 बजे से सायं 5 बजे तक प्रजनन प्रक्षेत्र में आकर भेड़ों का अवलोकन कर सकते हैं।

### कार चालक ने स्कूटी को मारी टक्कर, घायल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना हमीरपुर के तहत तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाने व दुर्घटना का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता प्रीतम चंद पुत्र स्व. पैसुराम गांव समस्याल ने शिकायत दर्ज करवाई है कि ताल लिंक सड़क में कोरोड़ा के पास कार नंबर एचपी-74 ए 5738 के चालक ने कार तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाते हुए स्कूटी नंबर एचपी 74 4743 के चालक उत्सव ठाकुर पुत्र नरेश कुमार गांव दयालड़ी को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### अनियंत्रित बाइक से गिरा बाइक सवार, मौत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भोटा से उखली सड़क पर दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सदर थाने में तेज गति व लापरवाही से बाइक चलाने का मामला दर्ज किया गया है। इसमें विपन कुमार पुत्र जगत राम गांव डाकघर बैण तहसील बड़सर तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था। इसके कारण बाइक नंबर एचपी-21 सी-5416 अनियंत्रित हो गई और बाइक को तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। इस घटना में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 200 मीटर महिला दौड़ में पूजा ने जीती प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय, नादौन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिवस व समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि डॉ.अनिल कुमार गौतम ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और टीम भावना को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। समापन दिवस पर 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ की फाइनल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 200 मीटर महिला दौड़ में पूजा ने प्रथम, वंशिका ने द्वितीय, राशि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर पुरुष वर्ग में राहुल ने प्रथम, शिवम ने द्वितीय और भानु प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि डॉ. अनिल कुमार गौतम ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

### बैलग-तताहर सड़क निर्माण हो रहा धीमी गति से

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत बैलग से तताहर सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति से क्षेत्र के लोग खासे परेशान हैं। एफडीआर तकनीक से बनाई जा रही यह सड़क पिछले एक वर्ष से अधूरी पड़ी है। स्थिति यह है कि बीते तीन दिनों से निर्माण कार्य पूरी तरह बंद है, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। जानकारी के अनुसार, बैलग से नगरोटा तक करीब 4 किलोमीटर तथा तताहर से गरसाहड़ तक 4 किलोमीटर सड़क ही अब तक पक्की हो पाई है, जबकि गरसाहड़ से नगरोटा तक लगभग 3 किलोमीटर हिस्से में अभी पक्का कार्य चल रहा है, जहां पक्का निर्माण कार्य शुरू होना बाकी है। इस धीमी प्रगति की वजह से भरेड़ी बाजार क्षेत्र में धूल की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है, जिससे स्थानीय लोगों और दुकानदारों को दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सर्दियों का मौसम शुरू होने वाला है। ऐसे में तापमान कम होते ही सड़क निर्माण कार्य 3 से 4 महीनों तक फिर से बंद हो जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि मौसम बिगड़ने से पहले सड़क को प्राथमिकता से पक्का किया जाए, ताकि आने-जाने में हो रही दिक्कतें कम हो सकें।इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य रुकने का कारण कंपनी का ऑपरेटर निजी काम से छुट्टी पर जाना है। उन्होंने कहा कि ऑपरेटर के लौटते ही कार्य पुनः शुरू कर दिया जाएगा और सड़क निर्माण को जल्द गति दी जाएगी।

### बड़ू में आज होगा विशाल विधिक साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) और हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान तथा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हमीरपुर के सहयोग से शनिवार को बड़ू स्थित बहुतकनीकी महाविद्यालय के मैदान में विशाल विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। शिविर में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह और न्यायमूर्ति जिया लाल भारद्वाज भी उपस्थित रहेंगे। शनिवार सुबह साढ़े दस बजे आरंभ होने वाले इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### विधानसभा घेराव के लिए रणनीति तैयार की

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा किसान मोर्चा समीरपुर मंडल की परिचायक बैठक किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर तथा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिल काकू उपस्थित रहे। बैठक के दौरान किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने आगामी 4 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाले विधानसभा घेराव के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की। इसमें मंडल स्तर से अधिकतम संख्या में किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने, मुद्दों को संगठित रूप से उठाने तथा आंदोलन को अनुशासित और प्रभावी बनाने पर बल दिया गया। इसके साथ ही, आगामी पार्टी कार्यक्रमों के लिए भी रूपरेखा तैयार की गई। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए किसान मोर्चा ने संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने व किसान हितों से जुड़े प्रमुख विषयों पर जनसंपर्क को गति देने पर विशेष चर्चा की। परिचायक बैठक के पश्चात किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उन्हें मंडल की रणनीतियों एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।

### राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की हिमाचल प्रदेश की एथलेटिक्स टीम इंदौर मध्य प्रदेश के लिए रवाना हो गई है। इसमें 12 छात्र और 13 छात्राएं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में अपना दम दिखाएंगे। शिक्षा उपनिदेशक हमीरपुर कमल किशोर भारती ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अधीक्षक एक कश्मीर सिंह ठाकुर, लोकेश कपिल अधीक्षक दो, राजेश गौतम हाउस सुपरवाइजर जिला हमीरपुर रचिन जरियाल जेओए आईटी उपस्थित रहे। इस दल का प्रमुख संजीव कौशल को नियुक्त किया गया है। टीम मैनेजर चंचल सिंह ठाकुर ब्वॉयज तथा टीम मैनेजर गर्ल्स अनीता चंदेल टीम कोच ब्वॉयज अजय कुमार तथा टीम कोच गर्ल्स इकबाल कौर भी शामिल रहे। यह प्रतियोगिता पहली से 4 दिसंबर तक आयोजित होगी। इसमें शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप, हाई जंप, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर 400 मीटर रिले प्रतियोगिताएं होंगी। यह जानकारी राज्य निदेशालय की मीडिया प्रभारी चंचल सिंह ठाकुर ने दी।

### तीन तक बीड़ी-सिगरेट विक्रेताओं की रिपोर्ट अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विकासखंड अधिकारी किशोरी लाल जसवाल ने क्षेत्र की सभी पंचायतों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि पंचायत स्तर पर मौजूद सभी बीड़ी व सिगरेट विक्रेताओं की सूची 3 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से खंड विकास अधिकारी कार्यालय में भेजी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनस्वास्थ्य और राजस्व संबंधी डेटा संकलन अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जसवाल ने कहा कि नियत तिथि के बाद रिपोर्ट प्राप्त न होने पर संबंधित पंचायत सचिवों से जवाबदेही तय की जाएगी। प्रत्येक पंचायत को यह सुनिश्चित करना है कि उनके क्षेत्र में छोटे दुकानदारों, ढाबों, किराना स्टोरों और ठेला दुकानों पर यदि बीड़ी-सिगरेट या तंबाकू उत्पाद बेचे जाते हैं, तो उनकी पूरी जानकारी समय पर दर्ज हो। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट में विक्रेता का नाम, दुकान का स्थान, लाइसेंस की स्थिति तथा प्रतिदिन अनुमानित बिक्री विवरण शामिल होना आवश्यक है। विकासखंड अधिकारी ने उम्मीद जताई कि सभी पंचायतें निर्धारित समय में यह कार्य पूर्ण कर जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण पहल में सहयोग देंगी।

# शहर को व्यवस्थित करने के लिए व्यापार मंडल की मांगों को नहीं किया जा रहा पूरा

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** व्यापार मंडल हमीरपुर के प्रधान व सदस्यों ने शहर को व्यवस्थित करने और व्यापारियों को हो रही विभिन्न समस्याओं के समाधान करने हेतु मुख्यमंत्री को लगभग छह माह पहले पत्र भेजा था।

इन मांगों को पूरा करने के लिए सीएम सेल से दो बार नगर निगम को रिमाइंडर भी भेजे गए हैं, लेकिन फिर भी इन मांगों पर गौर नहीं किया जा रहा है। व्यापार मंडल के प्रधान सुमित ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में हमीरपुर बाजार के व्यापारियों और बाजार में आने वाले लोगों को कई महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनका जल्द समाधान आवश्यक है। व्यापार मंडल हमीरपुर ने आग्रह किया था कि सभी विभागों को सूचित किया जाए कि व्यापारियों से संबंधित कोई भी कार्रवाई या इनफॉरमेशन है तो वह व्यापार मंडल को अवगत करवाई जाए। इसके अलावा शहर में रेहड़ी फड़ी वालों को



**सीएम सेल से नगर निगम को दो बार जारी किए जा चुके हैं रिमाइंडर**

अलग से स्थान निश्चित किया जाए जिससे शहर में लोगों को हो रही मुश्किलें कम हो सके। शहर में पार्किंग की समस्या सबसे बड़ी समस्या है इस ओर भी कदम उठाने का आग्रह किया था। व्यापार मंडल ने प्रशासन से यह भी अनुरोध किया था कि सभी मुख्य बाजारों में सीसी टीवी कैमरो की व्यवस्था की जाए जिससे शहर की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। मुख्य बाजार में वैरिकेड की जगह इलेक्ट्रॉनिक बैरिकेड लगाने की मांग रखी वो भी पूरी नहीं हुई है। इसके अलावा प्रवासी व्यापारियों को लाइसेंस देने से पहले सख्त नियम लागू किए जाएं। प्रवासी लोगों का शहर में उचित पंजीकरण के लिए भी व्यापार मंडल प्रशासन से आग्रह करता है. नगर निगम और प्रशासन से मांग करें कि बिना लाइसेंस या जीएसटी पंजीकरण के कोई भी बाहरी व्यक्ति व्यापार न कर सके।

बस स्टैंड से भोटा चैक तक पैदल चलने वार्ता के लिए फुटपाथ का निर्माण करने के साथ फुटपाथों को व्यवस्थित किया जाए, ताकि ग्राहकों एवं व्यापारियों को सुविधा हो। तहसील के सामने बने प्राइमरी स्कूल को कही दूसरी जगह मर्ज करके उस जगह पर बहुमंजिला पार्किंग बनाई जाए ताकि लोअर बाजार के दुकानदारों का बिजनेस फलफूल सके और शहर में पार्किंग की समस्या खत्म हो। मेडिकल कॉलेज में मरीजों को गाड़ी पार्क करने की सुविधा नहीं है इसके लिए मेडिकल कॉलेज की बैंक साइड में जो जगह खाली पड़ी है उसे पर पार्किंग की व्यवस्था की जाए। व्यापार मंडल आग्रह करता है ट्राला यूनियन के पास एक ग्राउंड की व्यवस्था की जाए जिससे गांधी चैक पर अनावश्यक कार्यक्रम जो होते हैं और सारा शहर जाम हो जाता है उसे बचा जा सके, क्योंकि किसी इमरजेंसी की स्थिति में गांधी चैक से कार्यक्रम के दौरान निकलना असंभव हो जाता है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल अपनी गतिविधियों को चलाने के लिए प्रशासन से छोटी या बड़ी मीटिंग के लिए स्थान उपलब्ध नहीं है, इसकी भी व्यवस्था की जाए। इस बारे में नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि ट्राला यूनियन के पास रेहड़ी फड़ी बनाने के लिए सर्वे कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इसकी ड्राइंग भी तैयार कर ली गई है इसकी परमीशन आने के बाद इसपर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## सहकारिता विकास संघ चुनावों में विजेता 6 निदेशकों ने धूमल से लिया आशीर्वाद



सहकारिता विकास संघ चुनावों में विजेता निदेशक पूर्व मुख्यमंत्री धूमल से मुलाकात करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

जिला हमीरपुर सहकारिता विकास संघ के हाल ही में संपन्न हुए चुनावों में भाजपा समर्थित विजयी निदेशकों ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित निवास पर भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विजेता निदेशकों का यह प्रतिनिधिमंडल पूर्व में दो बार सहकारिता विकास संघ के अध्यक्ष रहे यशवीर पटियाल के नेतृत्व में मिला।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल विजेता निदेशक–हमीरपुर जोन से अशोक कुमार, नादौन जोन से कमल किशोर, बड़सर जोन से राम कृष्ण, भोरंज जोन से सुशील ठाकुर, टौणीदेवी जोन से बलबीर सिंह तथा बिजहरी जोन से यशवीर पटियाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर यशवीर पटियाल ने सहकारिता विकास संघ को सशक्त और गतिशील बनाने में प्रो. धूमल के उल्लेखनीय योगदान का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रो. धूमल के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा, नई ऊर्जा और पारदर्शी प्रणालियां प्राप्त हुईं, जिनके परिणामस्वरूप संघ ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। प्रो. धूमल द्वारा स्थापित विकासोन्मुख दृष्टिकोण और नीतियों ने न केवल संघ के कार्यों को मजबूत किया, बल्कि निवेशकों और सदस्यों के बीच विश्वास भी बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आज की यह जीत भी प्रो. धूमल की दूरदर्शी सोच और उनके मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

# आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को साइप्रस का समर्थन : अनुराग



अनंत ज्ञान, हमीरपुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद भवन में लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला तथा अन्य सांसदों के साथ साइप्रस के संसदीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक में भाग लिया।

यह प्रतिनिधिमंडल साइप्रस की प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष अनीता दिमेत्रियु के नेतृत्व में भारत आया था। बैठक में दोनों देशों ने लोकतांत्रिक सहयोग, आपसी साझेदारी और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। अनुराग ने कहा कि भारत और साइप्रस के संबंध दशकों पुराने हैं, जिनकी नींव विश्वास, लोकतांत्रिक मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर घनिष्ठ सहयोग पर आधारित है। उन्होंने उल्लेख किया कि साइप्रस ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस' प्रदान किया था, जो दोनों देशों के मजबूत और गहरे संबंधों का प्रतीक है। ठाकुर ने साइप्रस को भारत का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताया। बैठक में संसदीय प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण तथा दोनों देशों की जनता के बीच सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। साइप्रस प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका, मार्गदर्शन और आतंकवाद के प्रति उसकी जीरो टॉलरेंस नीति की सराहना की।

## अनुराग ने अभिषेक को दी संवेदना व संबल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सांसद अनुराग सिंह ठाकुर पिछले बीती देर शाम पूर्व में रहे प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी अंकुश दत्त शर्मा के परिवार से मिलने उनके हमीरपुर स्थित आवास पर पहुंचे। कुछ दिन पहले ही अंकुश दत्त शर्मा के पिता जी का लंबी बीमारी के पश्चात देहांत हो गया था। इस दुखद घड़ी में अनुराग ठाकुर ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान अनुराग ठाकुर ने परिवार से बातचीत करते हुए कहा कि किसी प्रियजन को खोना जीवन का अत्यंत पीड़ादायक क्षण होता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में पूरा भाजपा परिवार उनके साथ खड़ा है। उन्होंने दिवंगत आत्मा के समाज के प्रति योगदान और उनके सरल, स्नेही स्वभाव को भी याद किया।

## भोरंज उपमंडल में पुल निर्माण के चलते सड़क बंद होने पर ग्रामीणों का विरोध

अनंत ज्ञान, भोरंज

उपमंडल भोरंज के तहत डली से भरेड़ी होते हुए सरकाघाट जाने वाली मुख्य सड़क पर प्रस्तावित पुल निर्माण कार्य के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क अस्थायी रूप से बंद किए जाने पर बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों में रोष फूट पड़ा।

सड़क बंद होने से रोजमर्रा के कार्यों, कृषि गतिविधियों और छात्रों की आवाजाही में कठिनाई उत्पन्न हो गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने डली में विरोध प्रदर्शन किया और विभाग से निर्माण कार्य के बारे में स्पष्ट स्थिति एवं वैकल्पिक मार्ग की जानकारी मांगी। विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही भोरंज उपमंडल के लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता केके भारद्वाज मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुल निर्माण के चलते अस्थायी सड़क बनाई जा रही है ताकि आवागमन पर न्यूनतम प्रभाव पड़े। ग्रामीणों ने विभाग से यह मांग की कि या तो उन्हें हुए नुकसान का उचित



मुआवजा दिया जाए, या फिर यह लिखित प्रमाण दिया जाए कि अस्थायी सड़क के निर्माण के बावजूद उनकी जमीन का स्थायी रूप से उपयोग नहीं किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने आश्वासन दिया कि पुल निर्माण के बाद अस्थायी सड़क को बंद कर दिया जाएगा और भूमि का स्थायी रूप से उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके बाद परिवार ने काम की अनुमति दी। भोरंज लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता केके भारद्वाज ने कहा कि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा और लोगों को न्यूनतम असुविधा होगी। ग्रामीणों ने विभाग के आश्वासन के बावजूद निर्माण कार्य पर नजर बनाए रखने की बात कही।

## नादौन को स्मार्ट शहर बनाने में सहयोग करें

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नगर परिषद नादौन ने शुक्रवार को 'स्वच्छ शहर–समृद्ध शहर' विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में शहरवासियों को स्वच्छता, कूड़ा प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निपटान और ऑनलाइन बिल भुगतान की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने की। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भाग लें और नादौन को स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट शहर बनाने में सहयोग करें। इस दौरान 9 प्रमुख ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई, जैसे प्रॉपर्टी टैक्स, डोर–टू–डोर गार्बेज बिल भुगतान, ट्रेड लाइसेंस, पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन, विज्ञापन/होडिंग अनुमति, और शिकायत निवारण। कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा ने बताया कि बिना लाइसेंस तंबाकू बेचने वालों पर जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाएं कारीगर, शिल्पकार : अभिषेक गर्ग

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अधीन एमएसएमई–विकास कार्यालय सोलन ने शनिवार को यहां बचत भवन में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरुकता एवं ऑनबोर्डिंग कार्यक्रम आयोजित किया।

इसमें एडीसी अभिषेक गर्ग मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित विभिन्न ट्रेड के कारीगरों एवं शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ–साथ इसकी पंजीकरण प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा सरकारी लाभ के बारे में भी अवगत करवाया गया। प्रतिभागियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया समझाई गई। इसके अलावा वित्तीय सहायता, टूलकिट सपोर्ट एवं कौशल उन्नयन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग ने कारीगरों एवं शिल्पकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से कारीगर एवं शिल्पकारों को केवल वित्तीय मदद ही नहीं मिलती है, बल्कि वे इसके माध्यम से अपने कौशल का उन्नयन भी कर सकते हैं तथा आधुनिक तकनीक को भी अपना सकते हैं। एमएसएमई–विकास कार्यालय के अधिकारी अभिषेक कुमार राय ने भी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कारीगरों एवं शिल्पकारों को योजना के माध्यम से उपलब्ध लाभ एवं अवसरों से अवगत कराना था। इससे वे आधुनिक तकनीक, डिजिटल प्रणाली एवं आर्थिक प्रोत्साहन का लाभ उठाकर अपने उद्यम विकास को सशक्त बनाने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ठाकुर भगत नेगी, जिला अग्रणी प्रबंधक कार्यालय के अधिकारी अनिल कुमार, विभिन्न बैंक शाखाओं के अधिकारी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एमएसएमई–विकास कार्यालय की स्वाति और दिग्विजय ने किया।



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर ने लहरतारा वाराणसी में आयोजित राउंड स्क्वायर फोरम में की सार्थक सहभागिता।

## राउंड स्क्वेयर फोरम में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल की प्रभावशाली भागीदारी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर, हमीरपुर ने सनबीम स्कूल लहरतारा वाराणसी में आयोजित राउंड स्क्वेयर फोरम में प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस प्रतिष्ठित वैश्विक शैक्षिक मंच पर विद्यालय की प्रधानाचार्या इंजी. नैना लखनपाल और राउंड स्क्वेयर फोरम कोऑर्डिनेटर शालिनी सहोत्रा ने स्कूल का प्रतिनिधित्व किया तथा नेतृत्व, सेवा, अंतरराष्ट्रीय नागरिकता और वैश्विक सोच से जुड़े प्रेरणादायक सत्रों में भाग लिया। फोरम के दौरान मेजबान विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्थाएं, सौहार्दपूर्ण व्यवहार व स्वागतपूर्ण वातावरण ने सभी प्रतिभागियों को प्रभावित किया। सभी प्रतिनिधियों के बीच सार्थक बातचीत और सक्रिय सहभागिता ने इंटर–स्कूल घनिष्ठता, सहयोग और शैक्षिक उत्कृष्टता को नई मजबूती प्रदान की। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में प्रतिनिधियों ने काशी विश्वनाथ मंदिर का विशेष दौरा किया, जिससे उन्हें वाराणसी की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को नजदीक से जानने का अवसर मिला। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्या, इंजि. नैना लखनपाल ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच विद्यालयों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। ये संस्थानों को सीखने, साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं और छात्रों को आत्मविश्वासी, जागरूक और वैश्विक सोच रखने वाला शिक्षार्थी बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

## टी10 टेनिस बाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** 28 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 तक सुजानपुर, जिला हमीरपुर में आयोजित दूसरे जूनियर नेशनल एंड फेडरेशन कप ब्वॉयज और गर्ल्स टी10 टेनिस बाल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 28 राज्यों और यूनियन टेरिटरीज से 32 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें 6 लड़कियों की टीमें भी शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और अन्य राज्यों से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य अतिथि प्रवेश चंदेल, बीजेपी प्रदेश कार्य समिति सदस्य, ने खेल भावना को बढ़ावा देते हुए खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने और खेलों को जीवन का अहम हिस्सा बनाने का संदेश दिया। उन्होंने 31,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। इस आयोजन की सराहना करते हुए उन्होंने सांसद अनुराग ठाकुर के खेलों को बढ़ावा देने के प्रयासों की भी प्रशंसा की। यह प्रतियोगिता न केवल युवाओं को प्रेरित कर रही है, बल्कि सुजानपुर को राष्ट्रीय खेल केंद्र के रूप में पहचान दिला रही है।

## छात्रों को अनुशासन में रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उच्च विद्यालय भरठियाण में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य करण पठानिया ने उनका स्वागत किया। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें विशेष रूप से नशा मुक्ति पर आधारित नाटिका ने सभी को प्रभावित किया। डॉ. वर्मा ने अपने संबोधन में विद्यालय की प्रगति की सराहना की और हिमाचल प्रदेश में शिक्षा सुधारों, जैसे अंग्रेजी माध्यम और सीबीएसई ढांचे से जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने खेल सुविधाओं के विकास और छात्रों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जिनमें प्रकाश पटियाल, बांका राम शर्मा, प्यार चंद, और कैप्टन प्रकाश प्रमुख रहे।

## महर्षि दयानंद की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महर्षि दयानंद सरस्वती की 201वीं जयंती के अवसर पर हमीरपुर बाजार में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो स्वामी दयानंद चौक से आर्य समाज भवन तक चली। इस यात्रा में डीएवी स्कूल के छात्र, आर्य समाज के सदस्य और शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा में डीएवी के छात्रों ने नारे लगाए और आर्य समाज से प्रेरित झांकी प्रस्तुत की। आर्य समाज हमीरपुर द्वारा वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें सुबह के समय हवन यज्ञ और भजन-उपदेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन दिवसीय उत्सव में भजनोपदेशिका अंजली आर्य, आचार्य नारायण सिंह और वीर सिंह आर्य विशेष रूप से भाग लेंगे। 30 नवंबर को ऋषि लंगर का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर डीएवी प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

# सामान्य परिवारों के बच्चों के सपने को पूरा करेगी शिक्षा ऋण योजना : सुनील शर्मा बिट्टू

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों की बेहतरीन उच्च और व्यावसायिक शिक्षा में अब धन की कमी आड़े नहीं आएगी।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इन परिवारों के बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए डॉ. वाईएस परमार शिक्षा ऋण योजना आरंभ की है, जिसमें केवल एक प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण लिया जा सकता है। शुक्रवार को हाई स्कूल डुग्घा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ एक बड़ी जंग का ऐलान किया है। सभी नागरिक इसमें अपना सक्रिय योगदान प्रदान करें और अपने गांव, मुहल्ले एवं शहर को नशे से मुक्त बनाने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए औपचारिक शिक्षा



से भी ज्यादा जरूरी अच्छे संस्कार हैं। सभी शिक्षक और अभिभावक बच्चों की संस्कारयुक्त शिक्षा पर विशेष जोर दें। तभी वे अच्छे इन्सान और आदर्श नागरिक बनेंगे तथा परिवार, समाज और देश के लिए अच्छा योगदान दे सकेंगे।

सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि हाई स्कूल डुग्घा में चारदीवारी और शौचालय के निर्माण तथा सोलर लाइटें लगाने के लिए शीघ्र ही बजट का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों के लिए अपनी ओर से 5100 रुपए देने की घोषणा भी की। इससे पहले, मुख्यध्यापक ओम प्रकाश शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश आनंद, राकेश वर्मा, शशि मुहम्मद, स्वाहल स्कूल के मुख्याध्यापक संदीप डढवाल, सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक प्रदीप ठाकुर, अनु शर्मा, एसएमसी अध्यक्ष अंजू देवी, क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे।

## पेंशनर्स को सम्मानित करेगी एसोसिएशन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड एंपलाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की विशेष बैठक शुक्रवार को नादौन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास ने की। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जीवन के 80,85,90,95 वर्ष पूरा कर चुके एसोसिएशन के सदस्यों पेंशनर्स के सम्मान के लिए 5 जनवरी को नादौन में समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें उपरोक्त वर्ग के सभी सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव ठाकुर प्रकाश चंद ने बताया कि जिन सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा उन्हें निमंत्रण पत्र भेजकर सम्मान समारोह में आने का आग्रह किया गया है। जिन सदस्यों को किसी कारण निमंत्रण पत्र नहीं मिल पाएगा उनसे आग्रह है कि वे इस अवसर पर पहुंचकर समारोह की शान बढाएं। उन्होंने बताया कि बैठक में पीडी शर्मा, विजय चौधरी, यशपाल राणा, चंदू व सुरजीत सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## जल शक्ति विभाग की लापरवाही चरम पर : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग की लापरवाही और सरकार की अनदेखी के कारण जनता भीषण जल संकट से जूझ रही है। विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि कई गांवों में 5 से 7 दिन के लंबे अंतराल के बाद पानी की आपूर्ति हो रही है, और लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों को जलशक्ति विभाग के कर्मचारियों से डांट-फटकार और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से तत्काल स्थिति का संज्ञान लेकर पाइपों की आपूर्ति और विभाग में सुधार की मांग की, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी।

## वित्त विभाग की रिपोर्ट आई, पोस्टिंग देना शेष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रदेश के टीजीटी और प्रमोटी प्रवक्ता शिक्षकों के हेडमास्टर पद पर प्रमोशन के लिए 28 जुलाई 2025 को डीपीसी आयोजित की गई थी और 6 अगस्त को सरकार को पोस्टिंग आदेश का प्रस्ताव भेजा गया। 15 नवंबर को वित्तीय विवरण भी भेजा गया है, लेकिन पोस्टिंग आदेश अभी सरकार के स्तर पर विचाराधीन हैं। राजकीय टीजीटी कला संघ ने मांग की है कि प्रमोशन का वित्तीय बोझ सीमित है, इसलिए 30 नवंबर 2025 से पहले प्रमोशन सूची जारी की जाए। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने अन्य वर्गों को प्रमोशन का लाभ दिया है, जबकि शिक्षक पिछले दो वर्षों से इस प्रतीक्षा में हैं। इसके अलावा, टीजीटी से प्रवक्ता, जेबीटी और सी एंड वी से टीजीटी प्रमोशन भी लंबित हैं। संघ ने सरकार से शीघ्र निर्णय की उम्मीद जताई है। हाईकोर्ट में भी इस मामले में सुनवाई जारी है, जिसमें नए निर्देश दिए गए हैं कि अगर कोई कानूनी अड़चन नहीं है तो 29 नवंबर तक प्रमोशन दिया जाए।



# मंत्री नेगी के बयान पर बिफरा विपक्ष, वेल में नारेबाजी

## मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के हस्तक्षेप से शांत हुई स्थिति, फिर चली कार्यवाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, तपोवन ( धर्मशाला )**


शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन शुक्रवार को भी विधानसभा का माहौल गरम रहा। मंत्री जगत सिंह नेगी की आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पिणयों से नाराज विपक्ष वेल में पहुंच गया और जमकर नारेबाजी की। विपक्षी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की कि नेगी के बयान कार्यवाही से हटाए जाएं। तीखी नोकझोंक और अवरोध के बीच प्रश्नकाल जारी तो रहा, लेकिन भाजपा विधायकों ने सदन में मौजूद रहने के बावजूद प्रश्न नहीं पूछे।



उन्होंने मंत्री की टिप्पणियों को दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बताया। बढ़ते हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष को लगभग 10 मिनट के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद विपक्ष प्रश्नकाल में शामिल नहीं हुआ। दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के हस्तक्षेप के बाद स्थिति कुछ शांत हुई। अध्यक्ष ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से दिए गए आपत्तिजनक बयान रिकॉर्ड से हटाए जाएंगे। सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच चली तीखी तकरार के चलते प्रश्नकाल और शून्यकाल प्रभावित हुए। शीत सत्र के लगातार तीसरे दिन भी सदन की दोपहर तक की कार्यवाही गरमागरमी की भेंट चढ़ गई। इससे पहले देरी से सदन में पहुंचे नेता विपक्ष जयराम ठाकुर विधानसभा अध्यक्ष को संबोधित कर किसी विषय पर बोलने के लिए अनुमति मांगी।


अध्यक्ष ने कहा कि दो दिन से प्रश्नकाल नहीं चल रहा है। ऐसे में प्रश्नकाल चलने दिया जाए। तीन प्रश्न पूछे भी जा चुके हैं। इसके बावजूद विपक्षी सदस्य नहीं माने। विपक्ष की नारेबाजी और हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल चलता रहा। केवल सत्तापक्ष के विधायक प्रश्न पूछते रहे थे। 11:25 बजे विपक्ष के सदस्यों ने वेल में पहुंचकर नारेबाजी के साथ तालियां बजाकर आसन का घेराव किया। स्पीकर को 11:27 बजे सदन की कार्यवाही को 10 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। इस बीच स्पीकर ने कहा कि वह बीते दिन भी सदन की सहमति से यह व्यवस्था दे चुके हैं कि चाहे स्थगन प्रस्ताव मंजूर किया जाए तो उस स्थिति में भी प्रश्नकाल चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष बार-बार विपक्ष के सदस्यों को अपनी सीट पर बैठने के लिए कहते रहे, लेकिन विपक्ष नहीं माना। विपक्ष के सदस्य मंत्री नेगी के खिलाफ नारेबाजी करते रहे और मंत्री पर कार्रवाई करने की बात दोहराते रहे।

### सीएम बोले-व्यक्तिगत टिप्पिणियों से बचे विपक्ष



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि मंत्री जगत सिंह नेगी के खिलाफ विपक्ष की दुर्भावना बढ़ गई है। सभी सदस्यों को व्यक्तिगत टिप्पिणियों से परहेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के खिलाफ मामलों की जानकारी है, लेकिन ऐसे मामलों को सदन में नहीं उठाया जाता। पीएम मोदी द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपए के प्रदर्शन को कांग्रेस का अधिकार बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष का सदन में गतिरोध रोज का काम बन गया है। प्रश्नकाल के लिए विपक्ष के नेता देरी से आए और फिर बोलने की अनुमति मांगी, जिससे कार्यवाही बाधित हुई। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदर्शन को केवल मुख्यमंत्री या मंत्री ही नेतृत्व करेंगे और कांग्रेस तिरंगे का पूरा सम्मान करती है।

### राजस्व मंत्री व्यवस्था को कर रहे तहस-नहस: जयराम



**नेता** विपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी से सरकार की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के कारण पूरी सरकार कटघरे में खड़ी हो गई है और मुख्यमंत्री को उन्हें नियंत्रित करना चाहिए। जयराम ने मंत्री की आरएसएस पर बिना तथ्यों की बयानबाजी की निंदा की और कहा कि यह आपत्तिजनक बयान रिकॉर्ड से हटाए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि वीरवार को नियम 67 के तहत मंत्री ने गलत टिप्पणियां कीं, महात्मा गांधी की हत्या को लेकर भी विवादित बयान दिए। शुक्रवार को भी सदन की कार्यवाही बाधित होने के लिए मंत्री जिम्मेदार हैं। जयराम ने कहा कि आरएसएस का देश और समाज के विकास में बड़ा योगदान रहा है और मंत्री को सदन में माफी मांगनी चाहिए।

### हम आरएसएस के स्वयंसेवक देशभक्ति सिखाती है शाखा: परमार



**भाजपा** विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि आरएसएस सदन में प्रत्यक्ष तौर पर मौजूद नहीं है। हम सदन के अंदर और बाहर संघ के स्वयंसेवक हैं। मंत्री नेगी की ओर से आरएसएस पर की गईं टिप्पणियां दुखद हैं। आरएसएस देश शक्ति सिखाती है। सनसनी बातें करना ठीक नहीं है। परमार ने कहा कि आरएसएस हमेशा देश के विभाजन के खिलाफ रहा। मुस्लिम लीग, कांग्रेस और ब्रिटिश सरकार के चलते भारत का विभाजन हुआ। मंत्री नेगी की ओर से संघ को फासिस्ट कहना गलत है। देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से लेकर अधिकांश राज्यों में मुख्यमंत्री और राज्यपाल स्वयंसेवक ही हैं।


### आप हमारी तारीफ तो नहीं करते हम कैसे करें : हर्षवर्धन चौहान



**संसदीय** कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि भाजपा के नेता हमारे दल की तारीफ तो नहीं करते फिर हम कैसे करें। मंत्री नेगी ने किसी भी व्यक्ति विशेष पर टिप्पणी नहीं की है। दोनों पक्षों की ओर से कुछ गलत बयान दिए गए हैं, जिन्हें रिकॉर्ड से हटाना चाहिए। नेता विपक्ष जयराम ठाकुर को बयानबाजी को निजी तौर पर नहीं लेना चाहिए। भाजपा के विधायक तो घरों की लड़ाइयों को सदन में उठाते हैं। अगर हम एक-दूसरे पर आरोप लगाएंगे तो वह दुखद होगा। विधायक सतपाल सिंह सत्ती के कई आपत्तिजनक बयान दिए हैं। उन्हें भी हटाना चाहिए।

### रिकॉर्ड से हटाए जाएंगे मुद्दों से हटकर चर्चा के दौरान दिए सभी बयान: विस अध्यक्ष

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने व्यवस्था देते हुए कहा कि मुद्दों से हटकर चर्चा के दौरान दिए सभी बयान रिकॉर्ड से हटाए जाएंगे। जब चर्चा में विपक्ष मौजूद ही नहीं रहता तो बयान कटवाने को कौन आवाज उठाएगा। वीरवार को भी ऐसा ही हुआ। ऐसी स्थिति में किसी को भी बोलने से नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि मैं बीते दो दिन से आग्रह कर रहा हूं कि विषय से बाहर कोई न जाए लेकिन दोनों पक्षों के सदस्य चर्चा से भटके। भाजपा और कांग्रेस के प्रदर्शन पर अध्यक्ष ने कहा कि अब दोनों दलों को विधानसभा परिसर में प्रदर्शन करने के लिए पहले मंजूरी लेना अनिवार्य होगा। शुक्रवार को हुए प्रदर्शन का किसी भी दल ने विधानसभा सचिवालय को नोटिस नहीं दिया। भविष्य में नोटिस देने के बाद ही प्रदर्शन की मंजूरी मिलेगी। कानून व्यवस्था न बिगड़े, इसके लिए दोनों दलों को प्रदर्शन के लिए अलग-अलग समय और स्थान दिए जाएंगे।



## प्रश्नकाल में विधायकों ने रखे अहम प्रश्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन शुक्रवार को विधायकों ने सदन में अहम सवाल उठाए। हालांकि, सदन में प्रश्नकाल के दौरान दूसरे दिन भी गतिरोध जारी रहा, जिसमें विपक्ष की ओर से राजस्व मंत्री के संदर्भ में लगातार नारेबाजी की गई, बावजूद इसके प्रश्नकाल सत्तापक्ष के विधायकों के सवालों व मौखिक जवाब के साथ लिखित में भी जारी किया गया।

### हिमाचल में 3 वर्षों में 1011 रेप मामले, 248 हत्याएं

हिमाचल प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान 1011 बलात्कार के मामले पुलिस विभाग में रिपोर्ट होकर सामने आए हैं। साथ ही राज्य में तीन वर्षों में 248 हत्याएं भी हुई है। विधानसभा के सदन में बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी की ओर से पूछे गए सवाल के जबाव में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने उक्त जानकारी रखी है। उन्होंने बताया कि तीन वर्षों में आत्महत्या के भी 203 मामले सामने आए हैं, उक्त तीनों ही गंभीर अपराधों के कुल 1462 मामले देवभूमि में हुए हैं। सीएम सुक्खु ने बताया कि 1313 मामलों में छानबीन पूरी कर ली गई है, जबकि 149 केसों में जांच पड़ताल जारी है। उक्त 149 मामलों में से 148 की जांच राज्य पुलिस की ओर से की जा रही है, जबकि एक केस में सीबीआई की ओर से पड़ताल की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सीबीआई को किरण नेगी पत्नी विमल नेगी निवासी किन्नौर की शिकायत के आधार पर दर्ज मामले की सीबीआई की ओर से जांच की जा रही है। जिसमें विमल नेगी का संदिग्ध अवस्था में शव भाखड़ा बांध में 18 मार्च को मिला था। हिमाचल हाई कोर्ट के निर्देशों के तहत उक्त मामले में अब सीबीआई जांच कर रही है।





### 4112 प्राकृतिक आपदा पर मुआवजा, 356 लंबित

**सदन** में पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी के पूछे गए सवाल के जबाव में राजस्व मंत्री जगत सिंह ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं से राज्य भर में कुल 4468 मौतें हुए हुई हैं। जिसमें चार हजार 112 परिवारों को आपदा राहत राशि प्रदान कर दी गई है, जबकि 356 मामले लंबित चल रहे हैं। राजस्व मंत्री ने बताया कि कुछेक औपचारिक्ताओं के चलते उक्त मामले लंबित चल रहे हैं, जिनका निपटारा किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### एंटी हेल नेट को 3829.67 की राशि आंबटित

**आनी** के विधायक लोकेंद्र कुमार की ओर से पूछे गए सवाल के जबाव में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी जानकारी रखी है कि पिछले तीन वर्षों में राज्य भर के छह हजार 58 बागबानों को एंटी हेल नेट की सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें 5542.77 लाख की राशि स्वीकृत की गई है, इसमें 3829.67 लाख की राशि आंबटित की जा चुकी है।

### 3 वर्षों में एक अरब 20 करोड़ चिकित्सा बिलों की अदायगी

**सदन** में ऊना के विधायक सत्तपाल सत्ती के उठाए गए प्रश्न का जबाव देते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर में सदन में जानकारी रखी कि पिछले तीन वर्षो में एक अरब 20 करोड़ 20 लाख 21 हजार रुपए के शिक्षा विभाग के कार्यरत व सेवानिवृत कर्मियों के बिलों की अदायगी की गई है। उन्होंने पिछले तीन वर्षों के सस्मत रिकार्ड के सदन के पटल पर रखा है।

### इंदौरा के 34 क्रशरों से पौने आठ करोड़ कमाई

**सदन** में इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन के सवाल का जबाव देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि इंदौरा क्षेत्र में ही 41 क्रशर है, जिसमें 34 स्टोन क्रशर मौजूदा समय में कार्यरत है। इसके तहत राज्य सरकार को पिछले तीन वर्षों में सात करोड़ 80 लाख से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। उद्योग मंत्री ने कहा कि हिमाचल व पंजाब की सीमाओं को लेकर भी विवाद है। इसी क्षेत्र में पंजाब के लोगों के भी क्रशर चल रहे हैं, जिसमें कई बार वह हिमाचल के क्षेत्र में भी माईनिगं कर रहे हैं। इसके बारे में पंजाब सरकार को उचित कार्रवाई करने के लिए लिखा गया है। मंत्री ने बताया कि इस क्षेत्र में रॉयल्टी की राशि बढ़ाए जाने को लेकर भी सरकार अब कार्य कर रही है।

### मुफ्त किताबों की छपाई के शिक्षा बोर्ड के 56 करोड़ पेंडिंग





**प्रदेश** के स्कूलों में वितरित की जाने वाली मुफ्त किताबों के लिए शिक्षा बोर्ड की राशि को लेकर बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने सवाल उठाया है। जिस पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जानकारी रखते हुए बताया कि पिछले तीन वर्षों में निशुल्क किताबों का शिक्षा बोर्ड की छपवाई की राशि एक अरब 54 करोड़ 41 लाख से अधिक थी। जिसमें पिछले तीन वर्षों के दौरान शिक्षा विभाग की ओर से 98 करोड़ 67 लाख 45 हजार से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है, जबकि अब भी 55 करोड़ 73 लाख 58 हजार से अधिक की राशि का भुगतान किया जाना लंबित है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि बजट के प्रावधान होने पर नियमों के तहत लंबित भुगतान को किया जाएगा।

## प्रश्नकाल के बाद नेता प्रतिपक्ष के साथ सदन में पहुंचे विपक्षी विधायक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर प्रश्नकाल के बाद सभी विपक्ष के विधायकों के साथ सदन में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों को लेकर लाए गए स्थगन प्रस्ताव में चर्चा के दौरान राजस्व मंत्री की ओर से विषय से हटकर अपनी बात कही गई।

**राजस्व मंत्री द्वारा स्थगन प्रस्ताव पर विषय से हटकर कही अपनी बात: जयराम**

पूर्व सीएम ने कहा राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक आरएसएस के लिए अपशब्द कहे हैं, उसे लेकर उन्होंने कड़ा विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे शब्दों को रिकॉर्ड में नहीं होना चाहिए। जिस राज्य का उदाहरण दिया गया है, वहां झूठे मामले भी दर्ज किए जाते हैं। ऐसे में किस आधार पर विवादित विषय को रिकॉर्ड का हिस्सा बनाने की कोशिश की। एक मंत्री सभी व्यवस्था को तहस-नहस कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राजस्व मंत्री की ओर से की गई बातों को रिकॉर्ड से हटाया जाए, साथ ही उन्होंने मंत्री से माफी मांगने की भी बात कही। जयराम ने कहा कि पूर्व कर्मियों के पक्ष में धरना दिया, तो सत्तापक्ष के विधायक राजस्व मंत्री की अध्यक्षता में उसी स्थान में पहुंच गए, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है। विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि हम राजस्व मंत्री की ओर से कही गई बातों की घोर निंदा करते हैं। उन्होंने भी रिकार्ड से विषय से हटकर कहे शब्दों को हटाने की मांग करते हुए व माफी मांगने की बात रखी है।

संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि दोनों तरफ से विषय के अलावा बातें की गई हैं। उन्होंने कहा कि दोनों एक-दूसरे के संगठन पर बातें करते हैं।

### बतौर विधायक पहली बार देखी कोरम पूरा न होने की स्थिति : सुधीर शर्मा



**धर्मशाला** के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि जब से मैं विधायक बना हूं तब से मैंने पहली बार देखा है कि सत्ता पक्ष कोरम पूरा नहीं कर पाया। इसका मतलब यह है कि जो हालात हम देख रहे हैं, कोई भी आम व्यक्ति सरकार से मिलने नहीं आ रहा है, कहीं यह उदासीनता कांग्रेस के विधायकों में भी तो नहीं आ गई है वे अंदर भी नहीं बैठना चाहते, जिस तरह का माहौल, शायद उसी के चलते कोरम पूरा नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि इससे गंभीर परिस्थिति आज दिन तक प्रदेश में नहीं हुई है, यदि यह फायनांसियल बिल होता और कोरम पूरा न होता तो सरकार गिर जाती। उन्होंने कहा कि यह संजीदगी है सत्ता पक्ष के विधायकों की कि उन्हें अंदर बैठना ही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि डिजास्टर एक्ट के नाम पर कांग्रेस सरकार अघोषित इमरजेंसी लगा रही है, न पंचायत चुनाव और न ही शहरी निकाय के चुनाव होने दे रही है।

### विधानसभा की झलकियां



शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन सदन के अंदर विधान सभा की कार्यवाही का संचालन करते विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।



सदन से समय निकालकर कांगड़ा के तंगरोटी गांव के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।



शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन विधान सभा सचिवालय पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का स्वागत करते हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा। इस अवसर उनके साथ मौजूद हैं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा तथा विवेक शर्मा (विक्कू)।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शुक्रवार को तपोवन धर्मशाला में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के जर्नलिज्म डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स से बातचीत करते हुए।

## मुद्दे से ध्यान भटकाने को राजस्व मंत्री ने लगाए संघ पर आधारहीन आरोप : रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि हिमाचल में पंचायती राज और शहरी निकाय चुनाव टालने की कांग्रेस सरकार की मंशा अब साफ हो चुकी है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने नियम-67 के तहत इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा की मांग की थी और दो दिन तक विषय पर बहस भी हुई, लेकिन सरकार चुनाव टालने के अलावा कोई ठोस तर्क पेश नहीं कर सकी।



तपोवन विधानसभा परिसर में प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि चर्चा का विषय चुनाव था, पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने मुद्दे से भटकते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर अमर्यादित और तथ्यहीन टिप्पणियां कीं, जो लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आपदा और डिजास्टर एक्ट का बहाना बनाकर चुनाव टालना चाहती है, जबकि असली कारण सरकार की आंतरिक खींचतान और मंत्री पर बढ़ता दबाव है।

उन्होंने कहा कि 1925 से राष्ट्र निर्माण में जुटे संघ पर आरोप कांग्रेस की हताशा और संघ के बढ़ते प्रभाव के डर को दर्शाते हैं। संघ के शताब्दी वर्ष में उसके आयोजनों में उमड़ रही भीड़ ने कांग्रेस की बेचैनी बढ़ा दी है। शर्मा ने मांग की कि सरकार चुनाव आयोग पर दबाव डालना बंद करे, चुनाव समय पर करवाए जाएं और मंत्री नेगी अपने आधारहीन बयानों के लिए सदन व प्रदेश से माफी मांगें।

### न विधानसभा के अंदर कोरम पूरा न ही बाहर चहलकदमी : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि न कोरम विधानसभा में पूरा हो रहा है और बाहर भी चहलकदमी नहीं है। न फरियादी हैं और न ही लोग हैं, लोगों ने कांग्रेस सरकार से दूरियां बना ली हैं, लोग परिवर्तन के मूड में हैं। आरएसएस पर राजस्व मंत्री द्वारा की गई टिप्पणी पर परमार ने कहा कि इससे देश को बहुत आघात पहुंचा है, इसको लेकर भाजपा सहित लोगों में रोष है, क्योंकि आरएसएस देश को तोडने् नहीं, बल्कि जोडने् का काम करती है। राजस्व मंत्री निराधार बातें करते हैं, जबकि आरएसएस अखंड भारत की बात करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की मानसिकता ही ऐसी है वे एक विचार से नहीं, एक परिवार से जुड़े हुए हैं, उससे बाहर वे कभी निकल ही नहीं पाते, इस बात का भाजपा ने विधानसभा के अंदर और बाहर विरोध कर, इसे विधानसभा की कार्यवाही से हटाने की मांग की है।

**दर्जा** हर्षवर्धन चौहान बोले- प्रथम स्वंत्रता सेनानी बनाए जाने के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव

# वजीर राम सिंह पठानिया को अग्रणी स्वंतत्रता सेनानी बनाने का संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धर्मशाला के तपोवन विधानसभा के शीतकालीन सत्र में गैर-सरकारी सदस्य कार्य में शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया व फतेहपुर के विधायक भवानी पठानिया ने वजीर राम सिंह पठानिया को स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर शामिल करने को संकल्प रखा। जिसमें उन्होंने राम सिंह पठानिया को केंद्र द्वारा को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दिए जाने की बात रखी।

साथ ही उन्होंने भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से भी जल्द सुधार कर स्वतंत्रता सेनानियों की सूची में उनका नाम डालने की बात रखी। केबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि उन्हें प्रथम स्वंत्रता सेनानी बनाए जाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ उनके योगदान, रिकॉर्ड व इतिहास में शामिल नहीं रहे है। हालांकि कुछ रिकॉर्ड में उनके महत्वपूर्ण योगदान की जानकारी मिली है। राम सिंह पठानिया को प्रथम स्वतंत्रता सेनानी को केंद्र सरकार में भेजा जाएगा।

### वजीर राम सिंह पठानिया ने 24 साल की उम्र में दिया बलिदान : भवानी



**फतेहपुर** के विधायक भवानी पठानिया ने सदन में संकल्प रखते हुए कहा कि वीर राम सिंह पठानिया ऐसी शख्सियत थी, जिन्होंने 24 वर्ष की आयु में देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि आज जिस खुली हवा में सांस ले रहे हैं, उसके पीछे के नाम युवाओं तक पहुंचाना जरूरी है। ऐसे में इनकी वीर गाथाएं युवाओं तक पहुंचाई जाए। उन्होंने देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले स्वन्त्रता सेनानियों को याद किया।

### ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ वजीर राम सिंह पठानिया ने जलाई विद्रोह की चिंगारी : पठानिया

**शाहपुर** के विधायक केवल सिंह पठानिया ने संकल्प पर बात करते हुए कहा कि वीर राम सिंह पठानिया का जन्म वीरभूमि हिमाचल प्रदेश में 10 अप्रैल 1824 में हुआ था । वीर राम सिंह पठानिया 1846 में कांग्रेस-सिक्ख संधि के बाद अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ किसी ने आवाज उठाई, तो उन्होंने सबसे पहले विद्रोह की चिंगारी जलाई थी। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हर मैदान पर बड़ी दीवार बनकर खड़े हो गए, और भारत की आजादी का झंडा सबसे पहले उन्होंने उठाया। वह जब मंदिर में पूजा कर रहे थे, तो अंग्रेजों की सेना ने उन्हें धोखे से बंदी बना लिया। बलिदानी वीर राम सिंह पठानिया को काले पानी की सजा दी गई थी। पहले हिंदुस्तानी थे, जिन्हें लंदन पहुंचाया गया, वहीं से उन्हें पहली बार काले पानी की सजा सुनाई गई। उन्होंने भाषा एवं संस्कृति विभाग उनके नाम को स्वतंत्रता सेनानी की सूची में नाम शामिल किया जाए। साथ ही उनके नाम को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दिए जाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाए।



### नियमों में ढील देकर फ्रीडम फाइटर को देने होंगे उनके अधिकार : संजय



**ज्वालामुखी** विधायक संजय रत्न ने कहा कि उनके पिता-माता व नानी भी स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं। उन्होंने देश की आजादी के लिए कुर्बानियां दी हैं, जबकि अंग्रेजी हुकूमत से देश को आजादी दिलाने के लिए कड़े प्रयास किए हैं। जिसमें उनके पिता ने बताया था कि अंग्रेजों से बचने के लिए जंगल मे रहकर पत्ते खाकर भी समय बिताया है। जीएडी की ओर से स्वतंत्रता सेनानी बनाने के लिए दो साथियों से सर्टिफिकेट लिया जाता है, कि जेल में रहे थे या अन्य कुर्बानी दी, लेकिन कुछ के रिकॉर्ड नहीं मिल पाए थे, उन्हें स्वन्त्रता सेनानी का दर्जा ही नहीं मिल पा रहा है। संजय रत्न ने कहा इसमें नियमों में ढील देकर फ्रीडम फाइटर को उनके अधिकार प्रदान करने होंगे। उन्होंने फ्रीडम फाइटर के बोर्ड के गठन व धर्मशाला के दाड़ी में बन रहे स्मारक को लेकर भी कार्य करना चाइए।

### पूजा करते हुए वजीर राम सिंह को बनाया था बंदी : रणवीर

**नूरपुर** के विधायक रणवीर सिंह निक्का को प्रथम स्वंतत्रता सेनानी का दर्जा प्रदान किये जाने की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उनकी लड़ाई ने देश में आजादी की पहली लौ जलाई थी। निक्का ने कहा कि आज भी उनके युद्ध के लोहे के वस्त्र नूरपुर में है, जिन्हें शत-शत नमन करते हैं। उन्होंने कहा मंदिर में पूजा करते हुए बन्दी बनाया गया था। उन्हें जल्द से जल्द प्रथम स्वन्त्रता सेनानी घोषित करना चाहिए।

### अंग्रेजों के खिलाफ किए थे पांच युद्ध : डा. जनक

**भरमौर** के विधायक डॉ जनक राज ने संकल्प पर बोलते हुए कहा कि वजीर राम सिंह पठानिया ने अंग्रेजों के खिलाफ पांच सफल युद्ध किए थे, जिसमें हिमाचल के कई हिस्सों को आजाद करवाया था। उन्होंने कहा कि हिमाचल वीरभूमि रहा है और प्रथम परमवीर चक्र भी राज्य के सोमनाथ शर्मा के नाम पर है। अब अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी बनाये जाने को काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि फ्रीडम फाइटर स्मारक के निर्माण के लिए सरकार को जल्द बजट जारी करें।

## न्यूज ब्रीफ

### 5 वर्ष की स्थायी नीति लागू करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश जल शक्ति पैरा कर्मचारी संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु को ज्ञापन सौंपकर सभी पैरा वर्करों के लिए 5 वर्ष की स्थायी नीति लागू करने की मांग उठाई। मोर्चा ने बताया कि 2017 से पंप ऑपरेटर, फिट्टर तथा 2020 से मल्टी-पर्पस वर्कर सेवा दे रहे हैं, लेकिन एमपीडब्ल्यू के लिए अब तक कोई नीति नहीं बनी। प्रतिनिधियों ने कहा कि महामारी और आपदाओं में जोखिम उठाकर काम करने वाले पैरा वर्करों के योगदान का सम्मान करते हुए उन्हें स्थायित्व प्रदान किया जाना आवश्यक है।

### नाबार्ड कार्यशाला से कृषि उद्यमिता को नई दिशा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पालमपुर में नाबार्ड कांगड़ा ने कृषि स्नातकों और ग्रामीण युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए एग्री-क्लीनिक्स एवं एग्री-बिजनेस सेंटर्स (एसीएबीसी) योजना पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि हिमाचल में अब तक 431 युवा प्रशिक्षित हो चुके हैं और 112 सफल कृषि उद्यम स्थापित किए गए हैं, जो प्रदेश में उभरती कृषि-स्टार्टअप संस्कृति का संकेत है। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक हिमांशु साहू ने कहा कि एसीएबीसी योजना नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है। उन्होंने बैंकों से कृषि-उद्यमियों के ऋण मामलों में त्वरित कार्रवाई करने की अपील भी की।

### शाहपुर में उद्यमिता सैंसिटाइजेशन कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** आईटीआई शाहपुर में भारत सरकार की माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइज़ेज मंत्रालय की आरएएमपी स्कीम के तहत उद्यमिता पर सैंसिटाइजेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि यह पहल हिमाचल प्रदेश इंडस्ट्रीज विभाग, एमएसएमई मंत्रालय, एचपीसीबीडी शिमला और आरसीबीडी चंडीगढ़ के सहयोग से चलाई जा रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को नवाचार, तकनीकी प्रशिक्षण और बिजनेस डेवलपमेंट सपोर्ट प्रदान कर उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करना है। अधिकारियों ने बताया कि जिले में दो इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं, जो आइडिया डेवलपमेंट और प्रोटोटाइप निर्माण में सहायता करेंगे। कार्यक्रम में संस्थान के प्रशिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे।

### धारकंडी की वादियों को अंतरराष्ट्रीय पहचान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** धारकंडी की शांत वादियों में आयोजित 16वीं आईटीएचसी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ने पहली बार इस क्षेत्र को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई। पारंपरिक हिमाचली मेजबानी, लोक-संस्कृति, मक्की की रोटी-सरसों का साग और ढोलकी की थाप पर प्रस्तुत लोक-नृत्य ने विदेशी मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्कृष्ट समन्वय और आयोजन की सफलता के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के हेड एवं डीन प्रो. (डॉ.) सुमन शर्मा ने तरसेम जरयाल को शॉल, हिमाचली टोपी और स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया। तरसेम ने इस सम्मान को पूरे धारकंडी और बोह सल्ली घाटी का गौरव बताया तथा विश्वविद्यालय प्रशासन और स्थानीय टीम का आभार व्यक्त किया।

### केंद्र से दिलाएं आपदा राहतः वीरेंद्र कटोच

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव वीरेंद्र कटोच ने भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की कार्यप्रणाली पर टिप्पणी करने के बजाय भाजपा को केंद्र सरकार से घोषित आपदा राहत राशि तुरंत रिलीज करवानी चाहिए। कटोच ने कहा कि पिछले दो वर्षों में भारी प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद प्रदेश सरकार ने सूझबूझ से आर्थिकी को संभाला है, लेकिन भाजपा नेता सदन के भीतर और बाहर मुख्यमंत्री पर अनावश्यक टिप्पणी करते रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के उस बयान पर भी कड़ा ऐतराज जताया जिसमें उन्होंने भाजपा सरकार बनने पर पहली बैठक में ही कर्मचारियों की ओपीएस की समीक्षा की बात कही है।

### एयरो-स्पोर्ट्स गतिविधियों पर कड़ा नियंत्रण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शिल्पी बेक्टा ने बताया कि 5 दिसंबर तक होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान वीवीआईपी, अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए धर्मशाला उपमंडल में सभी एयरो-स्पोर्ट्स और हवाई गतिविधियों पर कड़ा नियंत्रण रहेगा। बढ़ती आवाजाही के चलते अनधिकृत या संदिग्ध हवाई गतिविधियों को रोकना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला कांगड़ा के अन्य क्षेत्रों में पूर्ण प्रतिबंध नहीं है, लेकिन धर्मशाला में सुरक्षा कारणों से कड़ी निगरानी और आवश्यकतानुसार निवारक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### नई श्रम संहिताओं से कामकाजी वर्ग को सुरक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो शिमला ने राजकीय आईटीआई समरहिल में प्रशिक्षुओं के बीच हाल ही में लागू की गई चार नई श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। शुभारंभ प्राचार्य इंजीनियर कार्तिक ठाकुर और हिमाचल विश्वविद्यालय की विधि संकाय की प्रोफेसर डॉ. संयोगिता ठाकुर ने दीप प्रज्वलन से किया। मुख्य वक्ता डॉ. संयोगिता ठाकुर ने कहा कि वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य शर्त संहिता 2020 ने कामकाजी वर्ग की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा को नई मजबूती दी है। उन्होंने बताया कि इन सुधारों से महिलाओं को समान वेतन, बेहतर अवसर और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित हुआ है।

### प्रशासन ने सहयोग व अनुशासन की अपील की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल के गांव झड़ग में चार से छह दिसंबर तक आयोजित होने वाले शांत महायज्ञ को लेकर प्रशासन ने श्रद्धालुओं और स्थानीय जनता से सहयोग की अपील की है। उपमंडल दंडाधिकारी जुब्बल गुरमीत नेगी ने कहा कि लगभग 54 वर्षों बाद आयोजित हो रहा यह महापर्व क्षेत्र की आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा ऐसे वाहनों को मौके पर सीज भी किया जा सकता है। किसी भी प्रकार के हथियार, धारदार वस्तुएं या खतरनाक सामान लाने की पूर्ण मनाही रहेगी। पुलिस और प्रशासनिक टीमें चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेंगी और किसी भी तरह की अव्यवस्था, विवाद या हुड़दंग पर तुरंत कड़ी कार्रवाई होगी। प्रशासन ने यह भी कहा कि श्रद्धालु शांति, अनुशासन और सद्भाव का दामन थामे रखें ताकि यह आध्यात्मिक आयोजन बिना किसी व्यवधान के सम्पन्न हो सके। भीड़ प्रबंधन, पार्किंग और यातायात से जुड़े सभी निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा तथा पुलिस द्वारा निर्धारित मार्गों, बैरियरों और पार्किंग स्थलों का सम्मानपूर्ण अनुपालन करें।

### ईशा खोजन का किन्नौर परिधान पर शोध पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की छात्रा ईशा खोजन का शोध पत्र 28 नवंबर को आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'एड़ियों के नीचे की कहानियां' में प्रस्तुत किया गया। यह आयोजन पलीच इंडिया फाउंडेशन और फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट संस्थान हैदराबाद के संयुक्त प्रयास से हुआ। ईशा की सेमेस्टर परीक्षा होने के कारण उनका शोध उनके सहपाठी मानव ने पढ़ा। यह अध्ययन किन्नौर जिले की पारंपरिक पग-परिधानों पर केंद्रित है, जिसमें स्थानीय कपड़ों, बुनाई की शैली और उनसे तैयार होने वाली विविध पनही का गहन विवरण शामिल है। यह शोध डॉ. अंजलि वर्मा के निर्देशन में तैयार किया गया, जो वर्तमान में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में प्राध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं।

### एसएसबी ने मनाया 20वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सशस्त्र सीमा बल दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र कुसुम्पटी ने शुक्रवार को अपना 20वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर राजीव रंजन, कमांडेंट (चिकित्सा), विशिष्ट अतिथि कुसुम्पटी वार्ड की पार्षद रचना जीना शर्मा और कर्नल डॉ. महेश कुमार, सीएमओ आईजीएमसी शिमला ने दीप प्रज्वलन और एसएसबी गीत के साथ किया। सहायक कमांडेंट (संचार) प्रमोद कुमार ने संस्थान के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह केंद्र वर्ष 1965 में नौगांव (मध्यप्रदेश) में स्थापित हुआ, वर्ष 1977 में फरीदाबाद स्थानांतरित किया गया और 28 नवंबर 2005 को कुसुम्पटी शिमला में पुनः स्थापित किया गया। वर्ष 2005 से अब तक यहां 207 कोर्स संचालित हुए और 5665 प्रशिक्षु विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त कर राष्ट्र सेवा में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं। स्थापना दिवस पर बच्चों और प्रशिक्षुओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। रस्साकशी, वॉलीबॉल, डांस, जलेबी दौड़ और चम्मच दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया, जबकि संचालित सदस्यों द्वारा बने पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण रही। केंद्र के कमान अधिकारी उप कमांडेंट (संचार) अजय शर्मा ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को मोमेंटो और शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन डॉक्टर राजीव रंजन द्वारा किया गया।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : सीएम

## मुख्यमंत्री ने धर्मशाला में पशुपालन विभाग के नए कार्यालय भवन का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




धर्मशाला में पशुपालन विभाग के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने धर्मशाला में पशु पालन विभाग के उप-निदेशक कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन किया। यह भवन 3.21 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया गया है जिससे कांगड़ा जिला के पशुपालकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले अढ़ाई वर्ष में दूध के मूल्य में 21 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा दूध पर परिवहन अनुदान 1.50 रुपए से बढ़ाकर 3 रुपये प्रति लीटर किया गया है। 2 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित खरीद केन्द्रों तक दूध पहुंचाने के लिए किसानों को 2 रुपए प्रति लीटर की दर से अनुदान दिया जा रहा है। सरकार के इन प्रयासों से पशुपालक लाभान्वित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला के ढगवार में 1.50 लाख लीटर का दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। शिमला जिला के दत्तनगर स्थित दूध प्रसंस्करण संयंत्र की क्षमता में भी वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप मिल्कफेड अब राज्य में हर दिन 3 लाख लीटर दूध की खरीद कर रहा है जबकि पूर्व सरकार के समय केवल 90,000 लीटर दूध की खरीद की जाती थी। इस अवसर पर कृषि मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार, विधायक सुरेश कुमार, हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर, कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी और रामचंद्र पठानिया, सचिव पशुपालन रितेश चौहान, संजीव कुमार धीमान, उपायुक्त हेमराज बैरवा, मयंक चौधरी सहित गणमान्य उपस्थित थे।

### सीएम से मिले मल्टी टास्क वर्कर्स, समस्याओं के समाधान की मांग

**धर्मशाला** में हिमाचल प्रदेश पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर संगठन ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी लंबित मांगों का विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों को पांचवें वर्ष कॉन्ट्रैक्ट और सातवें वर्ष नियमित करने की नीति, पेंशन सुविधा, अवकाशों में वेतन कटौती समाप्त करने सहित कई मुद्दों को उठाया। संगठन ने विधवा पेंशन, आईआरडीपी, निःशुल्क बस यात्रा जैसी सुविधाएं बहाल करने की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# अग्निवीर सन्नी कुमार को राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई



**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** जिला कांगड़ा के मटौर में बाईक हादसे में मृतक अग्निवीर सन्नी कुमार का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इससे पहले सन्नी कुमार की तिरंगे में लिपटी पार्थिव देह जब उनके गांव चनणी में पहुंची तो हर आंख नम हो गई। हर कोई इस नौजवान की अकस्मात मौत पर अचरज कर रहा था।

गौरतलब है कि सन्नी कुमार सपुत्र चैन सिंह लगभग दो वर्ष पूर्व ही भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती हुआ था 22 नवंबर को छुट्टी पर घर आया हुआ था। वीरवार को अपनी बाइक की सर्विस करवाने के लिए कांगड़ा की ओर चला, लेकिन मटौर में भीषण हादसे में अपनी जान गंवा बैठा। सन्नी का अंतिम संस्कार चनणी गांव के श्मशानघाट पर किया गया।

इस अवसर पर कोटला लीग के पूर्व सेवानिवृत्त कैप्टन चुन्नीलाल, प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह, अश्विनी राणा, सूबेदार रवि कुमार, नगीन चंद, हवलदार गगन सिंह सहित एलआईए के 18 जवान, पांच जेसीओ, 100 फील्ड रेजिडेंट के दो जेसीओ और एक ओआर मौजूद रहे।

# अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में खेल कुंभ 2025 का शुभारंभ




**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में खेल भावना, जोश और उत्साह से भरा खेल कुंभ 2025 का शुभारंभ बड़े ही गरिमामयी ढंग से किया गया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या रविंदा कुमारी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा आकर्षक मार्च-पास्ट की सलामी ग्रहण कर इस द्विदिवसीय खेल महोत्सव की शुरुआत की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर खेल गतिविधियों से सराबोर रहा। छात्रों ने बड़े उत्साह से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिनमें मुख्यतः 50 मीटर,100 मीटर और 200 मीटर दौड़, कबड्डी, वॉलीबांल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन तथा अन्य कई प्रतिस्पर्धात्मक खेलों का आयोजन किया गया। उप प्रधानाचार्या रविंदा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खेलकूद का यह आयोजन दो दिनों तक चलेगा तथा इसका समापन 29 नवंबर को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में शारीरिक क्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व को भी विकसित करते हैं। समापन समारोह में विद्यालय के प्रबंध-निदेशक श्री पारस अवस्थी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और विजेताओं को सम्मानित करेंगे।

# हिमाचल शिक्षा बोर्ड ने बदली परीक्षा प्रणाली

## 10वीं बोर्ड परीक्षाएं अब साल में दो बार की जाएंगी आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की प्रणाली में बड़ा बदलाव किया है। बोर्ड ने वर्ष 2025-26 से 10वीं कक्षा की परीक्षाओं को साल में दो बार आयोजित करने का निर्णय लिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि एनईपी-2020 के पैरा 4.37 के तहत यह कदम छात्रों के लिए परीक्षा को सरल और तनावमुक्त बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। नई प्रणाली के तहत विद्यार्थियों को अतिरिक्त कोचिंग या रटने की आवश्यकता नहीं होगी, और वे कक्षा में की गई पढ़ाई के आधार पर परीक्षा उत्तीर्ण कर सकेंगे।

नई नीति के अनुसार शैक्षणिक वर्ष में दो परीक्षाएं होंगी। फरवरी-मार्च में होने वाली परीक्षा को मुख्य परीक्षा कहा जाएगा और इसमें उपस्थित होना सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है। जून-जुलाई में आयोजित दूसरी परीक्षा को सुधार परीक्षा के नाम से जाना जाएगा। मुख्य परीक्षा के परिणामों के आधार पर विद्यार्थियों को तीन श्रेणियों में बांटा जाएगा। पांच अनिवार्य विषयों में से कम से कम तीन विषयों में पास होने वाले छात्र आवश्यक सुधार श्रेणी में होंगे और वे दो असफल विषयों की सुधार परीक्षा दे सकते हैं। एक विषय में सफलता पाने वाले छात्र कम्पार्टमेंट श्रेणी में होंगे, जबकि दोनों विषयों में असफल होने पर उन्हें अनिवार्य पुनरावृत्ति श्रेणी में रखा जाएगा। मुख्य परीक्षा में सभी विषयों में पास होने वाले छात्र वैकल्पिक सुधार श्रेणी में शामिल होंगे और अधिकतम तीन विषयों में सुधार परीक्षा दे सकते हैं।

### पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं, छात्रों को अधिक अवसर

**बोर्ड** अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि नई व्यवस्था में पाठ्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है और दोनों परीक्षाएं पूरे निर्धारित सिलेबस के अनुसार ही होंगी। अध्ययन और परीक्षा योजना दोनों अवसरों के लिए समान रहेगी। मुख्य परीक्षा के बाद सुधार परीक्षा के लिए आवेदन मुख्य परीक्षा के परिणाम आने के 15 दिनों के भीतर स्वीकार किए जाएंगे। सुधार परीक्षा का शुल्क कम्पार्टमेंट परीक्षा के अनुरूप रहेगा। नई प्रणाली से विद्यार्थियों पर बोर्ड परीक्षा का दबाव कम होगा और उन्हें बेहतर परिणाम हासिल करने के अधिक अवसर मिलेंगे। आवश्यक सुधार श्रेणी के छात्रों को कक्षा 11 में अस्थायी प्रवेश दिया जाएगा, लेकिन उन्हें बोर्ड के नियमों के अनुसार 11वीं की परीक्षा से पूर्व या उसके साथ 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

### फरवरी-मार्च की मुख्य परीक्षा अनिवार्य, जून-जुलाई में सुधार परीक्षा

# नैहरनपुखर में घायल बेजुबान को मिली नई जिंदगी

**अनंत ज्ञान, गरली।** नैहरनपुखर में शुक्रवार सुबह मानवता को झकझोर देने वाली घटना घटी, जब तेज़ रफ्तार वाहन की टक्कर से एक आवारा कुत्ते की दोनों आगे की टांगें बुरी तरह टूट गईं। दर्द से तड़प रहे उस बेजुबान की सूचना मिलते ही ढलियारा पशु चिकित्सालय के डॉ. बिश्वजीत सिंह तुरंत टीम सहित मौके पर पहुंचे। नाजुक हालत देखते हुए उन्होंने वहीं सड़क किनारे प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया और फिर बिना समय गंवाए ऑपरेशन भी किया। इलाज के लिए ज़रूरी दवाइयाँ और सामग्री डॉक्टर ने अपने निजी खर्चे से उपलब्ध कराईं। डॉ. बिश्वजीत की इस मानवीय पहल ने उस घायल कुत्ते को नई साँसें दे दीं। स्थानीय लोगों ने उनकी संवेदनशीलता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में जहां घायल पशु सड़क पर तड़पते रहते हैं, वहां डॉक्टर ने असली इंसानियत की मिसाल पेश की। यह घटना साबित करती है कि मानवता आज भी ज़िंदा है—बस किसी एक संवेदनशील हाथ की ज़रूरत होती है।

# शिमला ग्रामीण की तहसील सुन्नी के सरकारी विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी

**अनंत ज्ञान, सुन्नी/शिमला**

> **जनता** के कार्यों की सुनवाई एवं कार्यों के जल्द निपटान के लिए कर्मचारियों का पर्याप्त मात्रा में होना आवश्यक है। एक ओर आमजन के कार्य और साथ में चुनावों की तैयारी के चलते मौजूदा कर्मचारियों पर काम का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है तथा जनता के कार्यों में भी विघ्न पड़ रहा है। ऐसे समय में अतिरिक्त कर्मचारियो की आवश्यकता पड़ती है पर विभागों में पर्याप्त कर्मचारी तैनात नहीं है।
>
> **-राजेश वर्मा, उपमंडल अधिकारी (नागरिक), शिमला ग्रामीण सुन्नी।**

शिमला ग्रामीण की तहसील सुन्नी सरकारी विभागों के कार्ययालय को खोल दिए पर स्टाफ की कमी से स्थानीय लोगों को ही नहीं बल्कि अधिकारियों को भी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक अधिकतर विभागों में कर्मचारियों व् अधिकारियों की कुर्सियां लम्बे समय से खाली पड़ी हैं। इससे शिमला ग्रामीण विधानसभा को नंबर वन बनाने के शहरी निकाय व लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह के दावे भी हवा हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मौजूदा सरकार ने केवल वोट बैंक को प्रभावित करने के लिए आनन-फानन में विभाग तो खोल दिए मगर अब उनके पास विभागों को सुचारु रूप से चलाने के लिए कहीं अधिकारी नहीं है तो कहीं कर्मचारी नहीं है। ऐसे में लोगों को सहूलियत की जगह उल्टा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अपने कार्यों के लिए लोग विभागों के रोजाना चक्कर लगाते हैं परंतु अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी से चलते उन्हें बिना काम के खाली हाथ लौटना पड़ता है। चाहे एसडीएम कार्यालय हो या स्वास्थ्य विभाग, पुलिस थाना हो या फिर शिक्षा विभाग किसी भी विभाग में कर्मचारी या अधिकारी पुरे नहीं हैं। लंबे इंतजार के बाद इस वर्ष खुले एसडीएम कार्यालय में भी तहसीलदार, ब्लॉक अधिकारीयों के पद खाली पड़े हैं। शिमला ग्रामीण सुन्नी में वर्षों से एसडीएम कार्यालय की मांग की जा रही थी जो की भाजपा के कार्यकाल में भाजपा द्वारा खोले जाने के दावे किए गए थे परंतु भजपा के दावे भाजपा के साथ ही चले गए।

मौजूदा सरकार ने सुन्नीवासियों की इस मांग को पूरा तो कर दिया परन्तु स्टाफ की कमी लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गयी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2013 में सवर्गीय राजा वीर भद्र सिंह के कार्यकाल में जितने विकास कार्यों के शिलान्यास किये गए थे उनके बाद उनमें से अधिकतर कार्य आज तक अधर में हैं। शिमला ग्रामीण सुन्नी की पंचायत बसंतपुर की अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता मीना वर्मा ने बताया की ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक अधिकारी व् अन्य कर्मचारियों की कमी के चलते लोगों के काम लंबे समय से अधूरे पड़े हैं। विभिन्न पंचायतों के प्रधानों द्वारा सरकार से बार बार कर्मचारियों की मांग पर भी सरकार द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

दूसरी ओर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मेहता ने कहा की सुन्नी वासियो की ओर से सरकार से आग्रह है की जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरा जाए ताकि जनता को असुविधा न हो। यदि सरकार ने इस ओर ध्यान न दिया तो जनता को सड़कों पर उतरना पड़ेगा व भजपा की ओर से सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन व जनांदोलन किया जाएगा।

# कांग्रेस संगठन विस्तार की तैयारियां तेज : विनय

## कहा-युवाओं और वरिष्ठ नेताओं के तालमेल से मजबूत होगी पार्टी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार ने केंद्रीय नेतृत्व को भरोसा दिलाया है कि वे संगठन को नई दिशा देने के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विचारों देशप्रेम, जनमत की कद्र और संविधान की रक्षा को घर-घर तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य प्रदेश में एक ऐसी राजनीतिक ज़मीन तैयार करना है, जिसमें वरिष्ठ नेतृत्व का अनुभव और युवाओं की ऊर्जा एक साथ मिलकर नई रफ़्तार पैदा करें।

विनय ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकातों में स्पष्ट किया कि सीएम सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में सरकार के जनहितकारी निर्णयों को सीधे जनता तक पहुंचाने का व्यापक अभियान चलेगा। इसके लिए युवाओं और महिलाओं को शामिल करते हुए विशेष टीमें गठित की जाएंगी, जिन्हें बूथ स्तर तक पार्टी विचारधारा को मजबूती से पहुंचाने की जिम्मेदारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि पीसीसी, जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी के गठन के बाद विभिन्न प्रकोष्ठ सक्रिय किए जाएंगे व सोशल मीडिया व आईटी सेल को बेहद सुदृढ़ बनाया जाएगा, ताकि भाजपा के किसी भी दुष्प्रचार का त्वरित और प्रभावी जवाब दिया जा सके।

### नई दिल्ली में रणनीतिक बैठक

**इसी** क्रम में शुक्रवार को विनय कुमार ने नई दिल्ली में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से भेंट की। दोनों नेताओं के बीच संगठन के आगामी प्रारूप, विस्तार और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। विनय कुमार ने कहा कि कांग्रेस जल्द ही एक नए, मजबूत स्वरूप में जनता के बीच मौजूद होगी और सरकार के साथ तालमेल बनाकर आगे बढ़ेगी।

# छात्र संघ चुनाव बहाली, शिक्षा सुधार नशाखोरी पर रोक की उठाई आवाज



एबीवीपी रामपुर जिला इकाई के सदस्य रामपुर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

### एबीवीपी रामपुर इकाई ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रामपुर बुशहर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की संगठनात्मक जिला रामपुर इकाई ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में गहराती अव्यवस्थाओं और छात्र हितों की अनदेखी के खिलाफ शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपनी 11-सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार रामपुर उमेश शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भेजा, जिसमें छात्र संघ चुनाव की बहाली, विश्वविद्यालयों की जर्जर आधारभूत संरचना को दुरुस्त करने, नशाखोरी पर सख्त रोक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पूर्ण क्रियान्वयन और केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के लिए लंबित 30 करोड़ रुपये की तत्काल अदायगी जैसी मांगें प्रमुख रहीं।

चौधरी अड्डा रामपुर में जिला संयोजक रवि वर्मा के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार पर छात्र हितों से खिलवाड़ और रोजगार संबंधी झूठे वादों का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

**चिंता** शिमला, कांगड़ा व ऊना के जंगल प्रभावित, ग्रामीण इलाकों में भी नुकसान

# सर्दियों में जंगल आग का बढ़ता खतरा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल की सर्दियों में एक अजीब-सी खामोश बेचैनी उतर आई हैं। वो सुबहें, जब पहाड़ों की ढलानों पर ओस की बूंदे टपकती थीं, अब सूखी हवा और दूर से उठती धुएं की हल्की-सी महक परेशान करती है। मौसम के मिजाज ने करवट ऐसी ली है कि जंगलों की आग अब किसी मौसम की कैद में नहीं रही। बल्कि, नवंबर व दिसंबर जैसे ठंडे महीनों में भी आग की घटनाएं दर्ज हो रही हैं।

सबसे ताजा सूचना ऊपरी शिमला के कुछ इलाकों से मिली है, जहां छोटे पैमाने पर आग की घटनाओं का पता चला है। अभी स्थिति भयावह नहीं, मगर अगर हवा का रुख बदला, तो यह लपटें तेजी से फैल सकती हैं। यही वजह है कि विशेषज्ञ और स्थानीय लोग सरकार को जल्द सतर्क होने और अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने की सलाह दे रहे हैं। पिछले वर्षों का डाटा इस खतरे की भयावह शक्ल को उजागर करता है।

राज्य में जंगलों की आग की कुल घटनाएं 20,000 से अधिक दर्ज हो चुकी हैं। कई फायर सीजन तो ऐसे रहे कि अकेले एक वर्ष में 10,000 से ज्यादा घटनाएं रिपोर्ट हुईं, जबकि सामान्य हालात में यह संख्या सिर्फ 700-800 के बीच रहती थी। यह 12 से 14 गुना वृद्धि है, जो पहाड़ों के आधुनिक इतिहास की सबसे चिंताजनक प्रवृत्तियों में से एक मानी जा रही है। अनुमान के मुताबिक 780 वर्ग किलोमीटर से अधिक वन क्षेत्र आग की चपेट में आ चुका है, जिसमें सबसे अधिक प्रभावित शिमला, सोलन, कांगड़ा, ऊना और मंडी के इलाके रहे। कांगड़ा, शिमला और ऊना जैसे जिलों में पाइन के घने जंगल आग को फैलाने में जैसे ईंधन का काम करते हैं। सूखी सुइयां, गर्म और रूखी हवाएं और लंबी शुष्क अवधि आग को आसानी से फैलने देती है। कई दफा ऐसा हुआ कि एक ही दिन में सौ से अधिक घटनाएं दर्ज हुईं और अग्निशमन दलों पर असाधारण दबाव आ गया।

अब यह आग सिर्फ जंगलों तक सीमित नहीं रही। पहाड़ी ढलानों पर बसे लकड़ी-माटी के पुरखों के बनाए घर, दुकानों के कच्चे ढांचे सहित मवेशियों के ढाँचे सब इसकी जद में आने लगे हैं। कई जगह आग खेतों तक पहुँची और क़ीमती पेड़-पौधों से लेकर जीवन-यापन के छोटे साधनों तक का नुकसान हुआ। इस साल बारिश अधिक होने के बावजूद भी जमीन में ज्यादा नमी टिक नहीं पाई, और सूखेपन ने हालात को और नाजुक बना दिया।

### बदलता जलवायु चक्र और बढ़ती बे-यकीनी

**विशेषज्ञों** का कहना है कि जंगलों में आग सिर्फ तापमान बढ़ने का नतीजा नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन की गहरी और संयुक्त मार है। बर्फबारी कम होने से प्राकृतिक ढाल खत्म हुई है, नदियों और नालों का जलस्तर लगातार गिर रहा है, और जंगलों की नमी पहले की तरह कायम नहीं रह पाती। इसी वजह से आग अब नियंत्रित नहीं बल्कि बेकाबू अंदाज़ में फैलने लगी है। फायर सीज़न पहले जहां कुछ महीनों तक सीमित था, अब वह 9-10 महीनों तक लंबा खिंच चुका है।

### स्थानीय सतर्कता व नए प्रबंधन ढांचे की जरूरत

अगर इस नई चुनौती को रोकना है तो निगरानी, वन-प्रबंधन, स्थानीय सहभागिता और त्वरित चेतावनी तंत्र को मजबूती देनी होगी। गांव-स्तर पर आग रोकथाम समितियों का गठन, जंगलों में सूखी सामग्री की सफाई, ड्रोन आधारित निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों की नियुक्ति जैसे कदम तत्काल लागू करने होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### राजपुर में सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय, राजपुर में एनएसएस इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस स्टेशन पालमपुर के सब-इंस्पेक्टर इंदर सिंह मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का सफल आयोजन एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब के समन्वयक सहायक प्राध्यापक अरविंद कुमार और यशविंदर सिंह के नेतृत्व में किया गया।

### सांस्कृतिक जागरूकता को किया सुदृढ़

**अनंत ज्ञान, प्रागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में महिला अध्ययन एवं अनुसंधान केंद्र और प्रज्ञा प्रवाह के संयुक्त तत्वावधान में 'वंदे मातरम के 150 वर्ष' विषय पर एक दिवसीय विशिष्ट व्याख्यान भारत मंडप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 'वंदे मातरम' की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पृष्ठभूमि को समझना और राष्ट्रीय चेतना को प्रोत्साहित करना था। मुख्य वक्ता प्रज्ञा प्रवाह उत्तर क्षेत्र संयोजक चंद्रकांत ने बताया कि 'वंदे मातरम' भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का घोष-पत्र था और आज भी विविधता में एकता का प्रेरक सूत्र है। प्रांत संयोजक हिमांशु मिश्रा और महिला अध्ययन केंद्र की निदेशिका प्रो. मोहिनी अरोड़ा ने कार्यक्रम की प्रासंगिकता व भविष्य में ऐसे शोधोन्मुख आयोजन जारी रखने का संदेश दिया। मंच संचालन डॉ. रूपलाल शर्मा ने कहा कि इसका उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रभावना व सांस्कृतिक जागरूकता का विकास करना है। कार्यक्रम में विवि के छात्र-छात्राएं, शोधार्थी व शिक्षकों की बड़ी संख्या ने भाग लिया।

### स्कूली बच्चों ने किया कांगड़ा एयरपोर्ट का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, गगल।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंदोरघाट शिमला के 38 छात्र छात्रों ने अपने अध्यापकों के साथ आज कांगड़ा एयरपोर्ट का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक अमित सकलानी ने बताया की बच्चों को एयरपोर्ट के भीतर विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी जिस पर बच्चों ने बड़ी सहजता से जानकारियां हासिल की। बच्चों ने इंडिगो का विमान में लैंड करते हुए देखा और दिल्ली से आई हुई हवाई यात्रियों से रूबरू हुए बच्चों के साथ आए अध्यापक तिशाम ठाकुर, राजेश्वर शर्मा, मोहनलाल शर्मा, जगदीश कुमार, ललित शर्मा, महेंद्र हीर, रवि कुमार, सीता देवी, वह, सीमा देवी आदि बच्चों के साथ शामिल थे। इसके बाद बच्चे अपने अध्यापकों के साथ कांगड़ा फोर्ट, चामुंडा देवी के दर्शनों आदि के लिए बस द्वारा रवाना हो गए।

### पढ़ाई के साथ-साथ खेलें भी जरूरी : उधम



**अनंत ज्ञान, गगल।** माउंट कार्मल स्कूल गग्गल में शुक्रवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें गग्गल पुलिस थाना के प्रभारी उधम सिंह राजपूत ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत ध्वजारोहण और छात्र परेड के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि को स्कूल के निदेशक फादर जॉनसन और प्रधानाचार्य रेजिना पॉल ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उधम सिंह राजपूत ने कहा के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलें का मनोरंजन भी जरूरी है क्योंकि आज के बच्चे इंटरनेशनल की खेलो मैं अपना दबदबा बनाए हुए हैं। और देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। खेल प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए विनय डडवाल ने बताया की 200 और 400 मीटर की दौड़ ,लंबी कूद, सैक रेस, शॉट पुट जैसी कई गतिविधियां शामिल थी छोटे बच्चों के लिए स्पून रेस जैसी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। अंत में विद्यालय के प्रबंधक फादर मैथ्यू फादर जॉनसन, प्रधानाचार्य सिस्टर रेजिना पॉल ने विजेताओं बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया।

### बच्चों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटवास में राष्ट्रीय योजना शिविर का समापन हो गया। इस समापन समारोह की मुख्य अतिथि एसएमसी प्रधान सीमा देवी ने बच्चों को नशे से और समाज में बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही प्रधानाचार्य सुरेश दीमान ने बच्चों को घर से दूर अलग रहकर स्कूल में 7 दोनों का अनुभव के बारे में बताया। प्रोग्राम ऑफिसर हरभजन सिंह ने अध्यापकों एवं बच्चों बच्चों का धन्यवाद दिया जिन्होंने बड़ी निष्ठा के साथ दिए हुए स्कूल के कार्य को किया। अंत में रंजीत ने बच्चों को बताया कि किस तरह से आप समाज में एक अच्छा संदेश फैला सकते हैं। इस उपलक्ष स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश धीमान, एसएमसी प्रधान सीमा देवी, लेक्चर कमर्शियल रंजीत, स्कूल के डीपी विपिन कुमार, राजकुमार और अश्विनी भट्ट सर उपस्थित रहे।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के इंटरव्यू 8 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने सूचित किया कि सिस इंडिया लिमिटेड हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 150 पुरुष पद अधिसूचित किए गए हैं। पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं कक्षा है और आयु सीमा 19 से 40 वर्ष है। चयनित उम्मीदवारों को 17,000 से 23,000 रुपए प्रति माह वेतन मिलेगा। साक्षात्कार 08 दिसंबर को उप रोजगार कार्यालय देहरा, 9 दिसंबर को कोटला, 10 दिसंबर को धर्मशाला, 11 दिसंबर को नूरपुर और 12 दिसंबर को इंदौरा में सुबह 10:30 बजे आयोजित होंगे। अभ्यार्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी और मूल प्रमाण पत्र, बायोडाटा और अनुभव प्रमाणपत्र (यदि हो) लेकर आएं। अधिक जानकारी के लिए 83518-90071 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मांगों को लेकर पेंशनर्स का धर्मशाला में प्रदर्शन

## ओपीएस, वेतन-पेंशन व डीए की अदायगी में देरी पर जताया रोष, हिमकेयर और मेडिकल बिलों में कटौती के विरोध में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर तथा भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा की अगुवाई में शुक्रवार को धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में प्रदेशभर से पहुंचे हजारों पेंशनर्स ने सुक्खू सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आयोजन में पेंशनर्स व कर्मचारी संगठनों के सैकड़ों प्रतिनिधि शामिल हुए और सरकार पर वादाखिलाफी, आर्थिक अव्यवस्था और कर्मचारी-विरोधी फैसलों के गंभीर आरोप लगाए।

इस मौके पर मंच से विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि उम्र के इस पड़ाव में बुजुर्ग पेंशनरों का अपने हकों के लिए यहां पहुंचना प्रदेश सरकार की पेंशनर्स के प्रति असंवेदनशीलता का प्रमाण है। प्रदेशाध्यक्ष सुरेश ठाकुर तथा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि सरकार ने ओपीएस, समय पर वेतन, पेंशन, डीए और मेडिकल बिलों के भुगतान के वादे करके कर्मचारियों व पेंशनर्स का समर्थन लिया, लेकिन तीन साल बाद भी अधिकतर वादे अधूरे हैं और स्थिति बदतर होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल पर कर्ज का बोझ बढ़ने के बावजूद कर्मचारियों के लंबित भत्तों, डीए किस्तों, एरियर और हिमकेयर जैसी स्वास्थ्य योजनाओं पर लगातार कटौती और देरी की जा रही है, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के इलाज तक पर संकट खड़ा हो गया है। रैली में वक्ताओं ने विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी पर गहरा रोष जताते हुए कहा कि जोरावर स्टेडियम से रैली स्थल बदल कर पुलिस ग्राउंड करना सरकार की घबराहट और कर्मचारी-विरोधी सोच को दर्शाता है।



धर्मशाला में पेंशनर्स ओपीएस, वेतन-पेंशन व डीए की अदायगी में देरी पर सुक्खू सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए।

**पेंशनर्स को बुढ़ापे में सड़कों पर उतरने को मजबूर कर रही सरकार : सुरेश ठाकुर**

पेंशनर्स नेताओं ने चेताया कि यदि सरकार ने तुरंत लंबित डीए, वेतन-पेंशन, मेडिकल बिलों के भुगतान, हिमकेयर बहाली और ओपीएस संबंधी स्पष्ट निर्णय नहीं लिए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा आगामी दिनों में राज्यव्यापी कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी। पेंशनर्स नेताओं ने कहा कि यह संघर्ष किसी दल विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि कर्मचारियों के अधिकार, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के लिए है, और जब तक कर्मचारियों-पेंशनर्स को उनका हक नहीं मिलता, तब तक यह लड़ाई शांत नहीं होगी। उन्होंने सभी संगठनों और कर्मचारियों से एकजुट रहकर शांतिपूर्ण, अनुशासित लेकिन दृढ़ तरीके से अपनी आवाज़ बुलंद करने की अपील की।

पेंशनर्स ने कहा कि सोची-समझी चाल के तहत रैली के आयोजन स्थल जोरावर स्टेडियम से रैली स्थल को पुलिस मैदान में लॉ एंड आर्डर तथा जोरावर मैदान में कम स्थान होने की दलील देकर बदला गया जिसकी वो कड़ी निंदा करते हैं। इसके बाद रैली के रूप में वाहनों में पेंशनर्स जोरावर स्टेडियम तथा विधानसभा परिसर के घेराव की बात कहते हुए निकले।

**पुलिस बल ने तपोवन जाने से रोके पेंशनर्स**

**पुलिस** मैदान में मौजूद पुलिस बल ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन आंदोलनरत पेंशनर्स वहां से जोरावर स्टेडियम के लिए रवाना हो गए। जोरावर स्टेडियम के बाहर तपोवन को जाने वाले मार्ग पर पेंशनर्स को रोक दिया गया। वहां पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। वहां भी पेंशनर्स ने नारेबाजी की ओर प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने की बात कही। पेंशनर्स का कहना था कांग्रेस सरकार के राज में उन्हें उम्र के इस पड़ाव में सड़कों पर आने को मजबूर होना पड़ा है। इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

## एसडीएम देहरा ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समन्वय पर दिया जोर

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन की अध्यक्षता में शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय कक्ष में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत खंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत चलाए जा रहे गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा के दौरान एसडीएम ने सभी विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को प्रभावी रूप से धरातल पर पहुंचाने हेतु विभागों के बीच समन्वित प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल देते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सभी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाए।

इस दौरान उन्होंने पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविर का आयोजन करने के लिए भी विभाग को निर्देशित किया। इसके उपरांत एसडीएम

**बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर खंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित**

कुलवंत सिंह पोटन ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अनुश्रवण समिति व अभिसरण समिति (पोषण अभियान) की समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता की। पोषण अभियान की समीक्षा करते हुए एसडीएम ने कहा कि पोषण अभियान को जनसहभागिता से जोड़ना समय की आवश्यकता है, जिससे बच्चों में दुबलापन, बौनापन तथा कम वजन जैसी समस्याओं को प्रभावी रूप से कम किया जा सके। उन्होंने आईसीडीएस पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित दिशा-निर्देश प्रदान करें तथा नवजात एवं छोटे बच्चों में पोषण संबंधी विकारों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों, महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष बल देने को कहा तथा जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए।

## विधानसभा में भी हो रोजगार जैसे मुद्दे की चर्चा : पराशर

### मैराथन प्रतियोगिता में 432 युवाओं ने दिखाया दमखम, संदीप कुमार ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कैप्टन संजय पराशर ने कहा है कि प्रदेश में रोजगार सृजन जैसे मुद्दों की चर्चा विधानसभा में भी होनी चाहिए। शुक्रवार को जसवां-प्रागपुर क्षेत्र के जोल स नारी खेल मैदान में साढ़े आठ किलोमीटर लंबी मैराथन प्रतियोगिता में संजय पराशर ने कहा विधानसभा में अन्य मुद्दों के साथ रोजगार को लेकर हर चुने हुए प्रतिनिधि को गंभीरता के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समय है जब राजनीतिक दलों को परंपरागत घोषणाओं से आगे बढ़कर युवाओं के भविष्य को केंद्र में रखकर नीति निर्माण करना चाहिए क्योंकि रोजगार आज की युवा पीढ़ी की सबसे बड़ी जरूरत और प्राथमिकता बन गया है, लेकिन विडंबना है कि इसे लेकर मात्र बातें होती रही हैं।

प्रतियोगिता में माहौल उत्साहपूर्ण रहा और प्रतिभागियों ने कठिन मार्ग पर दमखम के साथ दौड़ लगाई। पहली पोजीशन पर रहने वाले संदीप कुमार ने 22 मिनट 15 सेकंड के प्रभावशाली समय के साथ दौड़ पूरी कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। संदीप ने फिनिशिंग लाइन पार करते ही युवाओं की ऊर्जा, प्रतिबद्धता और आत्मविश्वास का एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। दूसरे स्थान पर फारूख चौधरी और तीसरे स्थान पर संदीप कुमार रहे, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धात्मक माहौल को और भी ऊंचा किया। चौथे से बारहवें स्थान तक दीपक, अंकित, अनमोल, गुरप्रीत, मनीष, अमित, अनिकेत, केशव और जसपाल रहे। प्रतियोगिता में जसवां-प्रागपुर क्षेत्र के युवा भी पीछे नहीं रहे।



मैराथन प्रतियोगिता में पहले बारह स्थानों पर रहने वाले युवाओं को कुल 1,47,000 रुपए की नकद राशि संजय पराशर की ओर से प्रदान की गई।

बणी के विवेक और साहिल, वडाल से हर्ष, गरली के अभि और नवीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले चालीस प्रतिभागियों के बीच अपनी जगह बनाई। इन बेटों ने क्षेत्र का तो मान बढ़ाया ही, वहीं यह भी साबित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा किसी से कम नहीं है। संजय पराशर ने मंच से इन युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर यही युवा प्रदेश का भविष्य बदल सकते हैं। प्रतियोगिता में कुल 432 युवाओं ने हिस्सा लिया, जो स्थानीय स्तर पर आयोजित किसी भी खेल गतिविधि के लिए उल्लेखनीय व बड़ी संख्या है। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। पहले बारह स्थानों पर रहने वाले युवाओं को कुल 1,47,000 रुपये की नकद राशि संजय पराशर द्वारा प्रदान की गई। वहीं दौड़ पूरी करने वाले 400 युवाओं को दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई। इस अवसर पर कैप्टन संजय की धर्मपत्नी सोनिका पराशर, सेवानिवृत्त कैप्टन वीरेंद्र कुमार ठाकुर, अश्वनी धीमान व दर्शन सिंह, सुखदेव सेठी, लक्की ठाकुर, साहिल ठाकुर, आशीष राणा, मंजीत, नरेंद्र सिंह, विजय कुमार, पूर्ण सिंह, इंस्पेक्टर दिलबाग सिंह, रमन ठाकुर, अंकुश, गगन और राज कुमार भी उपस्थित रहे।

## नड्डी में लेबर कोड्स व एसपीआरईई स्कीम के बारे में लोग किए जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ईएसआईसी क्षेत्रीय कार्यालय, बद्दी द्वारा शुक्रवार को कर्नल मंजीत कटोच, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में लेबर कोड्स एवं स्कीम टू प्रमोट रजिस्ट्रेशन आफ इम्प्लायर/इम्प्लाई (एसपीआरईई) के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन नड्डी के निजी होटल में किया गया। इस शिविर में होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि, विभिन्न ठेकेदारों के साथ शाखा प्रबंधक प्रबंधक प्रभारी शाखा कार्यालय कांगड़ा प्रदीप शर्मा ने भाग लिया ग। उपस्थित सदस्यों द्वारा लेबर कोडस एवं एसपीआरईई स्कीम की सराहना की गई तथा इस पर अमल करने का भी उनके द्वारा आश्वासन दिया गया। कई सदस्यों द्वारा एसपीआरईई स्कीम के संबंध में चर्चा के दौरान प्रतिक्रिया/सुझाव प्राप्त हुए, जिस पर क्षेत्रीय निदेशक महोदय द्वारा सकारात्मक चर्चा की गई। क्षेत्रीय निदेशक द्वारा शिविर में सम्मिलित सभी प्रतिनिधियों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न हितलाभों जैसे कि चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, विस्तारित बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, अन्त्येष्टि हितलाभ व आश्रितजन हितलाभ के बारे मे भी जानकारी दी गई। ईएसआईसी द्वारा हाल ही में शुरू की गई एसपीआरईई स्कीम के तहत अपंजीकृत नियोक्ताओं व कर्मचारियों के पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित करने की पहल है। 1 जुलाई से 31 दिसंबर, 2025 तक लागू यह योजना नियोक्ताओं को निरीक्षण या पिछले बकाया की मांग का सामना किए बिना अपनी इकाइयों और कर्मचारियों का डिजिटल पंजीकरण करने की अनुमति देती है। इसका उद्देश्य पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाकर और पूर्वव्यापी दंड के डर को दूर करके ईएसआई अधिनियम के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना है।



नड्डी में लेबर कोड्स व एसपीआरईई स्कीम के बारे में जागरूक करते हुए।

## राज्यस्तरीय एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकाथॉन पहली को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे व्यापक अभियान के तहत 1 दिसम्बर 2025 को धर्मशाला में राज्य स्तरीय एंटी-चिट्टा अवेयरनेस वॉकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में माननीय मुख्यमंत्री स्वयं शामिल होकर नेतृत्व करेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि वॉकाथॉन प्रात: 9:30 बजे दाड़ी मेला मैदान से शुरू होकर पुलिस ग्राउंड धर्मशाला तक जाएगी। इसमें युवा, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भाग लेंगे। उपायुक्त ने बताया कि युवाओं को चिट्टे व अन्य मादक पदार्थों से बचाने तथा नशामुक्त हिमाचल के निर्माण के उद्देश्य से राज्य सरकार ने तीन माह का व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है, जिसका शुभारंभ 15 नवंबर को शिमला में सीएम द्वारा किया गया था। वॉकाथॉन में नशा विरोधी संदेशों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और पुलिस बैंड का विशेष प्रदर्शन भी होगा।

## छात्रों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर दिया जोर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय, राजपुर में एनएसएस इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस स्टेशन पालमपुर के सब-इंस्पेक्टर इंदर सिंह मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी समाज में जिम्मेदार नागरिक बनकर न केवल अपनी बल्कि दूसरों की सुरक्षा में भी योगदान दे सकती है। महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का सफल आयोजन एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब के समन्वयक सहायक प्राध्यापक अरविंद कुमार और यशविंदर सिंह के नेतृत्व में किया गया। अंत में छात्रों ने सड़क सुरक्षा उपायों से जुड़े प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।



राजपुर कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

## कृषि विवि में मॉलिक्यूलर बायोलॉजी वर्कशॉप में छात्रों को सिखाए अत्याधुनिक डीएनए टूल्स

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने पशु चिकित्सा व पशु विज्ञान महाविद्यालय के पशु चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में मॉलिक्यूलर बायोलॉजी और रिकॉम्बिनेंट डीएनए टेक्नोलॉजी पर दो दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की गई। भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् के अखिल भारतीय चुनौतीपूर्ण व उभरती बीमारियों पर नेटवर्क परियोजना द्वारा वित्पोषित इस ट्रेनिंग में विवि के अलग-अलग महाविद्यालयों के स्नातक स्तर के छात्रों को आधुनिक जेनेटिक टूल्स का व्यावहारिक अनुभव करवाया गया।

विवि के कुलपति डॉ. अशोक कुमार पांडा ने इस कार्यक्रम के आयोजकों और प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि इस तरह का वैज्ञानिक प्रशिक्षण हमारे छात्रों को आने वाले कल की चुनौतियों का सामना करने और नवाचार और गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए तैयार करती हैं। इस कार्यक्रम के समापन समारोह की अध्यक्षता मुख्य अतिथि निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. विनोद शर्मा द्वारा की गई। उन्होंने छात्रों को उनकी शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत में ही उन्नत पुन: संयोजक डीएनए टेक्नोलॉजी से परिचित कराने के महत्व पर जोर दिया, और कहा कि ऐसी पहल वैज्ञानिक समझ को बढ़ाती हैं और उभरते जैव प्रौद्योगिकी रोजगार के लिए रास्ते खोलती हैं।



पशु चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श ने कई कॉलेजों के छात्रों को एक सांझे मंच पर लाने और आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा के लिए अच्छा माहौल बनाने के लिए कार्यशाला समन्वयक डॉ. सुभाष वर्मा की कोशिशों की सराहना की। डॉ. वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षुओं को न्यूक्लिक एसिड एक्सट्रैक्शन, डीएनए क्वालिटी असेसमेंट, पीसीआर, जैल इलेक्ट्रोफोरेसिस, एम्प्लिकॉन प्यूरिफिकेशन, रिस्ट्रिक्शन डाइजेशन, मॉलिक्यूलर क्लोनिंग, कॉम्पिटेंट सेल्स की तैयारी और परिवर्तन के बारे में बताया गया।

उन्होंने बताया कि ये मूलभूत तकनीकें उन्नत निदान, चिकित्सा और अनुसंधान का आधार बनती हैं। समापन कार्यक्रम डॉ. मोनिका भारद्वाज ने किया गया जिसमें विभागाध्यक्ष के अतिरिक्त अन्य वैज्ञानिकों ने भी भाग लिया।

**कार्यक्रम** इंदौरा स्थित प्रताप वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक उत्सव 'विरासत' का भव्य आयोजन

## छात्रों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने जीता दर्शकों का दिल

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** इंदौरा चनौर स्थित प्रताप वर्ल्ड स्कूल में सांस्कृतिक गौरव, भारतीय परंपराओं और मूल्यों को समर्पित वार्षिक उत्सव 'विरासत' का शुक्रवार को अत्यंत भव्य आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास, उमंग और रंग-बिरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की छटा देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एमएलए इंदौरा मलेंद्र राजन, गेस्ट ऑफ ऑनर एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर, स्पेशल गेस्ट डॉ. रूवी शर्मा (डायरेक्टर, सतलुज वर्ल्ड स्कूल डेरा बस्सी), प्रताप वर्ल्ड स्कूल के अध्यक्ष भरत भूषण महाजन, डॉ. विशाल महाजन, रिचा महाजन, प्रिंसिपल रेणु परमार तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

इस अवसर पर डॉ. विशाल महाजन ने कार्यक्रम की थीम 'विरासत-संस्कृति से संस्कार तक' की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति, कला और पारंपरिक मूल्यों का संरक्षण हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने और संस्कृति को आत्मसात करने का संदेश दिया।



प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा में सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित वार्षिक उत्सव 'विरासत' का भव्य आयोजन किया गया।

समारोह में छात्रों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। हिमाचली लोक नृत्य, देशभक्ति गीत, नाट्य मंचन तथा पारंपरिक लोक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारत की समृद्ध विविधता को सुंदर रूप में प्रदर्शित किया। विशेष रूप से यह भी देखने को मिला कि अतिथियों ने भी बच्चों के साथ कुछ नृत्य मुद्राएँ कर कार्यक्रम की रौनक को और बढ़ा दिया। प्रिंसिपल रेणु परमार द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं सम्मान भी प्रदान किए गए। मुख्यातिथि मलेन्द्र राजन ने विद्यालय के शैक्षणिक, खेल, नवाचार और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने भी अभिभावकों और अतिथियों के सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि 'विरासत' छात्रों को अपनी सांस्कृतिक पहचान और मूल्यों को समझने की प्रेरणा प्रदान करता है।

इस अवसर पर डॉ. रिचा महाजन ने कहा कि विद्यालय की वास्तविक शक्ति संस्कारित शिक्षा, नवाचार की सोच और संस्कृति के प्रति गहरी निष्ठा में निहित है। उन्होंने कहा कि विरासत केवल अतीत की कहानी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए दिशा, पहचान और प्रेरणा है। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल रेणु परमार ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आपकी उपस्थिति व बच्चों को दिया गया प्रोत्साहन उनके आत्मविश्वास व रचनात्मकता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। उन्होंने विद्यालय की पूरी टीम, शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्माणी आज और कल बिलासपुर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 29 व 30 नवंबर को जिला बिलासपुर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राजेश धर्माणी 29 नवम्बर को प्रातः 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी, घुमारवीं में क्लस्टर लेवल वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि राजेश धर्माणी 30 नवंबर को प्रातः 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कपाहड़ा, घुमारवीं क्लस्टर लेवल वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे तथा उसके पश्चात तकनीकी शिक्षा मंत्री दोपहर बाद 3 बजे राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित हो रहे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप-4 के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे।

### बास्केटबाल में डीएवी कांगड़ा बना विजेता

**अनंत ज्ञान घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में आज तीन दिवसीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें डीएवी कांगड़ा की टीम विजेता रही। दूसरे स्थान पर बिलासपुर महाविद्यालय और तीसरा स्थान हमीरपुर की टीम ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि प्रो. प्रीतम लाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और यूनिवर्सिटी ऑफिशियल को सम्मानित किया। उन्होंने अपनी निधि से विजेता टीम को 11 हजार रुपए और उपविजेता को 51 सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने विभिन्न कॉलेजों से आए खिलाड़ियों और उनके प्रभारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि खिलाड़ी जब मैदान में आते हैं तो एक ही लक्ष्य होता है कि कड़ी मेहनत से खेलें। उन्होंने खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाते हुए कहा कि खेल हो या कोई और कार्य, उसमें हार जीत का होना स्वाभाविक है लेकिन बार बार प्रयास से एक दिन व्यक्ति सफलता प्राप्त कर ही लेता है। उन्होंने हिमाचल यूनिवर्सिटी ऑफिशियल डॉ. विनोद कुमार व उनकी टीम का धन्यवाद किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता के विजेता, उप विजेता को शुभकामनाएं दीं।

### जमथल में कबड्डी-वॉलीबाल प्रतियोगिता आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्रामीण प्रतिभाओं को खेल क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता का आज शुभारंभ होगा। यह जानकारी देते हुए आयोजक रोहित ठाकुर, रजनीश ठाकुर व रिशु ठाकुर ने बताया कि 29 नवंबर को दो दिवसीय 19वीं कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता का आगाज होगा। उन्होंने बताया कि 29 नवंबर को 60 किलोग्राम भार वर्ग के नीचे वाले खिलाड़ियों में कबड्डी प्रतियोगिता होगी, जिसमें विजेता को 71 सौ रुपए नकद इनाम और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता को 6100 रुपए नकद इनाम के तौर पर दिए जाएंगे। इसी दिन की वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21 हजार रुपए नकद इनाम और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 15 हजार की राशि और ट्रॉफी बतौर इनाम में दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को ओपन कबड्डी टूर्नामेंट होगा, जिसमें विजेता टीम को 31 हजार व उपविजेता टीम को 25 हजार नकद ईनाम और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर और बेस्ट डिफेंडर को भी सम्मानित किया जाएगा, जबकि इसी रोज इंटर विलेज लेवल की वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें विजेता को 6100 रुपए नकद और उपविजेता टीम को 51 सौ रुपए नकद तथा ट्रॉफी बतौर इनाम दी जाएगी। समापन पर इलाके के समाजसेवी एवं युवा नेता राजेश ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### आईटीआई नयना देवी में बताईं सरकारी योजनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान श्री नयना देवी में जनकल्याणकारी योजनाओं पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला प्रशासन आईटीआई संस्थान बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। शिविर के अध्यक्षता धर्मपाल चौधरी उपमंडल अधिकारी श्री नयना देवी ने की। विजय कुमार भारतीय स्टेट बैंक ने जनधन योजना मुद्रा योजना किसान सम्मान निधि व बीमा योजनाओं के बारे में, दिलीप पोसवाल सुपरवाइजर बाल विकास विभाग ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, राम अवतार स्वास्थ्य शिक्षक ने मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण आयुष्मान भारत कार्ड के बारे में उपस्थित आईटीआई के छात्रों व आंगनबाड़ी वर्करों को को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। यह जानकारी प्रभारी सुरजीत सिंह केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार हमीरपुर ने दी।

# बिलासपुर है कबड्डी का असली गढ़

## नंदलाल व रत्न लाल के तराशे खिलाड़ी देश और दुनिया में बजा रहे डंका

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश की धरती सिर्फ तालाबों, मंदिरों और परंपराओं के लिए ही नहीं जानी जाती, बल्कि यहां की मिट्टी ने भारतीय कबड्डी को वह नायाब हीरे दिए हैं, जिन पर पूरे देश को गर्व है। भले ही आज सिरमौर की बेटियां विश्व मंच पर चमक बिखेर रही हों, लेकिन कबड्डी का वास्तविक जनक और केंद्र बिलासपुर को ही माना जाता है और इसके पीछे हैं दो महान कोच नंद लाल ठाकुर और रत्न लाल ठाकुर, जिनकी खेल साधना ने यहां कबड्डी को एक नई पहचान दी।

इन दोनों गुरुजनों ने उन दिनों कबड्डी को साधा, जब न सुविधाएं थीं, न खेल को लेकर आज जैसा माहौल। मिट्टी के मैदानों में, धूप-बारिश की परवाह किए बिना तैयार की गई उनकी यह टीम आज भी बिलासपुर की खेल विरासत की रीढ़ मानी जाती है। आज जब कबड्डी प्रीमियर लीग से लेकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिमाचल के खिलाड़ियों का दबदबा दिखता है, तो उसकी जड़ें कहीं न कहीं बिलासपुर की उन्हीं शुरुआती कोशिशों से जुड़ी मिलती हैं। हर बड़े टूर्नामेंट के बाद इन खिलाड़ियों को करोड़ों की राशि, सरकारी पद और सम्मान मिलते हैं। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार भी खिलाड़ियों को खूब प्रोत्साहन दे रही है—जो कि पूरी तरह सही भी है, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जिन कोचों ने इन चैंपियनों को गढ़ा, उनके हाथों में आखिर कब सम्मान आएगा।

अनंत ज्ञान खास खबर

### महिला कबड्डी में बिलासपुर को दिलाई पहचान


नंद लाल ठाकुर।


रत्न लाल ठाकुर।

**महिला** कबड्डी में बिलासपुर को पहचान दिलाने का श्रेय भी नंद लाल ठाकुर और रत्न लाल ठाकुर को जाता है। दोनों ने लंबे समय तक प्रशिक्षण देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर की मजबूत टीम तैयार की, जिसमें शामिल हैं, प्रियंका नेगी, रितु नेगी (भारतीय टीम की पूर्व कप्तान), निधि शर्मा, सुषमा, प्रीति, बलदेव, महेंद्र। इन सभी खिलाड़ियों ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और देश के लिए पदक भी जीते। सबसे ताजा और चर्चित नाम साक्षी शर्मा का है, जिसका हाल ही में अपने प्रदर्शन से भारत का परचम दुनिया में फहराया। साक्षी भी रतनलाल ठाकुर की ही खोज हैं, जिन्होंने बचपन से उसे अनुशासन और तकनीक की अनूठी ट्रेनिंग दी।

### कोच नंद लाल ने तराशा अजय ठाकुर जैसा हीरा

**वरिष्ठ** कोच नंदलाल ठाकुर ने अपने करियर में सैकड़ों खिलाड़ियों को गढ़ा, लेकिन उनमें सबसे बड़ा नाम है पद्मश्री पुरस्कार विजेता, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और विश्व में 'आइस मैन' के नाम से मशहूर अजय ठाकुर का। अजय ठाकुर के अलावा उन्होंने कई ऐसे खिलाड़ी तैयार किए जो विभिन्न समय पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर खेले। इन खिलाड़ियों ने अपने-अपने स्तर पर देश को पदक दिलाए और बिलासपुर की मिट्टी को खेल मानचित्र पर अमर कर दिया। वहीं, बिलासपुर के जुखाला क्षेत्र से निकली पूजा ठाकुर भारतीय महिला कबड्डी टीम की वह चमकदार खिलाड़ी है, जिन्होंने 2014 के एशियन गेम्स (इंचियोन) में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। हिमाचल की पहली महिला खिलाड़ियों में से एक होने के नाते उनका नाम आज भी प्रेरणा का स्तंभ है। पूजा ने बिलासपुर के स्थानीय कोचों की ट्रेनिंग और शुरुआती मार्गदर्शन को हमेशा अपना आधार माना है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने विभाग को दी आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट**

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश ने निदेशक द्वारा 27 नवंबर, 2025 को जारी उस पत्र का प्रखर विरोध किया है, जिसमें अनिवार्य व निशुल्क शिक्षा बाल अधिकार अधिनियम (संशोधन) 2019 का हवाला देते हुए मुख्य शिक्षकों, केंद्रीय मुख्य शिक्षकों व प्राथमिक शिक्षकों का प्रशासनिक नियंत्रण खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी से छीनकर नए परिसर के प्रधानाचार्य को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

संघ ने आरोप लगाया कि इन आदेशों के माध्यम से केंद्रीय मुख्य शिक्षकों व खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों की शक्तियों को योजनाबद्ध तरीके से सीमित कर भविष्य में इन पदों को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। संघ का कहना है कि शिक्षा विभाग प्राथमिक शिक्षकों के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर काम कर रहा है और उच्च अधिकारी लगातार मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को गुमराह कर रहे हैं, जिससे सरकार की कर्मचारी हितैषी छवि धूमिल हो रही है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा अधिकार अधिनियम वर्ष 2011 से राज्य में लागू है तथा 2019 का संशोधित प्रारूप भी लंबे समय से प्रभावी है। इसके बावजूद मिड-डे मील योजना, मुफ्त यूनिफॉर्म व पाठ्यपुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति व आर्थिक सहायता जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां, जो अब तक मुख्य शिक्षकों, केंद्रीय मुख्य शिक्षकों एवं खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा सुचारु रूप से निभाई जा रही थीं, उन्हें अचानक प्रधानाचार्य को हस्तांतरित करना प्राथमिक शिक्षकों के साथ खुला अन्याय है। संघ ने कहा कि यह निर्णय स्पष्ट रूप से प्राथमिक स्तर के प्रशासनिक ढांचे को कमजोर करने की दिशा में उठाया गया कदम है।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री द्वारा वार्ता का आश्वासन देने के बावजूद विभाग लगातार नए आदेश जारी कर रहा है, जिससे शिक्षकों में भारी रोष है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने ऐसे कदम वापस नहीं लिए, तो संगठन बड़ा आंदोलन शुरू करने को विवश होगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह शिक्षा विभाग पर होगी।

# बिहार में एनडीए की जीत माता का आशीर्वाद : हरीश नड्डा



**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी**

समाजसेवी हरीश नड्डा ने कहा कि बिहार में भाजपा गठबंधन को मिली जीत माता श्री नयना देवी का आशीर्वाद है। वह बुधवार को अपने परिवार और पिता जेपी नड्डा की ओर से माता के दर्शन के लिए श्री नयना देवी मंदिर पहुंचे। दर्शन उपरांत पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा गठबंधन को प्रचंड बहुमत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और माता नयना देवी की कृपा से प्राप्त हुआ है। हरीश नड्डा ने कहा कि उन्होंने माता से प्रार्थना की है कि भाजपा गठबंधन सरकार को ऐसी शक्ति प्रदान हो कि वह बिहार में सुशासन और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाए।

साथ ही उन्होंने प्रदेश की समृद्धि और आपदाओं से सुरक्षित रहने की कामना भी की। मंदिर के पुजारी भरत शर्मा ने हरीश नड्डा की विधिवत पूजा-अर्चना करवाई और मंदिर न्यास की ओर से उन्हें माता की चुनरी भेंट की गई।

# स्वयंसेवियों ने मारकंड गांव में की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने गोद लिए गए गांव मारकंड में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्राचार्य ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में उत्तरदायित्व, अनुशासन और समाजसेवा की भावना का विकास करती है। अभियान के लिए महाविद्यालय से 100 से अधिक स्वयंसेवियों ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई की तथा स्थानीय ग्रामीणों को स्वच्छता और सार्वजनिक स्थलों के संरक्षण के लिए जागरूक किया। अभियान को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने स्वयंसेवियों को विभिन्न समूहों में विभाजित कर पूरे कार्यक्रम का सुव्यवस्थित रूप से संचालन किया।

## यूको आरसेटी बिलासपुर में ब्यूटी पार्लर मैनेजमैंट का प्रशिक्षण शुरू

# स्वरोजगार से सुदृढ़ करें अपनी आर्थिकी : एडीसी


प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर के माध्यम से बिलासपुर जिला में ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का 35 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ओम कांत ने किया। एडीसी ने कहा कि बेरोजगार ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट सहित अन्य प्रशिक्षण प्राप्त करके स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आजीविका कमा सकते हैं। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से यूको आरसेटी द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जा रहे इन प्रशिक्षण शिविरों का लाभ उठाने का भी आग्रह किया है, ताकि स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़कर अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ बनाया जा सके हैं। संस्थान के निदेशक अजय कुमार शर्मा ने बताया कि यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चलाया जा रहा है तथा जिला के बेरोजगार ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए कई गतिविधिओं में निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करता है। अब तक जिला में बहुत से युवाओं ने इस सुविधा का लाभ उठाया है। उन्होंने बताया कि संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 50 वर्ष के युवाओं के लिए विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिनमें ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटी पार्लर, रेशम कीट पालन, मशरूम उत्पादन, दुग्ध उत्पादन, बैग बनाना, खिलौना बनाना, कंप्यूटर बेसिक, मोटर ड्राइविंग आदि शामिल हैं। अग्रणी जिला प्रबंधक चंद्रशेखर यादव ने लोगों को बैंक द्वारा चलाई जा रही अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बीमा योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# बरठीं में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, दधोल।** बाल विकास परियोजना झंडूता के अंतर्गत वृत्त बरठीं में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता शिविर का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र गवांओं में किया गया। इसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य बेटियों को बचाना, उन्हें शिक्षित करना और समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ाना है पर्यवेक्षक रेशो ने बताया कि बेटियों को भी बेटों के समान अवसर मिलने चाहिए इस योजना के तहत बेटियों को ऐसा मंच प्रदान करना है, ताकि वो अपने सपनों को साकार कर सके और अपनी प्रतिभा को निखार सकें इसमें इस योजना के तहत लिंग अनुपात को सुधारने तथा बाल विवाह को रोकने को बढ़ावा दिया जाता है।

## हिम सर्वोदय स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# विशाल जगोता ने सम्मानित किए होनहार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिम सर्वोदय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घुमारवीं में शुक्रवार को वार्षिक समारोह बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। समारोह में क्रिकेट एसोसिएशन बिलासपुर के सचिव तथा हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन/बीसीसीआई के एग्जीक्यूटिव मेंबर विशाल जगोता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारण का प्रेरणादायी संदेश भी दिया। उन्होंने बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुतियों को खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें लोकनृत्य, गीत और आकर्षक मंच प्रदर्शन शामिल रहे।

**इन्हें मिले पुरस्कार**

समारोह में सृष्टी शर्मा, आनवी चौहान, मान्या राणा, आरव शर्मा, प्रियांशी, पूर्वी ठाकुर, आकर्ष कुमार, कैरव राव, श्रीसत्य शर्मा, यशवी शुक्ला, ओम चंदेल, वान्या, राघव, दृष्टि कुमारी, अनिका, पर्व धीमान, समीक्षा, ओमया शर्मा, अर्जुन ठाकुर, प्रियल शांडिल, त्रिशा राज, वियान शर्मा, आवेश, अनन्या वशिष्ठ, ध्रुव शर्मा, चिराग, प्रणब, साहिल, अधीरा शर्मा, नव्या, मनन, रूही, शिवाय, जेस्मिन, अन्विता पराशर, आर्यन, स्वस्तिक, शानवी, नैतिक, कल्पित, मायरा, हरीश, शिवेश, रुद्रांश महाजन, वंशिका शर्मा, आरव गौतम, राघव ठाकुर, प्रांजल, वानी, योगिता, शानवी शुक्ला, सुयांश शर्मा, रूहानी, समीर चंदेल, याशिका, अनिकेत, काव्यान, पर्वी शर्मा, शिवन्या, विनायक गर्ग, धान्या, गिरिशा, प्रतिष्ठा, नव्या, दर्शित, राधिका, समन्वय, आरव, शानवी धीमान, कृतिका, अनिका उप्पल, कार्तिक चंदेल और शानवी शर्मा और अन्य मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया।

# मिनर्वा के शिखर सम्मान समारोह में सम्मानित होंगे टॉपर्स

## एनआईटी हमीरपुर में कल होगा कार्यक्रम; बांटे जाएंगे स्कूटी, मैकबुक, लैपटॉप-टैबलेट जैसे पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

एनआईटी हमीरपुर में 30 नवंबर को हिमक्वेस्ट के सितारे चमकेंगे। हिमक्वेस्ट के टॉपर रहे मेधावियों को मिनर्वा के शिखर सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। समारोह में एनआईटी हमीरपुर की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नैनोटी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा डीन अकादमिक राजेश शर्मा, एचओडी अश्वनी राणा और एसोसिएट प्रोफेसर कुलदीप शर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में भाग लेंगे। कार्यक्रम में चयनित छात्रों को कुल 1.5 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति, स्कूटी, मैकबुक, लैपटॉप, टैबलेट और अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

मिनर्वा स्टडी सर्कल के प्रबंधक राकेश चंदेल और एमडी स्वदेश चंदेल ने बताया कि इस बार जमा दो साइंस में आदित्य ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि दसवीं कक्षा में एमआरए डीएवी पब्लिक स्कूल सोलन के आरव वर्मा प्रदेश टॉपर रहे हैं। जमा दो टॉप टेन में प्रियल रतवान, दर्शिल ठाकुर, मेधांश, आरव चंदेल, पीयूष भट्ट, आदित्य गुप्ता, प्रागुन दुबे, सुहानी शर्मा और आयुष शर्मा टॉप टेन में शामिल हैं। जमा एक टॉप टेन में पर्णिका शर्मा, पुष्कल ठाकुर, कार्तिक चंदेल, आदर्श चंदेल, आर्यन द्विवेदी, रुद्रांश व्यास, दैव्य, आनंदिता, अमोलिक मिश्रा और चारु प्रिय ने शीर्ष सूची में स्थान बनाया है। दसवीं कक्षा टॉप टेन आरव वर्मा, दिव्यांश धीमान, नमन चंदेल, वैभव वर्मा, प्रहस दत्त, सान्वी शर्मा, आर्यन पंडित व ओमाक्ष यथेष्ठ सिंह, गौरिश शर्मा और एकाग्र शर्मा टॉप टेन में शामिल हैं। सभी मेधावियों को 31 नवंबर को आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक जिले के पांच टॉपर को नकद पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। जमा दो (साइंस) में प्रथम रहे आदित्य को टीवीएस एनटॉर्क स्कूटी या एक लाख रुपए नकद तथा 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी। जमा एक (साइंस) और दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एप्पल मैकबुक एयर और पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। दूसरे से 20वें स्थान तक चयनित छात्रों को लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्ट वॉच और डिजिटल पैड जैसे पुरस्कारों के साथ 70 से 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति दी जाएगी।

# डॉ. बाबूराम के लिए सामाजिक सरोकार सर्वोपरि रहे : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि पूर्व विधायक डॉ. बाबूराम गौतम का जीवन हमेशा समाजसेवा के लिए समर्पित रहा। मिलनसार और सरल स्वभाव के डॉ. गौतम सही मायनों में जमीन से जुड़े हुए नेता थे। वह हमेशा समाज और गरीबों की चिंता करते थे। दलगत राजनीति को दरकिनार करते हुए वह जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनका निधन पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मौजूदा परिवेश में सभी जनप्रतिनिधियों को उनसे प्रेरणा लेकर काम करने की जरूरत है।

डॉ. बाबूराम गौतम के निधन के शोक में शुक्रवार को विधानसभा में चर्चा में भाग लेते हुए त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में डॉ. गौतम जैसा नेता कोई और नहीं देखा। बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के पंजगाईं गांव के रहने वाले डॉ. गौतम के लिए सामाजिक सरोकार हमेशा सर्वोपरि रहे। लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा तत्पर रहते थे। इसके लिए वह जिला स्तर पर अधिकारियों से खुद जाकर मुलाकात करने के साथ ही जरूरत पड़ने पर शिमला और दिल्ली जाने के लिए भी हमेशा तैयार रहते थे। किसी का काम हो जाने पर वह उसके लिए बाकायदा आभार जताते थे।

# कांग्रेस ने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर का सम्मान नहीं, अपमान किया: सांख्यान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता स्वतंत्र सांख्यान ने विधानसभा में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के वक्तव्य को लेकर उन पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए संविधान सर्वोपरि है। कांग्रेस ने तो संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का सम्मान करने के बजाए उन्हें अपमानित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसे में उससे संविधान के सम्मान करने की उम्मीद रखना फिजूल है। देश की जनता संविधान को बखूबी समझती है, लेकिन कांग्रेस नेता केवल संविधान की पुस्तक उठाकर अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास करने तक सीमित हैं। स्वतंत्र सांख्यान ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। सरकार की मनमानी और गलत फैसलों का विरोध करना तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद करना विपक्ष का दायित्व होता है।

# ई. राजीव सर्वसम्मति से चुने जोनल अध्यक्ष

## राज्य विद्युत बार्ड लिमिटेड जेई-एएई संघ बिलासपुर की नई कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बार्ड लिमिटेड जेई, एएई संघ बिलासपुर जोन की बैठक संघ के राज्य अध्यक्ष इंजीनियर मुकेश राठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों एवं इंजीनियरों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान जोन की नई कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न कराए गए, जिसमें सर्वसम्मति से ई. राजीव ठाकुर को जोनल अध्यक्ष चुना गया, जबकि ई. महेंद्र पाल को जोनल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ई. निशांत धीमान उपाध्यक्ष, ई. अवनीश बभौरिया को जोनल महासचिव, ई. राकेश कुमार अतिरिक्त महासचिव, ई. मंजीत कुमार मुख्य संगठन सचिव, ई. विरेंद्र रुहानी वित्त सचिव, इंजीनियर रवि कुमार को प्रकाशन सचिव चुना गया।

इस मौके पर राज्य अध्यक्ष इंजीनियर मुकेश राठी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में फील्ड स्टाफ और तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी के कारण अधिकारियों, इंजीनियरों पर कार्यभार अत्यधिक बढ़ गया है।

# श्री नयना देवी का 1800 वर्ष पुराना हवन कुंड पुनर्स्थापित

**मुकेश गौतम, अनंत ज्ञान**

**श्री नयना देवी।** हिमाचल प्रदेश के विश्वविख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में स्थित लगभग 1600 से 1800 वर्ष पुराने प्राचीन हवन कुंड का जीर्णोद्धार कार्य पारंपरिक निर्माण तकनीक के आधार पर जारी है। मंदिर न्यास ने इस संरक्षण कार्य का दायित्व देश की प्रतिष्ठित संस्था इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज को सौंपा है, जिसके विशेषज्ञ राजस्थान से बिलासपुर पहुंचे हैं।

जिलाधीश राहुल कुमार ने बताया कि यह हवन कुंड क्षेत्र की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, इसलिए इसके मूल स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए ही इसका पुनः संरक्षण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्य पूर्णतः पारंपरिक मिश्रण से किया जा रहा है, जिसमें सीमेंट या कैमिकल का प्रयोग नहीं होगा। इसके स्थान पर माह की दाल की पीटी, बिल गिरी का चूरा, चूना और मेथी जैसे पारंपरिक तत्व उपयोग में लाए जा रहे हैं।

मंदिर न्यास के अध्यक्ष एवं एसडीएम धर्मपाल ने बताया कि 1800 वर्ष पुराने इस हवन कुंड के संरक्षण हेतु अनुभवी कारीगरों को राजस्थान से बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि 100 वर्ष से अधिक पुरानी धरोहरों के पुनर्निर्माण में मूल संरचना से छेड़छाड़ की अनुमति नहीं होती, इसलिए यह कार्य पूरी सावधानी और पुरातत्वीय मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। कंपनी के विशेषज्ञों का मानना है कि इस पद्धति से तैयार किया गया हवन कुंड न केवल अधिक मजबूत होगा, बल्कि अगले 50 वर्षों तक सुरक्षित भी रहेगा।

**मंचन** युवा महोत्सव में बिलासपुर कॉलेज की दमदार प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन

# नाटक 'इतिहास बाकी' ने छोड़ी गहरी छाप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप-4 (थियेटर) 2025-26 के दूसरे दिन रंगमंच की विविध रंगतें सामने आईं। बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर में सुबह 10 बजे कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला की प्रस्तुति से हुई। कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. सांख्यान ने शिरकत की। ज्ञात रहे कि यह महोत्सव 27 से 30 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

दिन की दूसरी प्रस्तुति राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी की रही, जिसने सामाजिक संवेदनाओं को झकझोरने वाला विषय चुना। 'हम सब पेड़ हैं, सूख रहे हैं तो क्या काट दिए जाएं' जैसे संवादों ने सभागार में मौजूद हर दर्शक को भीतर तक प्रभावित किया। इसके बाद राजकीय संस्कृत कॉलेज फागली की टीम ने कालिदास कृत 'अभिज्ञान शाकुंतलम्' को मंच पर जीवंत कर दिया। उनका संगीत, नृत्य और सेट डिज़ाइन दर्शकों के लिए किसी दृश्य-उत्सव से कम नहीं था। चौथी प्रस्तुति राजकीय महाविद्यालय संजौली की रही, जिसने शेक्सपियर के नाटक पर आधारित कथा में सत्ता की भूख किस प्रकार विनाश का कारण बनती है, उसे अत्यंत प्रभावपूर्ण ढंग से दिखाया। लंच से पूर्व राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की प्रस्तुति भी हुई।


नाटक 'इतिहास बाकी' का मंचन करते कलाकार।

पोस्ट-लंच सत्र में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में रिटायर्ड प्रोफेसर (अंग्रेजी) डॉ. कश्मीर सिंह कश्यप उपस्थित रहे, लेकिन दिन का सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावशाली क्षण राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की प्रस्तुति के दौरान सामने आया। समाचार लिखे जाने तक हो चुकी प्रस्तुतियों में बिलासपुर कॉलेज की प्रस्तुति 'इतिहास बाकी' ने दर्शकों को थाम लिया। एक बंगाली नाटककार द्वारा लिखित इस नाटक ने मानव मन की उलझनों, आत्म-संघर्ष और आंतरिक जटिलताओं को जिस गहराई से मंच पर उकेरा, वह बेहतरीन निर्देशन और कलाकारों की सशक्त अभिनय क्षमता का प्रमाण था। नाटक के हर दृश्य में भावनाओं की तीव्रता, संवादों की गहराई और कलाकारों की अदाकारी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभागार में मौजूद लोगों ने प्रस्तुति के बाद लंबे समय तक ताली बजाकर टीम बिलासपुर का उत्साह बढ़ाया। कई दर्शकों ने इसे दिन की सबसे प्रभावशाली और विचारोत्तेजक प्रस्तुति करार दिया।

# पूर्व मंत्री रामलाल ने नम्होल स्कूल में नवाजे मेधावी बच्चे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल में क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस वार्षिक समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने की। क्लस्टर स्तरीय इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल के अलावा राजकीय उच्च पाठशाला टेपरा खास, राउपा घ्याल, राउपा जामला, रामापा पलोग एवं राजकीय केन्द्र प्राथमिक पाठशाला नम्होल सहित कुल 6 पाठशाताओं का इकट्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में द्वीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बच्चों को नशे से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी नशे की दलदल में फंसती जा रही है, इसलिए अभिभावकों और शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को सही दिशा दिखाएं। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने तथा अनुशासन और परिश्रम को जीवन का आधार बनाने की सलाह दी। समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल पीएल शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और पूरे वर्ष की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक दोनों क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### मदन सिंह ठाकुर को ब्लॉक अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सोहन वर्मा ने ब्लॉक किसान कांग्रेस चंबा-II की नई कार्यकारिणी को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसकी आधिकारिक सूची जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार द्वारा जारी की गई। ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में मदन सिंह ठाकुर की नियुक्ति की गई है। उपाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार और महेंद्र कुमार, जबकि सचिव पद पर राहुल कुमार, गुग्गू, अजेश कुमार और प्रवेद कृष्ण को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन सचिव के रूप में प्रवीण कुमार और राज कुमार, कोषाध्यक्ष के रूप में धर्म चंद, संयुक्त सचिव के रूप में मनोज कुमार और राकेश कुमार, तथा प्रैस/मीडिया सचिव के रूप में राजेश कुमार नियुक्त हुए हैं। जिला किसान कांग्रेस के संगठन सचिव हरिंदर ठाकुर को ब्लॉक प्रभारी बनाया गया है। डॉ. दिनेश कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी 'रावी पार' क्षेत्र में किसानों-बागवानों की समस्याओं का समाधान करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएगी।

### मौनपालन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** उद्यान विभाग भरमौर द्वारा भरमौर के लोगों के लिए पांच दिवसीय मौनपालन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलदीप सिंह राणा ने आज ग्राम पंचायत भरमौर के सभागार में किया। यह प्रशिक्षण शिविर 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक चलेगा। एडीएम ने बेरोजगार नौजवानों को मधुमक्खी पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा प्रशिक्षण के लिए उद्यान विभाग को शुभकामनाएं दीं। डॉ मनोहर लाल विषय विशेषज्ञ उद्यान विभाग भरमौर ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में 50 किसान भाग ले रहे हैं जो पांच दिनों तक मधुमक्खी पालन का गुर सीखेंगे।

### सुनील को सह मीडिया प्रभारी की कमान

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल त्रिलोचन की कार्यकारिणी का विस्तार मंडल अध्यक्ष पंकज ठाकुर द्वारा किया गया। इसमें सह मीडिया प्रभारी सुनील कुमार, सोशल मीडिया सह संयोजक परी ठाकुर, आईटी सहसंयोजक मनोज कुमार और कार्यकारिणी सदस्य निखिल शर्मा व धनंजय शर्मा को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यकारिणी गठन से पूर्व मंडल अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष मिलाप ठाकुर और भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन भारद्वाज से विचार-विमर्श किया। पंकज ठाकुर ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य भरमौर विधानसभा में भाजपा को मजबूत करना और संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाना है।

### किलोड में दर्जन गांव रोड सुविधा से वंचित

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** मैहला ब्लॉक के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत किलोड के एक दर्जन गांव जो रोड सुविधा से वंचित हैं। स्थानीय लोगों लीलू चौहान चेलो देवी रवि कुमार प्रवीण कुमार संजय शर्मा मानसिंह शर्मा प्रिथो राम रिंकू कुमार सुफल संजय कुमार सोनू कुमार लालू विक्की नेक राज अमित कुमार राकेश कुमार नरेश कुमार इत्यादि लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत हाल ही में हुए ग्राम पंचायत किलोड बटोट् से ऊपर का सेरी सर्वे में जिसमें गांव खड़ेयारा कोकड़ा किलोड लोहारका फाट भामल लिगुरू चडोग अमलोथा डिबरड़नागवान माओ वासुकी नाग कंडा आदि गांव छूट गए हैं। लाभार्थियों की संख्या लगभग 1200 के करीब है स्थानीय लोगों का कहना है की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत छूटे हुए एक दर्जन गांवों को भी जोड़ा जाए ताकि छूटे हुए गांव वासियों को भी इस रोड सुविधा का लाभ मिल सके।

### कृष्णा ब्वॉयज ने रेटा को 18 रन से हराया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एनएसयूआई जिला चम्बा द्वारा नशा-मुक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्रिकेट टूर्नामेंट से हुई, जिसमें पहला रोमांचक मुकाबला कृष्णा ब्वॉयज और रेटा टीमों के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कृष्णा बॉयज ने निर्धारित 10 ओवर में 88 रन बनाए। टीम के विक्रम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 33 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेटा की टीम 70 रन ही बना सकी। रेटा की ओर से नवु ने 23 रनों की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इस तरह कृष्णा बॉयज ने यह मुकाबला 18 रनों से अपने नाम किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग को नशे से दूर रखने और खेलों के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि खेल स्वस्थ समाज और सशक्त युवाओं की पहचान हैं, इसलिए ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देना आवश्यक है। कार्यक्रम में एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष तरुण, कार्तिक, यमन, महासचिव रोशन सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विज्ञान व सकारात्मक सोच पर दिया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम. श्री राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय चंबा के प्राणी विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अविनाश थे, जिन्होंने विज्ञान, आविष्कारों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर सारगर्भित प्रस्तुति दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि विज्ञान न केवल भौतिक और मानसिक विकास में बल्कि सामाजिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रो. अविनाश ने सकारात्मक सोच अपनाने, नकारात्मक आदतों को छोड़ने और आत्मविश्वास बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ मूल्यों और संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता भी बताई। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में अपने प्रश्न पूछे, जिनका समाधान प्रो. अविनाश ने विस्तारपूर्वक किया। विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार और अन्य शिक्षक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्य सहकारी बैंक शाखा सरोल द्वारा नाबार्ड के सहयोग से ग्राम मणी, ग्राम पंचायत मणी में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा सरोल के कार्यकारी सहायक दीप कुमार ने की। शिविर के दौरान कार्यकारी सहायक ने उपस्थित ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी वित्तीय योजनाओं तथा आर्थिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं के समय वित्तीय सुरक्षा के महत्त्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि समय पर उठाए गए कदम लोगों को आर्थिक जोखिम से बचा सकते हैं। ग्रामीणों को प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना के प्रावधानों, लाभों और नामांकन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन लेनदेन में अपनाई जाने वाली सावधानियों तथा बढ़ते साइबर धोखाधड़ी के खतरों के प्रति लोगों को जागरूक किया। यह शिविर ग्रामीणों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### जडेरा में वन अधिकार कानून पर कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एक्शन ऐड एसोसिएशन चम्बा द्वारा वन अधिकार कानून 2006 के बीस वर्ष पूर्ण होने पर 'उपलब्धियां, चुनौतियां एवं आगामी दिशा' विषय पर जागरूकता अभियान के तहत आज पंचायत घर जडेरा में एक प्रभावी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को वन अधिकार कानून की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि यह कानून एक ऐतिहासिक कदम है, जो 13 दिसंबर 2005 से पूर्व वन भूमि पर निवास कर रहे लोगों के पारंपरिक अधिकारों को कानूनी मान्यता प्रदान करता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बताया गया कि वे इस कानून के तहत अपने व्यक्तिगत तथा सामुदायिक दावे तैयार कर सकते हैं और अपनी वन अधिकार समिति (एफआरसी) के माध्यम से इन्हें उप-मंडल स्तरीय समिति (एसडीएलसी) तथा जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) को भेज सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन एक्शन ऐड एसोसिएशन मरेडी, चंबा के हसन दीन ने किया। उन्होंने बताया कि वन अधिकार कानून को लेकर यह व्यापक जागरूकता अभियान पूरे चम्बा जिले में निरंतर चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को उनके अधिकारों की सटीक जानकारी मिल सके।

### चंबा चौगान में विधिक साक्षरता शिविर कल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण प्रीति ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में 30 नवंबर (रविवार) को चंबा चौगान में विधिक साक्षरता शिविर (मेगा लीगल लिटरेसी कैंप) आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं कार्यकारी अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक सिंह ठाकुर विधिक साक्षरता शिविर के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे होगा। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रंजन शर्मा एवं विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह शिविर नशा मुक्त समाज-संकल्प, पर्यावरण संरक्षण - भूमंडल रक्षण, तथा आपदा पीड़ित पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहेगा। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए प्रदर्शनी इकाइयां भी स्थापित की जाएंगी।

# मवेशियों को चराने गई महिला को जंगली भालू ने नोचा, मौत

## शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा, क्षेत्र में शोक की लहर

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान



**भरमौर।** खनी पंचायत में जंगली भालू के हमले में एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान खनी निवासी सत्या देवी पत्नी मेघ सिंह उम्र 57 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक महिला हर रोज की तरह अपने मवेशियों को चराने के लिए दुग बनाह नामक स्थान की तरफ गई थी। उसके साथ गांव की दो अन्य महिलाएं भी थी। हर रोज की भांति अपनी मिल्कियत भूमि में मवेशियों को चरा रही थी कि अचानक भालू ने उस पर हमला कर दिया तथा उसके मुंह और सिर को बुरी तरह से नोच दिया। यही भी भालू ने उसे अपने नुकीले नाखूनों की सहायता से लगभग पचास मीटर तक घसीटता हुआ खींचकर ले गया।

**प्रशासन व वन विभाग को राहत कार्य का निर्देश**

जिस कारण महिला के पूरे शरीर में गहरे जख्म हो गए। जब वह जोर से चिल्लाई तो साथ गई अन्य महिलाओं को घटना का पता चला मगर तब तक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। साथ गई महिलाई ने घटना की जानकारी उप प्रधान सुनील कुमार को दी जिन्होंने पुलिस व वन विभाग को तुरंत सुचित किया। पुलिस तथा वन विभाग की टीम की देखरेख में शव को पोस्टमार्टम के लिए भरमौर नागरिक अस्पताल ले जाया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतिका अपने पीछे पूर्व सैनिक पति एवं दो बेटे छोड़ गई है। पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। लोगों ने वन विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि इस तरह के नुकसान करने वाले भालुओं से निजात दिलाई जाए। इस संदर्भ में वन परिक्षेत्र अधिकारी नेजर सिंह ने बताया कि प्रभावित परिवार को सरकारी मापदंडों के अनुसार राहत एवं मदद प्रदान की जाएगी।

## चंबा में खाद्य आपूर्ति विभाग की कार्रवाई, 18 दुकानों पर की छापेमारी

# रेट लिस्ट न लगाने पर 10 दुकानों पर की कार्रवाई

अनंत ज्ञान, चंबा



चंबा शहर और आसपास के क्षेत्रों में महंगाई पर नियंत्रण और उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा को लेकर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने शुक्रवार को एक बड़ी और प्रभावशाली छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व जिला नियंत्रक कर्ण ठाकुर ने किया, जिनकी अगुवाई में विभागीय टीम ने कई बाजारों में अचानक निरीक्षण कर दुकानदारों की कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण के दौरान विभागीय टीम ने 18 फल एवं सब्जी दुकानों की जांच की, जिनमें से 10 दुकानों पर मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं पाई गई, जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है। उपभोक्ताओं से मनमाने दाम वसूलने की आशंका को देखते हुए विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कुल 18,935 मूल्य की सब्जियों को जब्त कर लिया। जिला नियंत्रक कर्ण ठाकुर ने बताया कि मूल्य सूची न लगाना उपभोक्ताओं को भ्रमित करने और मनमानी कीमतें वसूलने का साधन बन जाता है, जिसे विभाग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने सभी व्यापारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि प्रतिदिन अपडेट की गई मूल्य सूची दुकान में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें, अन्यथा भविष्य में और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कर्ण ठाकुर ने यह भी कहा कि विभाग का उद्देश्य व्यापारियों को परेशान करना नहीं बल्कि उपभोक्ताओं को उचित दाम, पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की कि वे दुकानों में मूल्य सूची अवश्य देखें और किसी भी अनियमितता की स्थिति में विभाग को तुरंत सूचित करें।

विभाग ने कहा कि पहले भी वार्निंग दी गई थी लेकिन उसपे अमल नहीं किया गया इस सघन निरीक्षण अभियान में मनोज कुमार एवं रणबीर सिंह निरीक्षक (खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले) चंबा तथा भटियात के निरीक्षक सक्रिय रूप से शामिल रहे और पूरे अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# मांगों को लेकर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

## जिला संयोजक ललित वर्मा के नेतृत्व में बोला हल्ला, प्रदेश सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

राहुल सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जिला चंबा ने शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदेश सरकार के विरुद्ध जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। आयोजन का नेतृत्व जिला संयोजक ललित वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि अभाविप समय-समय पर छात्र और समाज से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष करती रही है, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार ने शिक्षा, कानून-व्यवस्था और युवाओं से जुड़े प्रश्नों की लगातार अनदेखी की है।



उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

ललित वर्मा ने प्रदेश की मौजूदा स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि 'हिमाचल, जो अपनी सरलता और शांत संस्कृति के लिए जाना जाता था, आज अव्यवस्थित कानून-व्यवस्था और बढ़ती नशा-खोरी के कारण बदनाम हो रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में नशे का जाल फैलता जा रहा है और जिन अधिकारियों ने इस पर सख्त कार्रवाई की, उन्हें ही दबाया जा रहा है। यह स्थिति, वर्मा के अनुसार, प्रदेश सरकार की नीतियों पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।

रोजगार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि 'सरकार सत्ता में आने से पहले 5 लाख नौकरियों का वादा करती थी, परंतु तीन साल बाद भी यह केवल जुमला साबित हुआ है। सरकार जश्न मना रही है, लेकिन यह जश्न बेरोजगारी, गुंडाराज और जंगलराज का है। उन्होंने कहा कि सरकार 'व्यवस्था परिवर्तन' का नारा देकर सत्ता में आई थी, परंतु अब 'व्यवस्था पतन' की स्थिति बन चुकी है।

ललित वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर प्रदेश सरकार जल्द कार्रवाई नहीं करती है, तो अभाविप हजारों युवाओं को साथ लेकर सड़कों से सदन तक बड़ा आंदोलन चलाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी अशांति की पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

**अभाविप ने रखीं ये 11 मांगें**

1. छात्र संघ चुनाव तुरंत बहाल किए जाएं।
2. एसपीयू का दायरा बढ़ाया जाए।
3. कृषि विश्वविद्यालय की 112 हैक्टेयर भूमि का हस्तांतरण रोका जाए।
4. कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर और नौनी विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति नियुक्त किए जाएं।
5. केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के भवन निर्माण हेतु लंबित 30 करोड़ रुपये तुरंत जमा करवाए जाएं।
6. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्णरूप से लागू किया जाए।
7. महाविद्यालयों एवं क्षेत्रीय केंद्रों की आधारभूत संरचना सुदृढ़ की जाए।
8. विश्वविद्यालयों में मूल्यांकन प्रक्रिया को मजबूत किया जाए।
9. प्रदेश के 100 स्कूलों को परिवर्तित करने का निर्णय वापस लिया जाए।
10. 5 लाख नौकरियों के 'झूठे दावों' को बंद कर स्थायी रोजगार दिया जाए।
11. बिगड़ती कानून-व्यवस्था और बढ़ती नशा-खोरी पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

### युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण में 74 प्रतिभागी नवाजे

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी में आयोजित सात दिवसीय युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि डीएसपी डलहौजी मयंक शर्मा ने प्रशिक्षित युवाओं को सम्मानित किया और नशा मुक्त जीवन, आपदा प्रबंधन की महत्ता व भविष्य में उनकी भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में डीडीएमए चम्बा के सुमित गुप्ता और युवा हॉस्टल डलहौजी के मैनेजर देवेंद्र शर्मा ने युवाओं को प्रेरक संदेश दिए। प्रशिक्षण में प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव तकनीक, आग बुझाने की विधियाँ, मानसिक संतुलन बनाए रखना, संचार व्यवस्था और समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। इस प्रशिक्षण में डिग्री कॉलेज चम्बा, डिग्री कॉलेज लिल्ह कोठी और भरमौर से कुल 74 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंत में सभी अतिथियों ने युवाओं को समाज सेवा में सक्रिय योगदान के लिए शुभकामनाएं दी।

### शीतकालीन तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शीतकालीन तैयारियों को लेकर आयोजित वर्चुअल बैठक में जिले की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपमंडल स्तर पर की गई तैयारियों, सड़क, विद्युत, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और दूरस्थ क्षेत्रों से संपर्क बनाए रखने के प्रयासों का विवरण प्रस्तुत किया। एडीएम ने जनजातीय उपमंडल पांगी में राशन की आपूर्ति, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ट्रैकिंग गतिविधियों पर प्रतिबंध, संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक मशीनरी और एलपीजी-सिलेंडर की अतिरिक्त व्यवस्था जैसी तैयारियों की जानकारी साझा की। उन्होंने दूरसंचार सेवाओं में सुधार के लिए कंपनियों को निर्देश भी दिए। बैठक में जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति कर्ण ठाकुर, जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा, विद्युत और जल शक्ति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### एंटीबायोटिक प्रतिरोध वैश्विक चुनौती: गुप्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पं. जवाहर लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज चंबा के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग ने छात्र केंद्रीय संघ के सहयोग से 'विश्व रोगाणुरोधी प्रतिरोध जागरूकता सप्ताह' का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य एंटीबायोटिक दवाओं के अति और गलत उपयोग से बढ़ते रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता ने बताया कि एंटीबायोटिक प्रतिरोध वैश्विक चुनौती है और समय रहते जागरूक नहीं हुए तो साधारण संक्रमण भी जानलेवा हो सकते हैं। उन्होंने मरीजों को एंटीबायोटिक का पूरा कोर्स करने, दवाएं साझा न करने और बिना पर्चे दवा न लेने की सलाह दी। विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीधर राव ने विभाग के प्रयास और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। छात्र भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेकर एएमआर से जुड़ी समस्याओं और समाधानों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक, वरिष्ठ डॉक्टर और छात्र संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### युवा आत्मनिर्भर बनने के लिए किए प्रेरित

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** युवाओं को स्वरोज़गार और उद्यमिता के लिए प्रेरित करने हेतु राजकीय महाविद्यालय सलूणी में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम भारत सरकार की रेज़िंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई प्रोग्राम (रैम्प) योजना और हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहिंदर सलारिया ने किया। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि सलूणी क्षेत्र में कृषि, बागवानी, औषधीय पौधों, दुग्ध उत्पादन और पर्यटन में असीम संभावनाएँ मौजूद हैं। प्रोजेक्ट प्रतिनिधि गौरव शर्मा ने योजना और प्रशिक्षण प्रक्रिया की जानकारी साझा की, जबकि उद्यमी रियाज़ मोहम्मद ने अपने संघर्ष और सफलता की प्रेरक कहानी प्रस्तुत की। सहायक प्राध्यापक शुभम डोगरा के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। यह पहल चंबा क्षेत्र में उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

### पीएम श्री चंबा के छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम श्री सरकारी बाल उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा के छात्रों ने ग्रीन स्कूल पहल के तहत खज्जियार और काला टॉप वन्यजीव अभयारण्य का शैक्षिक भ्रमण किया। छात्रों ने झील, जंगल और वन्यजीवों का अध्ययन किया, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के महत्व को समझा। वन विभाग और शिक्षकों के मार्गदर्शन में मृदा परीक्षण, पौधों की पहचान और स्वच्छता अभियान में भाग लेकर विद्यार्थियों ने प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाई और व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

## राजस्व मंत्री के बयान पर भड़की भाजपा, विधानसभा अध्यक्ष से की कड़ी कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के बयान ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। भाजपा चंबा ने मंत्री के कथित दुर्व्यवहार और आपत्तिजनक भाषा की कड़ी निंदा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल ने कहा कि राजस्व मंत्री को अपनी भाषा व आचरण पर नियंत्रण रखना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ मंत्री द्वारा दिए गए बयान न केवल असंसदीय हैं बल्कि सदन की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाले भी हैं। नरयाल ने कहा कि मंत्री ने भूमि सौदों से जुड़े मुद्दों पर अनावश्यक सवाल उठाए और बार-बार बदतमीजी की सीमाएं लांघीं, जिससे सदन की कार्यवाही बाधित होने का खतरा पैदा हो रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और उनके मंत्रीमंडल ने कभी भी इस प्रकार की बयानबाजी नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार विपक्ष को मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रही है, जबकि सरकार के पास युवाओं को रोजगार देने की ठोस योजना नहीं है और न ही कर्मचारियों-पेंशनरों को लाभ देने के लिए पर्याप्त संसाधन। उन्होंने कहा कि डीए सहित कई लंबित लाभ न मिलने के कारण पेंशनर वर्ग आज धरने-प्रदर्शन को मजबूर है। नरयाल ने कहा कि बुढ़ापे में पेंशनरों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है, यह सरकार की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्व मंत्री सदन में मुद्दों पर न बोलकर लगातार सराज और जयराम ठाकुर को निशाना बनाने में लगे रहते हैं, जिससे उनकी टिप्पणी निजी विरोधाभास तक सीमित रह जाती है। भाजपा ने स्पष्ट किया कि यदि ऐसी भाषा और व्यवहार जारी रहा तो विपक्ष सदन में मंत्री की बात सुनने से भी इंकार कर सकता है।

# खो-खो टूर्नामेंट में शिमला कॉलेज ने रोहड़ू टीम को 16-12 से दी शिकस्त



जिलास्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में मुख्यातिथि को सम्मानित करते संघ के पदाधिकारी व अन्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जिला शिमला खो-खो संघ द्वारा शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालूगंज में जिलास्तरीय सीनियर महिला व पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिला की 10 महिला व पुरुष टीमों के 140 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान कोटशेरा व आईटीआई शिमला की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें चौड़ा मैदान कालेज की टीम ने 26-17 अंकों के अंतर मैच जीत लिया। वही महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला आरकेएमवी कालेज शिमला ने रोहड़ू की टीम को 16-12 अंकों के अंतर से मैच अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन पर आईटीआई शिमला के प्रधानाचार्य कार्तिक ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला शिमला खो-खो संघ के अध्यक्ष एल आर वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी अब 13 व 14 दिसम्बर को एम एस एल एम कालेज सुंदरनगर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिमला जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मौके पर संघ के महासचिव वीर चंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष सोनी, उपाध्यक्ष नरेश वर्मा, रतन ठाकुर, संयुक्त सचिव विशाल ठाकुर व कोषाध्यक्ष कमल किशोर शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वॉलीबाल में जुब्बल की लड़कियों व संधोल के लड़कों ने जीता खिताब



अनंत ज्ञान, सरकाघाट

संधोल में चल रही जूनियर स्टेट वॉलीबाल चैंपियनशिप का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों से लगभग 350 खिलाड़ियों ने भाग लेकर खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। लड़कियों की प्रतियोगिता में सिरमौर तीसरे स्थान पर, वॉलीबाल प्रतियोगिता में सिरमौर की टीम ने खेलो इंडिया सेंटर कुल्लू को हराकर अपने नाम किया।

किन्नौर की टीम को पराजित करते हुए जुब्बल की लड़कियों ने खिताब अपने नाम किया। यह मैच बेहद रोमांचक रहा और दर्शकों की तालियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। लड़कों की प्रतियोगिता में संधोल ने रोहड़ू को हराकर खिताब जीता। लड़कों के वर्ग में खेलो इंडिया सेंटर संधोल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में रोहड़ू स्पोर्ट्स हॉस्टल एवं कॉम्प्लेक्स की टीम को मात दी। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री और भारतीय वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर रहे। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं भारतीय वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बलवंत सिंह, विद्या सागर, खेम सिंह, रजत ठाकुर, शैलेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मंडी में 11 को होगा जन संकल्प सम्मेलन: अनिरुद्ध सिंह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने मंडी में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 11 दिसंबर को जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसे सरकार ने किसी उत्सव के बजाय आपदा प्रभावितों के प्रति समर्पित कार्यक्रम के रूप में तैयार किया है और इसी दिन आपदा प्रभावितों को राहत राशि सीधे उनके खातों में डाल दी जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में वर्तमान में आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू होने के कारण पंचायती राज चुनाव उसके हटने के बाद ही करवाए जाएंगे, वहीं उन्होंने कहा कि यह पूर्णतः आपदा प्रभावितों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा जन संकल्प सम्मेलन है। मंत्री ने कहा कि भाजपा के सभी विधायक जिला प्रशासन से निमंत्रण प्राप्त करेंगे और सम्मेलन में सभी जनप्रतिनिधि भाग ले सकते हैं उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं कि प्रभावितों को राशि नहीं मिली, इसलिए राहत राशि को लेकर किसी तरह की शंका न रहे, इसलिए लाभार्थियों के खातों में राशि सम्मेलन के दिन ही ट्रांसफर की जाएगी। अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि इस सम्मेलन में 20,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है और राहत राशि का वितरण व्यवस्थित तरीके से किया जाएगा।



प्रेसवार्ता करते पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह व नगर एवं पर्यावरण, नगर विकास प्राधिकरण एवं आवास मंत्री राजेश धर्माणी व धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ठाकुर।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वे समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें पार्किंग व्यवस्था, आगमन-निगमन मार्ग, सम्मेलन स्थल की व्यवस्था, सुरक्षा, मंच प्रबंधन सहित सभी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई और बेहतर प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर एवं पर्यावरण, नगर विकास प्राधिकरण एवं आवास मंत्री राजेश धर्माणी तथा धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर ठाकुर और उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

**आपदा प्रभावितों को उसी दिन खातों में मिलेगी राहत राशि**

## सतीश गुलेरिया को श्रेष्ठ कर्मचारी घोषित कर स्टार से नवाजा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर निगम की साधारण सभा की बैठक में सतीश गुलेरिया सफाई निरीक्षक को माह का श्रेष्ठ कर्मचारी घोषित कर स्टार से सम्मानित किया गया। निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा, उप महापौर माधुरी कपूर और आयुक्त रोहित राठौर द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभी पार्षदों ने भी उन्हें बधाई दी।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, ओमी देवी** (उम्र 62 वर्ष) पत्नी श्री ओम चंद निवासी गांव नाउ, पीओ औट, तहसील औट जिला मंडी, हि.प्र. घोषणा करती हूं कि आधार कार्ड में अपना नाम ओमा देवी के स्थान पर ओमी देवी सुधारना चाहती हूं। ओमी देवी और ओमा देवी एक ही महिला हैं। सभी संबंधित नोट करें।

संसार में दूसरों के मत से अपनी धारणा बनाना आसान है। स्वयं अपनी धारणा लिए हुए एकाकी रहना भी आसान है, परंतु महान पुरुष वह है जो भीड़ में रह कर भी मधुर मुस्कान से एकाकी धारणा बनाए रखे। -एमर्सन

## संपादकीय

# मानवता से परे व्यवहार

जिंदगी अनमोल होती है, और इसे बचाने की जद्दोजहद में इंसान हर संभव प्रयास करता है, परंतु सबसे कष्टप्रद स्थिति तब उत्पन्न होती है जब किसी असहाय व्यक्ति का इलाज इसलिए नहीं किया जाता, क्योंकि उसके पास पैसे नहीं होते हैं। यह सत्य है कि इंसान का जीवन उसकी संपत्ति से कहीं अधिक मूल्यवान है, लेकिन हमारी व्यवस्था ने इस बुनियादी सत्य को खो दिया है। अस्पतालों में मरीजों को इलाज से वंचित रखना सिर्फ अमानवीय ही नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक रूप से भी गलत है। पिछले कुछ वर्षों में सरकारी और निजी दोनों प्रकार के अस्पतालों में यह वाद-विवाद बढ़ते जा रहे हैं कि मरीजों का इलाज तभी होगा, जब पहले भुगतान किया जाए। यही वह स्थिति है जिसमें कई बार लोग अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। ऐसे में करेल हाईकोर्ट का हाल ही में दिया गया निर्णय बेहद महत्वपूर्ण और सराहनीय है, जिसमें कहा गया कि इमरजेंसी के मामलों में इलाज के लिए पैसे की बात पहले न की जाए। इस फैसले से लाखों असहाय लोगों को राहत मिल सकती है, जो किसी गंभीर बीमारी या दुर्घटना में फंसे होते हैं और तत्काल इलाज की जरूरत होती है, लेकिन पैसे का इंतजाम नहीं कर पाते।

करेल हाईकोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले ने अस्पतालों के व्यवहार को सख्ती से चुनौती दी है, जो आमतौर पर इलाज के लिए मरीजों से पहले भुगतान की मांग करते हैं। यदि किसी मरीज के पास पैसे नहीं हैं, तो उसे इलाज से मना कर दिया जाता है, जिससे उसकी हालत बिगड़ती जाती है और कई बार तो उसे अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। यह एक गंभीर और संवेदनहीन समस्या है, जो समाज के सबसे कमजोर वर्ग को प्रभावित करती है। अस्पतालों का यह रवैया न केवल एक चिकित्सा संस्थान के कर्तव्यों का उल्लंघन है, बल्कि यह समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी को भी नकारता है। डॉक्टरों को भगवान के समान सम्मान और दर्जा दिया जाता है, लेकिन जब वे मरीजों को इलाज देने में असमर्थ होते हैं, क्योंकि अस्पताल प्रशासन पैसों के लिए इलाज रोक देता है, तो यह स्थिति अत्यंत निराशाजनक और अमानवीय हो जाती है।

हमें यह स्वीकार करना होगा कि अस्पतालों का मुख्य उद्देश्य मरीजों को जीवन की रक्षा करना है, न कि वित्तीय लाभ को प्राथमिकता देना। किसी भी मरीज को सिर्फ इसलिए इलाज से वंचित नहीं किया जा सकता, क्योंकि उसके पास तत्काल भुगतान करने के लिए पैसे नहीं हैं। यह विचार ही समाज की भलाई के खिलाफ है, और इसे पूरी तरह से नकारा जाना चाहिए। अस्पतालों का दायित्व यह होना चाहिए कि वे किसी भी मरीज को इलाज से मना न करें, चाहे वह कितने भी गरीब क्यों न हों, और उसकी चिकित्सा स्थिति को प्राथमिकता दें। यहां यह स्पष्ट करना जरूरी है कि किसी व्यक्ति का जीवन उसके आर्थिक स्थिति से ज्यादा मूल्यवान होता है।

करेल हाईकोर्ट के फैसले के बाद यह उम्मीद जगी है कि अब अस्पतालों में इस तरह की घिनौनी प्रथा पर रोक लगेगी, जहां पैसे के बिना इलाज नहीं होता। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि यदि किसी मरीज की हालत गंभीर है और उसे तुरंत इलाज की जरूरत है, तो अस्पताल को पहले इलाज देना चाहिए और बाद में पैसे की बात करनी चाहिए। यह कदम मानवाधिकारों की रक्षा करने और असहाय व्यक्तियों के लिए राहत प्रदान करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। इस फैसले से उन परिवारों को राहत मिलेगी जो बीमारी या दुर्घटना के चलते अचानक वित्तीय संकट का सामना कर रहे होते हैं और इस समय पैसे का इंतजाम करना उनके लिए मुश्किल हो सकता है।

सामाजिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो यह अस्पतालों का कर्तव्य बनता है कि वे समाज में अपना योगदान दें और किसी भी मरीज को इलाज से मना न करें। अस्पताल प्रबंधन को यह समझना चाहिए कि पैसों का मुद्दा बाद में हल किया जा सकता है, लेकिन किसी की जान का मूल्य कभी नहीं हो सकता। जब एक अस्पताल किसी गरीब या असहाय व्यक्ति को इलाज से मना करता है, तो यह न सिर्फ उसके मानवाधिकार का उल्लंघन होता है, बल्कि अस्पताल की नैतिकता और उसकी सामाजिक जिम्मेदारी को भी नकारता है। करेल हाईकोर्ट का यह निर्णय समाज में न्याय, समानता और मानवता के विचार को बल देता है। यह अस्पताल प्रबंधनों को यह समझाने का एक मौका है कि उनका कार्य सिर्फ वित्तीय लाभ कमाना नहीं, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्ग की सेवा करना है। इससे यह भी उम्मीद जताई जा सकती है कि भविष्य में अस्पतालों का रवैया ज्यादा मानवतावादी होगा और वे मरीजों के इलाज को एक व्यापारिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि एक सेवा के रूप में देखेंगे। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### परमवीर चक्र विजेता


**कैप्टन** गुरबचन सिंह सालारिया भारतीय सेना के उन वीर योद्धाओं में से हैं जिन्होंने कम उम्र में ऐसा पराक्रम दिखाया जो आज भी सैन्य इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। 29 नवंबर 1935 को पंजाब के शकरगढ़ तहसील स्थित जनवल गांव में जन्मे गुरबचन सिंह बचपन से ही बहादुरी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के संस्कारों से घिरे रहे। उनके पिता ब्रिटिश-इंडियन आर्मी में कार्यरत थे, जिनकी वीरता की कहानियां बचपन से ही उन्हें सैन्य जीवन की ओर प्रेरित करती रहीं। शिक्षा के दौरान वे 1946 में किंग जॉर्ज रॉयल मिलिट्री कॉलेज, बेंगलोर पहुंचे और बाद में जालंधर शाखा में स्थानांतरित हुए। इसके बाद वह नेशनल डिफेंस अकादमी में चयनित हुए, जहां उन्होंने अनुशासन, साहस और नेतृत्व क्षमता के दम पर खास पहचान बनाई।



**गुरबचन सिंह सालारिया**
**जन्म :** 29 नवंबर, 1935
**मृत्यु :** 5 दिसंबर, 1961

उनका सैन्य जीवन असली परीक्षा के दौर में तब पहुंचा जब 3/1 गोरखा राइफल्स के अधिकारी के रूप में उन्हें संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना के साथ कांगो भेजा गया। वर्ष 1961 में कांगो में विदेशी भाड़े के सैनिकों और व्यापारियों ने संयुक्त राष्ट्र के मिशन को बाधित कर दिया था। 5 दिसंबर 1961 को एलिजाबेथ विला के पास संयुक्त राष्ट्र की टुकड़ियों पर हमला रोकने के लिए कैप्टन सालारिया को केवल 16 सैनिकों के साथ एक अत्यंत जोखिमपूर्ण अभियान पर भेजा गया।

उन्होंने साहसिक निर्णय लेते हुए रॉकेट लॉन्चर से दुश्मन की बख्तरबंद गाड़ियों को नष्ट किया और फिर गोरखा राइफल्स की परंपरागत खुखरी लेकर दुश्मन पर टूट पड़े। लगभग सौ विद्रोहियों से मुकाबला करते हुए उन्होंने चालीस से अधिक को मार गिराया। इस भीषण मुठभेड़ के दौरान वे स्वयं भी गंभीर रूप से घायल हो गए और वीरगति को प्राप्त हुए। मात्र 26 वर्ष की आयु में सर्वोच्च बलिदान देने वाले इस वीर सपूत को मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के ऐसे प्रतीक हैं जिनकी गाथा हर भारतीय को प्रेरित करती रहेगी। ■



कविता

### नशा मीठा जहर

रवि कुमार संख्यान, मैहरीं काथला, बिलासपुर (हि.प्र)

**उठी** एक अनैतिक लहर है, तन मन धन को कर दे बर्बाद,
असाध्य बीमारियों को कर दे आबाद, मृत्युदाता के दरबार की,
शार्टकट सोपान,आप न चुनों इस डगर को,
देश के कर्णधारों, विश्व गुरु के दुलारो,यह अभियान चलाना है,
नशे के कुप्रभावों को बताना है, नशा मुक्त समाज अपना बनाना है।
प्रबुद्ध नागरिक का फर्ज निभाना है ।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मासूम चेहरों के पीछे छिपे हैं 'क्रूर आतंकी' मंसूबे



**डॉ. अंशुल उपाध्याय**
**यूजीसी सीनियर रिसर्च फैलो**

आतंकवाद जाति और मजहब के नाम पर गहरा धब्बा है, जो लोग इस कृत्य में शामिल होते हैं उनकी जीवन प्रत्याशा अपने आप कम हो जाती है। एक ओर जहां आतंकी नेटवर्क चलाने के लिए बालकों के दिमाग में जहर और नफरत भरकर उनको कम उम्र में ही इसमें धकेल दिया जाता है।

दूसरी ओर युवाओं को रुपए और उनके परिवार के भरण-पोषण का झूठा वादा कर आतंकी बनने के लिए घसीट लिया जाता है। बदलते परिवेश में मनोवैज्ञानिक तरीके से युवक और युवतियों का धीरे-धीरे ब्रेनवाश कर 15 से 16 वर्ष की आयु तक उन्हें ट्रेंड और क्रूर आतंकी बना दिया जाता है। फिर ये मासूम ऐसा व्यक्ति बन जाता है जिसका खुद का दिमाग चलना बंद हो जाता है और जो भी उन्हें आदेश या टारगेट दिए जाते हैं वे आंख मूंदकर उसे पूरा करने निकल जाते हैं। फिर चाहे उन्हें सुसाइड बंबर बनकर अपने ही शरीर के चीथड़े क्यों ना उड़ाने पड़े। आतंकवादियों को जरा भी इस बात का अफसोस नहीं होता कि उन्होंने कितने मासूमों को मारा है।

इतनी क्रूरता आखिर किसलिए? सरकार को दिखाने के लिए या जनता को डराने के लिए? या फिर अपने शैतानी मंसूबों को पूरा करने के लिए? नि:संदेह ये घटनाएं एक क्रूर मनुष्य के दिमाग से जन्म लेती है और विचलित, ब्रेन लॉक मनुष्य के द्वारा अंजाम तक पहुंचाई जाती हैं, जिनका मकसद समाज में आतंक फैलाना होता है।

आतंकवादी ऐसे लक्ष्य विहीन लोग होते हैं जो कश्मीर की आड़ में कश्मीर को ही खोखला कर रहे हैं। कश्मीर में रहने वाला शायद ही कोई ऐसा परिवार होगा जिसने आतंक के इस डरावने चेहरे का सामान न किया हो। पाकिस्तान में बैठे कुछ लोग अगर कश्मीर की आजादी की बात कर रहे हैं तो इसमें कोई दो मत नहीं कि जितना वह आतंक और नरसंहार फैला रहे हैं, उसके बाद उनसे शांति और करुणा की बात फिजूल ही है।

ये न केवल अपने खूनी मंसूबों को ही अंजाम दे रहे हैं, बल्कि हथियारों का निर्माण और उनकी तस्करी करने वालों को सीधा फायदा पहुंचा रहे हैं। हथियारों की तस्करी करने वाले ये लोग अमीर देशों में बैठे हुए हैं। आतंकवादी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है मिडिल क्लास और निम्न तबके के लोगों का, जबकि इन आतंकियों के जो हुक्मरान होते हैं वह खुद अपने बच्चों और परिवार को लग्जरी लाइफ देते हैं और आमजन को बलि चढ़ाने के लिए आतंकवाद की आग में झोंक देते हैं। वर्तमान घटनाक्रम की बात करें तो दिल्ली के लालकिला के पास हुए जोरदार कार धमाके में डॉ. उमर नबी ने करीब 30-40 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया था। पुलिस इस बात की आशंका जता रही है कि इस धमाके में अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल हुआ है।



सूत्रों के मुताबिक आतंकी ने विस्फोट को और खतरनाक बनाने के लिए अमोनियम नाइट्रेट के अलावा दूसरे पदार्थों का भी इस्तेमाल भी किया होगा, जिसकी जांच अभी चल रही है। इन्हीं केमिकल पदार्थों के द्वारा धमाका काफी जोरदार हुआ था और इसकी गूंज काफी दूर तक सुनाई दी थी। मार्च 2020 में गिरफ्तार अलीपुर महिला सुधार गृह में बंद परवीन जो मौलाना मसूद अज़्हर की बहन और लश्कर- ए-तैयबा की हैंडलर भी है, उससे पूछताछ में पता चला है कि वह खुद जैश की महिला शाखा की प्रमुख सईदा अज़्हर के निर्देशों पर काम करती थी। परवीन कथित तौर पर आतंकवादियों के लिए ऑनलाइन भर्ती का काम संभालती थी और उसकी गतिविधियों पर नज़र रखती थी।

आज आतंकवाद का स्वरूप पहले की तुलना में बहुत बदल चुका है। अब आतंकी केवल पहाड़ों में छिपे बंदूकधारी नहीं रह गए हैं, बल्कि विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले डॉक्टर, इंजीनियर और टेक-सेवी नौजवान भी आतंकी गतिविधियों में फंसे पाए जा रहे हैं। भारत के भीतर व्हाइट कॉलर टेरर का एक जटिल नेटवर्क तैयार किया गया है, जो मेडिकल और तकनीकी पेशों की आड़ में देश की स्थिरता को चुनौती दे रहा है। ये युवा समाज के भरोसेमंद और शिक्षित सदस्य होते हैं, लेकिन आतंकियों के प्रचार और मानसिक जाल में फंसकर खुद को खतरनाक गतिविधियों का हिस्सा बना लेते हैं।

हाल ही में फिदायीन आतंकी डॉ. उमर नबी का मामला इसका भयानक उदाहरण है। 43 वर्षीय उमर, जो फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़ा था, विस्फोटक सामग्री से लदी कार लेकर दिल्ली के वीआईपी इलाकों में घूमता रहा और अंततः इस भयानक विस्फोट को अंजाम दिया। विस्फोट इतना भयंकर था कि उसके शव के कई टुकड़े मोर्चरी में रखे गए। डीएनए जांच से उसकी पहचान हो चुकी है, लेकिन अभी तक किसी ने उसके शव का दावा नहीं किया।

यह घटना इस बात की चेतावनी है कि शिक्षित और युवा वर्ग भी आतंकियों के जाल में फंस सकते हैं। ऐसे युवा केवल अपने जीवन को नहीं खोते, बल्कि अपने परिवार को जीवनभर के लिए बदनामी और सामाजिक बहिष्कार के घेरे में डाल देते हैं। समाज और सरकार के लिए यह एक गंभीर संकेत है कि युवा वर्ग को इस तरह के खतरनाक रास्तों से बचाने के लिए जागरूकता और सुरक्षा उपाय जरूरी हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# मानवता का क्षरण: देवभूमि में बढ़ती अमानवता की चिंताजनक तस्वीर



**राकेश सिंह मन्हास**
**वरिष्ठ प्रबंधक, केसीसी बैंक थुरल, मो. 9816053088**

इस संसारिक जीवन में हम मानव के रूप में जन्म लेते हैं, लेकिन मानवीय होने का चुनाव एक सचेतन प्रक्रिया है, जहां तक हम देख सकते हैं, मानव सभ्यता मानवता और करुणा पर ही जीवित रही है और जीवित रहेगी। मनुष्य के रूप में जन्म लेने से लेकर उच्चतर आत्मा तक की यात्रा, सामूहिक भलाई और चेतना का विचार ही हमें मानवीय बनाता है और हमारे भीतर के दिव्यत्व की खोज करने में मदद करता है, लेकिन वर्तमान परिवेश में मानवता का स्वरूप अपनी छवि खोता हुआ नजर आ रहा है।

आज मानव सकरात्मक प्रगति के विपरीत नकरात्मक दृष्टि लिए अपराधकी ऐसी दुनिया में प्रवेश कर रहा है जो समाज के लिए हानिकारक है। हिमाचल को अक्सर देवी देवताओं की भूमि कहा जाता है और आधुनिक विज्ञान में हुई अत्यधिक उन्नति के उपरांत भी इस प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में अभी भी देवताओं का आदेश सर्वोपरि माना जाता है, लेकिन वर्तमान में इस प्रदेश में हुई ताजा घटनाओं पर गौर किया जाए तो प्रतीत होता है कि देवभूमि में अमानवता अपने पैर पसार चुकी है।

अभी हाल में जिला मंडी के सैन मोहल्ला में बीमार ममता ठाकुर पर अपने ही पति द्वारा तेजाब फेंकने के बाद छत से धक्का दे कर मौत तक पहुंचा देने वाली घटना ने मानवता को झकझोर कर रख दिया है।

अपने जीवन साथी के साथ किया गया यह कृत्य कोई इंसान तो क्या कोई जानवर भी न करे। जिला हमीरपुर में 40 साल की महिला की हत्या का मामला भी एक ताजा घटना है, जिसमें 14 साल के एक लड़के ने दुराचार की कोशिश की और फिर जब अपनी कोशिश में आरोपी नाकाम रहा तो उसने महिला पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। बदकिस्मती से दोनों अभागी महिलाओं ने अंतिम सांस उपचार के दौरान पीजीआई चंडीगढ़ में ली। इन घटनाओं के अतिरिक्त हर समाचार पत्रों में अनेकों घटनाएं पढ़ने को मिलती हैं। कहीं छोटी छोटी बात पर गोलीकांड, गली मोहल्लों में मारपीट, घरेलू हिंसा और अनेक मामले पढ़ते पढ़ते दिल यह सोचने पर मजबूर हो जाता है कि हमारे प्रदेश को किस की नजर लग गई है। जो इंसानियत या मानवता हमारी रगों में समायी थी कहां खो रही है।




मानवता का मूलाधार समानता, भाईचारे और सहनशीलता पर आधारित है। यह न केवल एक नैतिक आदर्श है, बल्कि एक आवश्यक सामाजिक मूल्य भी है। मानवता का उद्देश्य है कि सभी इंसान आपस में मिलजुल कर एक बेहतर समाज का निर्माण करें, जहां हर व्यक्ति की गरिमा और अधिकारों का सम्मान किया जाए न कि हत्या जैसे अपराधों को अंजाम दिया जाए। यह चिंतन योग्य विषय है कि आज के दौर में मानवता का अभाव, क्रूरता और दया, करुणा जैसी मानवीय विशेषताओं में कमी समाज पर प्रहार कर रही है। मनुष्य की हिंसक प्रवति में वृद्धि ने चारों ओर भय का माहौल बना रखा है। यदि देखा जाए तो आज का मानव दूसरे मनुष्य को कष्ट देकर आगे बढ़ने में लगा हुआ है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो धीरे-धीरे पूरे धरती से मानवता खत्म हो जाएगी और हर मनुष्य जानवर की तरह एक दूसरे की हत्या कर देंगे और एक समय ऐसा आएगा जब धरती से मानव नाम का प्राणी का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा, क्योंकि आज मनुष्य ही एक दूसरे मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुका है।

एक अच्छा मानव बनने के लिए दूसरों के दर्द को समझना होगा। अपने बारे में तो हर कोई सोचता है, लेकिन जो दूसरों के बारे में जो सोचता है वही सच्चा इंसान होता है और यही मानवता है, लेकिन आज के समय में बहुत कम ही इंसान के अंदर इंसानियत की भावना व्याप्त है। ज्यादातर व्यक्ति अपने से मतलब रखता है। लगभग सभी धर्म गुरुओं ने मनुष्यों की समानता और भाईचारे पर जोर दिया है, जाति, लिंग या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। इन्होंने अपने संदेश में मानवता के गुणों का व्याख्यान हर मंच पर किया है, लेकिन इसके बावजूद इंसान अपने चंद स्वार्थों के लिए अमानवता की राह में अग्रसर है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सरकारी स्कूलों की नई पहचान-अटल टिंकरिंग लैब भविष्य का निर्माण



**रजनीश रांगड़ा**
**प्रधानाचार्य, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टौणी देवी, जिला हमीरपुर**

एक समय था जब सरकारी स्कूलों को सीमित संसाधनों, परंपरागत पढ़ाई और कम अवसरों से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन आज वही सरकारी विद्यालय तकनीकी नवाचार, वैज्ञानिक सोच और भविष्य निर्माण के सशक्त केंद्र बनते जा रहे हैं।

आज के सरकारी स्कूलों में केवल किताबें और ब्लैकबोर्ड नहीं हैं, बल्कि रोबोट, ड्रोन, कंप्यूटर, 3D प्रिंटर, सेंसर, कोडिंग और डिजाइन की आधुनिक दुनिया भी प्रवेश कर चुकी है। यह ऐतिहासिक परिवर्तन भारत सरकार की दूरदर्शी सोच और शिक्षा को भविष्य के अनुरूप बनाने की ठोस योजनाओं का परिणाम है। इस परिवर्तन की सबसे सशक्त कड़ी है नीति आयोग के अंतर्गत संचालित अटल इनोवेशन मिशन और उसकी प्रमुख पहल अटल टिंकरिंग लैब। इस योजना का उद्देश्य देश के स्कूली विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता, समस्या-समाधान की क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। अटल टिंकरिंग लैब कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए स्थापित की जाती है, जहां उन्हें रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 3D डिजाइन, ड्रोन तकनीक और कोडिंग जैसे आधुनिक क्षेत्रों से जोड़ा जाता है।

आज शिक्षा केवल रटने और परीक्षा पास करने तक सीमित नहीं रह गई है। अब शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को सोचने, समझने, प्रयोग करने, समाधान तलाशने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तैयार करना है। जब कोई बच्चा अपने हाथों से रोबोट बनाता है, उसे प्रोग्राम करता है, उसकी गति नियंत्रित करता है या ड्रोन की उड़ान प्रणाली को समझता है, तो वह केवल एक छात्र नहीं रहता वह एक नवाचारी बन जाता है। अटल टिंकरिंग लैब ने यह प्रमाणित कर दिया है कि प्रतिभा किसी निजी स्कूल या बड़े शहर की मोहताज नहीं होती। प्रतिभा हर उस बच्चे में होती है जिसे सही अवसर और मार्गदर्शन मिल जाए। आज सरकारी स्कूलों के बच्चे भी वही तकनीक सीख रहे हैं जो कभी केवल महंगे निजी स्कूलों तक सीमित समझी जाती थी। रोबोटिक्स, सेंसर आधारित सिस्टम, कोडिंग, 3D प्रिंटिंग और स्मार्ट डिवाइस निर्माण अब सरकारी विद्यालयों में भी सुलभ हो चुका है। रोबोट निर्माण बच्चों को केवल तकनीकी रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक और व्यावहारिक रूप से भी मजबूत बनाता है। आज के समय में सरकारी स्कुलों में दी जा रही तकनीकी शिक्षा एक नए युग की शुरुआत है। पहले, सरकारी स्कूलों को अक्सर गुणवत्ता की दृष्टि से उपेक्षित माना जाता था, लेकिन अब सरकारी स्कूलों में बच्चों को रोबोटिक्स और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाता है। जब बच्चा किसी रोबोट को सुधारता है, अपनी गलतियों से सीखता है और उसे बेहतर बनाता है, तो इसके माध्यम से वह धैर्य, आत्मविश्वास, और निर्णय क्षमता जैसी महत्वपूर्ण जीवन-कौशलों को सीखता है। यह प्रक्रिया उसे जीवन की हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार करती है। विशेष रूप से अटल टिंकरिंग लैब जैसी पहल ने सरकारी स्कूलों में एक नई क्रांति ला दी है। यहां बच्चे जल संरक्षण, स्मार्ट गांव, ऊर्जा बचत, और कृषि तकनीक जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम करते हैं, जिससे उनका समग्र विकास होता है। यह शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को समस्याओं को हल करने और नवाचार करने के लिए प्रेरित करती है। अब सरकारी स्कूलों के बच्चे न केवल तकनीकी विशेषज्ञ बन रहे हैं, बल्कि वे समाज के प्रति जिम्मेदार और जागरूक नागरिक भी बन रहे हैं।



अटल टिंकरिंग लैब और इसी तरह की अन्य पहलें यह साबित करती हैं कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा सस्ती नहीं, बल्कि अत्यधिक सशक्त और भविष्य के लिए तैयार करने वाली है। यहां से निकलने वाले बच्चे सिर्फ नौकरी ढूंढने वाले नहीं होंगे, बल्कि वे नवाचार, समाधान और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले नागरिक बनेंगे। सरकारी स्कूल अब अतीत की पहचान नहीं, बल्कि भविष्य की नींव हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत के कला जगत में सरदार शोभा सिंह का असाधारण योगदान



**मनीष कुमार**
**गांव महाराजनगर (जयसिंहपुर)**

भारत के कला जगत में सरदार शोभा सिंह जी का योगदान असाधारण था। उनका जीवन और कला दोनों ही गहरी आध्यात्मिकता से जुड़े हुए थे। उनका चित्रण न केवल कागज पर रंगों का खेल था, बल्कि वह उनके भीतर की गहरी साधना और सच्चे अनुभवों का परिणाम था। उनके बनाए चित्रों में वह दिव्यता और भावनात्मक शक्ति थी, जो आज भी करोड़ों लोगों के दिलों में गूंजती है।

29 नवंबर 1901 को पंजाब के श्री हरगोबिंदपुर (गुरदासपुर जिला) में जन्मे सरदार शोभा सिंह का जीवन बचपन से ही कला और साधना की ओर झुका हुआ था। उनके पिता, देवा सिंह, एक सेना के घुड़सवार थे, और उनके जीवन में अनुशासन और संघर्ष की भावना को प्रेरित करने का बड़ा हाथ था। शोभा सिंह को बचपन से ही चित्रकला में रुचि थी, हालांकि उनका औपचारिक प्रशिक्षण कम था। 15 वर्ष की आयु में उन्होंने अमृतसर के इंडस्ट्रियल स्कूल में एक साल का कला और शिल्प का कोर्स किया, इसके बाद उन्होंने ब्रिटिश भारतीय सेना में ड्राफ्ट्समैन के रूप में काम करना शुरू किया। यहां रहते हुए, उन्होंने यूरोपीय चित्रकला के तकनीकी पहलुओं का अध्ययन किया और ऑयल पेंटिंग (तेल चित्रकला) में महारत हासिल की। 1947 में भारत का विभाजन हुआ, और इसने सरदार शोभा सिंह के जीवन को गहरे तौर पर प्रभावित किया। विभाजन के कारण उन्हें लाहौर छोड़ना पड़ा, और 1949 में उन्होंने हिमाचल प्रदेश के छोटे से गांव अंद्रेटा में शरण ली। यह गांव उनकी कला की साधना का केंद्र बन गया, जहां उन्होंने अपने चित्रकला के सफर को नए आयाम दिए।

यहां के शांत वातावरण ने उनकी कला को एक नई दिशा दी, और अगले 37 वर्षों तक यही स्थान उनकी कला का केंद्र रहा। अंद्रेटा गाव अब एक कला गैलरी के रूप में प्रतिष्ठित हो चुका है, जो पूरी दुनिया से कला प्रेमियों को आकर्षित करता है। सरदार शोभा सिंह की कृतियां न केवल कला के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वे एक गहरे आध्यात्मिक अनुभव का भी प्रतिफल हैं। विशेष रूप से, उनके द्वारा चित्रित गुरु नानक देव और गुरु गोबिंद सिंह के चित्र सिख धर्म के अध्यात्मिक सत्य और दिव्यता को जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हैं।



गुरु नानक देव जी का चित्र पहली बार शोभा सिंह जी ने ऐसे रूप में बनाया, जिसे सिख समुदाय ने साक्षात दर्शन के रूप में स्वीकार किया। उनका यह कहना कि 'मैंने नहीं बनाया, बस मेरे अंदर से बनाया गया,' उनके चित्रकला के दर्शन को स्पष्ट करता है, जिसमें उन्होंने कला को एक साधना और आध्यात्मिक अनुभव माना।

शोभा सिंह जी ने पंजाबी लोक कथाओं और प्रेम कहानियों को भी अपनी कला में जीवित किया। 'सोहनी-महिवाल', 'हीर-रांझा' और 'सस्सी-पुन्नू' जैसी कृतियों में उन्होंने प्रेम की शक्ति और दृढ़ता को दर्शाया, यह दर्शाते हुए कि प्रेम निराशा से कहीं अधिक प्रभावी और ताकतवर होता है।

उनके द्वारा बनाए गए चित्र प्रेम और जीवन की गहरी समझ का प्रतीक बने। अंद्रेटा में स्थित अपने साधना स्थल पर, शोभा सिंह जी ने हिमाचल प्रदेश की संस्कृति और ग्रामीण जीवन को भी अपनी कला में उतारा।

'गद्दी बेले' और 'कांगड़ा ब्राइड' जैसे चित्रों ने पहाड़ी जीवन की स्वाभाविक सुंदरता और पारंपरिक रीति-रिवाजों को दर्शाया। उनकी कला केवल एक कला कृति नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता और आंतरिक भावनाओं का असली प्रतिमान थी।उनके जीवन और कला से यह संदेश मिलता है कि सादा जीवन और उच्च विचार ही सृजन की असली शक्ति हैं, और यही उनकी कला का मूलमंत्र था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को स्वच्छ जल पीने की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट द्वारा गोद लिए बरछवाड़ स्कूल में हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापिका रीता देवी ने विभाग के विद्यार्थियों के साथ पहुंचकर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया। यह पूरा कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य आरआर कौंडल के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान प्रो. रीता देवी ने छात्रों को स्वच्छ जल पीने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजकल पीलिया जैसी जलजनित बीमारियां तेजी से फैल रही हैं, जिनसे बचाव का सबसे सरल उपाय है–साफ और उबला हुआ पानी पीना, हाथों की स्वच्छता बनाए रखना तथा आसपास गंदगी न होने देना। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने, नियमित अध्ययन करने तथा अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी स्कूल के बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर स्वच्छता और शिक्षा के महत्व पर उपयोगी सुझाव साझा किए। महाविद्यालय द्वारा किए गए इस सामाजिक प्रयास की स्थानीय समुदाय ने प्रशंसा की है।

### सुनीता संयोजक व गीता सह संयोजक नियुक्त

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, भाजपा जिला मंडी के अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा और भाजपा आईटी विभाग जिला मंडी के संयोजक देवेन्द्र राणा से विचार-विमर्श के बाद भाजपा आईटी विभाग पधर मंडल में नई नियुक्तियाँ की गई हैं, जिनमें कदरयाला बूथ की सुनीता ठाकुर को मंडल आईटी संयोजक तथा मोहड़धार की गीता शर्मा को पधर मंडल आईटी सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। दोनों नियुक्तियाँ तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर तथा भाजपा पद्धर मंडल के अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर ने नवनियुक्त मंडल आईटी संयोजक सुनीता ठाकुर और सह-संयोजक गीता शर्मा को नए दायित्व के लिए हार्दिक बधाई दी है।

### पेंशनरों की देनदारियां लंबित, फोरम ने जताया रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बिजली बोर्ड पेंशनर फोरम की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक मंडी में प्रदेशाध्यक्ष ई. एएस गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न जिलों से आए सदस्यों ने सरकार और बोर्ड प्रबंधन पर लगातार हो रही अनदेखी का आरोप लगाया। बैठक में बताया गया कि 70-75 वर्ष आयु वाले ज्येष्ठ पेंशनरों को अब तक 30 प्रतिशत एरियर का भुगतान नहीं किया गया है, जबकि 1 मई 2022 से 30 जून 2024 तक की देनदारियां भी लंबित हैं, जिससे वरिष्ठ नागरिक आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। फोरम ने स्पष्ट किया कि 1 मई 2022 के बाद रिटायर कर्मचारियों को ग्रेच्युटी व लीव एन्कैशमेंट तक नहीं मिला है। वहीं 1 जनवरी 2016 से 31 मार्च 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों का संशोधित वेतनमान एरियर भी अटका पड़ा है। कुछ श्रेणियों के रिटायरियों का 2012 से 2015 तक का वेतन निर्धारण तक लंबित है। महासचिव चंद्रसिंह मंड्याल और अध्यक्ष गुप्ता ने चेतावनी दी कि 17 दिसंबर से पहले समाधान न होने पर पेंशनर दिवस पर नई रणनीति घोषित की जाएगी। पेंशनर दिवस का राज्य स्तरीय आयोजन 17 दिसंबर को कांगड़ा में होगा।

### अनर्गल बयानबाजी के लिए जाने जाते नेगी: राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता और जिला किन्नौर के प्रभारी अजय राणा ने कहा कि मंत्री जगत सिंह नेगी अपने अनर्गल और बेबुनियाद वक्तव्यों के लिए पहचाने जाते हैं। राणा ने आरोप लगाया कि आपदा के समय जंजैहली दौरे में नेगी ने पीड़ितों की कोई सहायता नहीं की, जिसके चलते स्थानीय लोग और युवा नाराज़ हुए तथा उन्होंने काले झंडे और काले बिल्ले दिखाकर विरोध जताया। राणा ने कहा कि नेगी इस घटना का दोष लगातार पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर डालने का प्रयास करते हैं, जबकि यह जनता की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी और इससे ठाकुर का कोई संबंध नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि नेगी अब संघ पर भी बिना जानकारी और समझ के अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं, जबकि एक जिम्मेदार मंत्री से मर्यादित भाषा और संयमित आचरण की अपेक्षा होती है। राणा ने कहा कि नेगी की बयानबाजी किसी जिम्मेदार मंत्री जैसी नहीं, बल्कि सतही राजनीति जैसी प्रतीत होती है और सीएम सुक्खू को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि क्या ऐसे व्यक्ति मंत्री पद के योग्य हैं।

### एनएसयूआई ने चलाया वस्त्र दान अभियान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा प्रदेश स्तर पर सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए वस्त्र दान अभियान आरंभ किया गया है। इसी कड़ी में महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय, सुंदरनगर की एनएसयूआई इकाई ने भी जिले में इस अभियान की शुरुआत कर दी है। जिला अध्यक्ष अनित जसवाल के दिशानिर्देशानुसार तथा कार्यकारी अध्यक्ष जुबेर अख्तर की अध्यक्षता में महाविद्यालय परिसर में यह अभियान सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। एनएसयूआई इकाई द्वारा कॉलेज में विशेष कपड़ा संग्रह काउंटर स्थापित किया गया है, जहां विद्यार्थी एवं स्टाफ स्वेच्छा से गर्म वस्त्र दान कर सकते हैं।एनएसयूआई कार्यकर्ता कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को अभियान की जानकारी प्रदान कर रहे हैं, साथ ही अध्यापकगण से भी सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को सर्दियों में गर्म कपड़े उपलब्ध करवाना और समाज में मानवीय संवेदनाओं को बढ़ावा देना है। एनएसयूआई सुंदरनगर ने सभी विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार से अपील की है कि वे इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अधिकतम सहयोग प्रदान करें।

### डाक विभाग की बचत योजनाओं पर मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लड़भड़ोल में करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय समावेशन और डाक विभाग में करियर अवसरों पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मुनीश ठाकुर ने की। पोस्टल सब-इंस्पेक्टर संजय भारद्वाज ने छात्रों को सुकन्या समृद्धि खाता, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, किसान विकास पत्र, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और इंडियन पोस्ट पेमेंट्स बैंक जैसी बचत योजनाओं के लाभ और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने डाक विभाग में करियर संभावनाओं पर भी प्रकाश डालते हुए छात्रों को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मुनीश ठाकुर ने अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

### तुलाह में महुनाग मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की चौंतड़ा ब्लॉक की तुलाह पंचायत के तुलाह गांव में स्थित महुनाग मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य शुरू हो गया है। लगभग 50 वर्ष पुराने इस प्राचीन मंदिर की संरचना काफी जर्जर हो जाने के कारण ग्रामीणों ने इसे दोबारा भव्य स्वरूप में बनाने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों के अनुसार मंदिर के पुनर्निर्माण में अधिकांश कार्य पूरा कर लिया गया है, लेकिन मंदिर के भोण (गूमद) का निर्माण कार्य धन की कमी के कारण अधर में लटका हुआ है। इसी को देखते हुए तुलाह गांव के निवासी लकी सहित अन्य ग्रामीणों ने पंचायत क्षेत्र व आसपास के इलाके के लोगों से आर्थिक सहयोग की अपील की है।

### बाल विवाह के विरुद्ध दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला बाल संरक्षण इकाई मंडी द्वारा बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों व स्वयंसेवी संस्थाओं के लगभग 50 सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने बताया कि भारत सरकार ने दत्तक ग्रहण अधिनियम 2022 को सरल और पारदर्शी बनाया है। अब कोई भी दंपति, एकल महिला या पुरुष ऑनलाइन माध्यम से बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। आधार, पैन, विवाह प्रमाणपत्र, मेडिकल फिटनेस और जन्म प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज ऑनलाइन जमा करवाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सही जानकारी के अभाव में लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इसलिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी शैलजा अवस्थी, विधिक एवं प्रोबेशन अधिकारी रमा कुमारी और बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन तृप्ता ठाकुर ने भी संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी और बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई।

### जोगिंद्रनगर में माल भरने-उतारने पर नई पाबंदियां

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर क्षेत्र में माल भरने-उतारने की नई समय-सारणी जारी की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब निर्धारित अवधि के भीतर ही दुकानदार और वाहन चालक माल की ढुलाई कर सकेंगे। 15 अक्टूबर से 28 फ़रवरी तक शाम 6:30 बजे से सुबह 8:00 बजे तक तथा 1 मार्च से 14 अक्टूबर तक शाम 7:30 बजे से सुबह 7:00 बजे तक ही बाज़ार क्षेत्र में माल भरने-उतारने की अनुमति होगी। प्रशासन ने सभी दुकानदारों और व्यापारियों को नई व्यवस्था के अनुरूप अपनी कार्यशैली समायोजित करने के लिए तीन दिन का समय दिया है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम बाज़ार क्षेत्र में बढ़ते दबाव और अव्यवस्थित यातायात को नियंत्रित करने के लिए उठाया गया है, ताकि यातायात सुचारू एवं सुरक्षित बना रहे।थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने कहा कि निर्धारित अवधि के बाद यदि कोई वाहन तय समय से बाहर माल भरने-उतारने करते पाया गया, तो उसके विरुद्ध चालान किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने दुकानदारों और वाहन मालिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी की सहभागिता से ही बाज़ार क्षेत्र में व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# फोरलेन निर्माण और स्थानीय वार्ड सुधार पर निर्णय

## नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा व जनहित से जुड़ी प्राथमिक समस्याओं के त्वरित समाधान पर मंथन

- सौर ऊर्जा स्थापना पर प्रॉपर्टी टैक्स में छूट का प्रस्ताव
- स्वच्छता अभियान और आपदा प्रबंधन के उपाय तय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए महापौर व नगर निगम आयुक्त।

नगर निगम मंडी की साधारण बैठक महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, विद्युत बोर्ड और जलशक्ति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करना और जनहित से जुड़ी प्राथमिक समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ठोस निर्णय लेना था।

नगर आयुक्त रोहित राठौर ने फोरलेन निर्माण कार्यों से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 1 खलियार, छिपणू से भ्यूली तक बस शेल्टर, क्लवर्ट्स, आरसीसी नाली, पेवर ब्लॉक, ब्रेस्ट वॉल और गेबियन वॉल के लिए 6.5 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया गया है। यह कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा, जिससे आवागमन सुचारू हो सके और स्थानीय जनता को हो रही असुविधाओं में कमी आए। नगर निगम द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में विद्युत बोर्ड के अधिशासी अभियंता ने 'पीएम सूर्य घर मुफ़्त योजना' पर विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में निर्णय लिया गया कि जो नागरिक अपने घरों में सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करेंगे, उन्हें प्रॉपर्टी टैक्स में विशेष छूट प्रदान की जाएगी। 3 केवी तक सोलर सिस्टम लगाने के लिए लगभग 1,85,000 रुपये का खर्च है, जिसमें 85,000 रुपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही, नगर निगम क्षेत्र में कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों को उन्नत कर 33 केवी क्षमता में परिवर्तित किया जाएगा।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम ने हॉट स्पॉट की सफाई और कचरे का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निष्पादन सुनिश्चित किया। जलशक्ति विभाग द्वारा इंदिरा मार्केट में गंदे पानी की निकासी के लिए नई ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। आपदा प्रबंधन के तहत नगर निगम प्रत्येक वार्ड में संभावित जल स्रोतों की पहचान करेगा ताकि आपातकालीन स्थिति में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में खाली स्थानों का सर्वेक्षण कर व्यवस्थित पार्किंग स्थलों का निर्माण करने का निर्णय लिया है। इससे यातायात व्यवस्था सुगम होगी और निगम के राजस्व में वृद्धि होगी। फरवरी माह में शिवरात्रि के दौरान यू मॉल में प्रस्तावित लगभग 600 गाड़ियों की पार्किंग का उद्घाटन किया जाएगा।

नगर निगम द्वारा सिद्धार्थ व रिषभ कनिष्ठ अभियंता, गोपाल, सतीश गुलेरिया, करण शर्मा, गुरुदेव, नरेंद्र, कमल राज, नीरज, जितेंद्र पटयाल, विनय कुमार, हरीश शर्मा व वरुण भारद्वाज को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। आयुक्त ने कहा कि नगर निगम आगामी समय में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जा सके तथा कार्य के प्रति सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे। नगर निगम द्वारा सिद्धार्थ व रिषभ कनिष्ठ अभियंता, गोपाल, सतीश गुलेरिया, करण शर्मा, गुरुदेव, नरेंद्र, कमल राज, नीरज, जितेंद्र पटयाल, विनय कुमार, हरीश शर्मा व वरुण भारद्वाज को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। आयुक्त ने कहा कि नगर निगम आगामी समय में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जा सके तथा कार्य के प्रति सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे। इस अवसर पर उपमहापौर माधूरी कपूर, अलकनंदा हांडा, सोमेश उपाध्याय, राजेंद्र मोहन, योगराज, वीरेंद्र सिंह आर्य, सुदेश कुमारी, हरदीप सिंह, नेहा कुमारी, निर्मल वर्मा, दीपाली जसवाल, कृष्ण भानू, अंजय कुमारी, नितिन भाटिया, यशकांत कश्यप, संजय शर्मा, राकेश गुलेरिया व अन्य विभागों से आए वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एबीवीपी ने छात्रों की मांगों को लेकर डीसी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन



छात्रों की मांगों को लेकर डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी इकाई के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश स्तरीय छात्र व युवा संबंधी मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय मंडी के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश मीडिया सह–संयोजक चिराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सत्ता में आने से पहले पांच लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन अब तक युवाओं को रोजगार नहीं मिला है, इसलिए सरकार तुरंत नई भर्तियां निकाले तथा कृषि विवि पालमपुर, तकनीकी विवि हमीरपुर और नौणी विवि में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति करे। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्रीय विवि हिमाचल, धर्मशाला परिसर के भवन निर्माण हेतु लंबित 30 करोड़ रुपए सरकार द्वारा शीघ्र पर्यावरण एवं वन मंत्रालय में जमा करवाए जाएं अन्यथा परिषद बड़ा आंदोलन करेगी। इकाई अध्यक्ष करन ठाकुर ने कहा कि सरकार लगातार छात्र–विरोधी निर्णय ले रही है, एसपीयू का दायरा घटाने से हजारों छात्र प्रभावित हुए हैं व कृषि विश्वविद्यालय की 112 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरण का प्रयास पूरी तरह अनुचित है, जिसे वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून–व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है, इसलिए इसे सुदृढ़ किया जाए। इकाई मंत्री अमित ने कहा कि सरकार ने छात्र संघ चुनाव बहाल करने का वादा किया था, लेकिन अब तक चुनाव नहीं हुए हैं इन्हें तुरंत बहाल किया जाए।

## जोगिंद्रनगर विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों का आयुर्वेदिक फार्मेसी में शैक्षिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी, अप्रोच रोड जोगिंद्रनगर में एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फार्मेसी प्रबंधक डॉ. नीलम कुमार ने छात्रों को फार्मेसी के विभिन्न अनुभागों का विस्तृत भ्रमण करवाया और आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।डॉ. नीलम कुमार ने विद्यार्थियों को कच्चे माल की गुणवत्ता जाँच, शुद्धिकरण, मिश्रण, प्रसंस्करण, सुखाने तथा पैकेजिंग तक की संपूर्ण निर्माण प्रक्रिया समझाई। साथ ही उन्होंने वहाँ निर्मित होने वाली प्रमुख औषधियों अमलपित्तनाशक वटी और पंच गुणदी तेल के निर्माण की विधि और उपयोगिता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आयुर्वेदिक औषधियाँ प्राकृतिक तत्वों पर आधारित होती हैं और इनका निर्माण अत्यंत वैज्ञानिक एवं सावधानीपूर्वक तरीकों से किया जाता है।भ्रमण के दौरान डॉ. नीलम कुमार ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याओं के संदर्भ में आयुर्वेद की उपयोगिता समझाते हुए जीवनशैली में सुधार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया।इस शैक्षिक भ्रमण में डॉ. स्मृति ठाकुर, सुश्री आरती शर्मा और डॉ. अतुल भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने औषधि निर्माण प्रक्रिया को करीब से समझा और इसे अपने लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक अनुभव बताया।

## तल्याहड़ स्कूल के होनहार बच्चे नवाजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



तल्याहड़ स्कूल के वार्षिक समारोह में छात्रा को पुरस्कार देते हुए मुख्यतिथि।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तल्याहड़ के सालाना पारितोषिक वितरण समारोह में होनहारों को इनामों से नवाजा गया। इस पारितोषिक वितरण समारोह में जिला परिषद सदस्य एवं कांग्रेस नेत्री भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव चंपा ठाकुर ने मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लियस। उन्होंने अपने करकमलों से उन सब होनहार विद्यार्थियों जिन्होंने साल भर विभिन्न गतिविधियों में उम्दा प्रदर्शन किया है को पुरस्कार वितरित किए।

प्रधानाचार्य डॉ. मीनाक्षी जोशी द्वारा प्रस्तुत सालाना रिपोर्ट के बाद मुख्य अतिथि ने छठी से बाहरवीं तक के मेधावियों जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल किया है को पुरस्कार दिए। इनमें परनिका, लक्षिता, मानवीं, सूर्यांश कटोच, जतिन, गुंजन सेन, शगुन, आर्यन राणा को यह पुरस्कार हासिल हुए। हाउस के बेहतर संचालन के लिए हाउस केप्टन शौर्य, दाक्षयाणी, स्नेहा और हर्ष को पुरस्कार से नवाजा गया। अधिकतम उपस्थिति के लिए रूपाली और गुंजन सेन को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के दौरान वर्तमान शैक्षणिक सत्र में हुई विभिन्न प्रकार की खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को भी स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके मुख्य अतिथि चंपा ठाकुर ने बच्चों को नशे से दूर रहने व इसे लेकर अपने घर गांव व समाज में भी जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम पर कांग्रेस के शहरी इकाई के प्रधान भगवान सिंह ठाकुर, कांग्रेस के जिला उपप्रधान तोष कुमार शर्मा, रिटायर्ड कर्नल रणवीर सिंह ठाकुर तथा अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे। पाठशाला के समस्त स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति व अभिभावकों ने भी इसमें भाग लिया। मुख्य अतिथि ने शानदार कार्यक्रम के लिए प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## सुंदरनगर के जवाहर पार्क में होने जा रहे मेले का स्थानीय व्यापारियों ने जताया कड़ा विरोध



नगर परिषद सुंदरनगर के जवाहर पार्क में लगने वाले मेले को लेकर बैठक करते हुए व्यापारी।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

नगर परिषद सुंदरनगर के जवाहर पार्क में लगने वाले मेले को लेकर व्यापारियों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि मेले के आयोजन से स्थानीय बाजार की बिक्री पर सीधा असर पड़ेगा और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसी मामले को लेकर शुक्रवार को व्यापार मंडल सुंदरनगर के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम अमर नेगी से मिला।

व्यापारियों ने प्रशासन को बताया कि मेले की वजह से स्थानीय व्यापार ठप हो जाता है। अमर नेगी ने व्यापारियों की बात को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि उनकी मांगों और आपत्तियों पर विचार किया जाएगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि शनिवार को मिलने वाले प्रशासनिक जवाब पर सभी व्यापारियों की नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल सभी व्यापारी अपने-अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान सामान्य रूप से खुले रखेंगे और स्थिति का इंतजार करेंगे। प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि यदि प्रशासन की ओर से कोई ऐसा फैसला आता है जिससे व्यापारियों को नुकसान होने की आशंका हो तो व्यापार मंडल सभी व्यापारियों की सहमति से अगला कदम तय करेगा।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि आवश्यकता पड़ी तो व्यापारी शांतिपूर्ण आंदोलन का रास्ता अपनाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। वहीं स्थानीय व्यापारी भी प्रशासनिक निर्णय का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि मेले का आयोजन ऐसे स्थान या तरीके से होना चाहिए। व्यापारियों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी चिंताओं को दूर करते हुए एक संतुलित निर्णय लेगा।

## सरकाघाट और धर्मपुर में प्रशासनिक पद खाली जनता परेशान: भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में एसडीएम, बीडीओ, आरएम सहित कई अधिकारियों के पद खाली पड़े हैं, जबकि धर्मपुर में बीडीओ का पद एक साल से रिक्त है। माकपा नेता एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पहले विस सत्र के दौरान सभी अधिकारियों की छुट्टियां रद्द रहती थीं, लेकिन अब हालात यह हैं कि दफ्तरों में अधिकारी मिल ही नहीं रहे। उन्होंने बताया कि सरकाघाट की एसडीएम का हाल ही में ट्रांसफर हुआ है और नए एसडीएम ने अभी ज्वाइन नहीं किया है। इसी बीच डीसी मंडी की अध्यक्षता में 24 नवंबर को अवाहदेवी से पाड़छु तक एनएच मॉनिटरिंग कमेटी का स्पॉट इंस्पेक्शन तय था, पर निरीक्षण टीम नहीं पहुंची और लोगों को बिना जानकारी के इंतजार करना पड़ा। 26 नवंबर को हिमाचल किसान सभा ने सरकाघाट में एनएच व अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, लेकिन उस दिन एसडीएम, उनका अधीक्षक और तहसीलदार तक कार्यालय में मौजूद नहीं थे, जबकि उसी दिन विधानसभा सत्र शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि एनएच निर्माण पिछले छह माह से लगभग बंद है, बावजूद इसके कि धर्मपुर के विधायक इसके लिए अनशन तक कर चुके हैं। धर्मपुर में बीडीओ न होने के कारण एसी बीपीओ को काम सौंपा गया है, जबकि विधायक मनरेगा पर भाषण दे रहे हैं, लेकिन अधिकांश पंचायतों में मनरेगा मजदूरों को अभी तक बीस दिन से भी कम काम मिला है।

## हिरदा राम की 141वीं जयंती मनाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



स्वतंत्रता सेनानी भाई हिरदा राम को पुष्पांजलि देते हुए नगर निगम महापौर।

मंडी के महान स्वतंत्रता सेनानी भाई हिरदा राम की 141वीं जयंती पर शुक्रवार सुबह 11 बजे शहरवासियों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शहर की इंदिरा मार्केट की छत पर स्थापित भाई हिरदा राम की प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण किया और पुष्प चढ़ाकर पुष्पांजलि अर्पित की।

नगर निगम मंडी के मेयर वीरेंद्र भट्ट ने इस अवसर पर कहा कि क्रांतिकारी भाई हिरदा राम सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों की अनेक यातनाएं हंसते-हंसते सहीं। मेयर भट्ट ने कहा कि मंडी में गदर पार्टी की स्थापना और अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का बिगुल बजाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। बम बनाने में माहिर भाई हिरदा राम ने अंग्रेजों पर बम फेंके थे। इसके बाद उन्हें मृत्युदंड दिया गया, जिसे बाद में आजीवन कारावास में बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि भाई हिरदा राम सदा अमर रहेंगे। आज लोग उनके बताए मार्ग पर चलें और देश की एकता व अखंडता के लिए काम करें। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता मनोहर लाल शर्मा व पटेल विवि के प्रोफेसर डॉ. राकेश शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत गौ सेवा सह प्रमुख भाई हरमीत सिंह बिट्टू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। भाई हिरदा राम के पौत्र शमशेर सिंह ने कहा कि भाई हिरदा राम ने कालापानी में आजीवन कारावास की सजा भुगतते हुए स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के साथ जेल में समय बिताया था। उन्होंने मांग की कि भाई हिरदा राम को भी वीर सावरकर के समान सम्मान दिया जाना चाहिए। उन्होंने मांग उठाई कि भाई हिरदा राम का जो पाठ्यक्रम छठी कक्षा में पढ़ाया जा रहा है, उसे उच्च कक्षाओं में भी शामिल किया जाए।

## पीएचसी बग्गी में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत निकाली जागरूकता रैली



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बग्गी में नर्सिंग छात्राओं ने नशामुक्त समाज का संदेश दिया।

**अनंत ज्ञान, बग्गी**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बग्गी में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व स्वास्थ्य चिकित्सक डॉ. आकांक्षा राणा ने किया, जबकि मेडिकल कॉलेज नेरचौक की नर्सिंग छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

रैली की शुरुआत पीएचसी परिसर से हुई और बग्गी बाजार होते हुए स्कूल ग्राउंड व फिर अस्पताल परिसर में संपन्न की गई। छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर तंबाकू व नशीली पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान 'नशा छोड़ो, जीवन संवारो' जैसे संदेशों से वातावरण गुंजायमान रहा। डॉ. आकांक्षा राणा ने बताया कि यह कार्यक्रम तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के तहत चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं सहित सभी आयु वर्ग के लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह अभियान 60 दिनों तक (9 अक्तूबर से 8 दिसंबर) चलाया जा रहा है, जिसमें जन-जागरूकता को प्राथमिकता दी जा रही है।

इस अवसर पर दंत चिकित्सक डॉ. सोनिया सरोच, डॉ. आराधना, स्वास्थ्य कार्यकर्ता राजेश कुमार, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता मोनिका शर्मा, आशा वर्कर, नर्सिंग टीचर ज्योति तथा मेडिकल कॉलेज नेरचौक की नर्सिंग छात्राएं मौजूद रहीं।

## सड़क किनारे बार-बार खुदाई होने से लोग व वाहन चालक परेशान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पठानकोट मंडी पर जोगिंद्रनगर शहर में जल शक्ति विभाग की बड़ी पाइप डालने के लिए उस सड़क के साथ हो रही खुदाई से जहां वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है वहीं पर राहगीरों की दिक्कतें भी बढ़ गई है। पिछले कई दिनों से चल रही इस खुदाई से जाम लगाना भी आम बात हो गई है। उल्लेखनीय है कि यह मार्ग एनएचएआई के अधीन आता है और बार बार कभी ओएफसी डालने के लिए कभी सीवरेज के लिए कभी पाइपों को बिछाने के लिए शहर में सड़कों पर खुदाई चली ही रहती है।

इस बार खुदाई से शहर के दुकानदार भी प्रभावित होते हैं। गहरी खुदाई के कारण कस्टमर दुकान तक नहीं पहुंच पाते हैं जिस कारण दुकानदारों को काफी नुकसान इन बार बार की खुदाई के कारण उठाना पड़ता है। एनएचएआई के अधिकारियों को भी पता है कि इन खुदाइयों से परेशानी बढ़ जाती है। अगर विभाग एक बार में ही शहर में ऐसे चैनलों का निर्माण स्थाई रूप से करे ताकि आवश्यकता होने पर इन्हें चैनल में अपनी सप्लाई डाल दें। इससे खुदाई का झंझट भी खत्म हो जाएगा और लोगों की परेशानी भी नहीं रहेगी।

## एशियाई राजनीतिक संचार सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश की बेटी डॉ. हर्षिका वर्मा का चमका परचम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मंडी जिले की चोलथरा पंचायत के कोठी सरकाघाट गांव की बेटी और पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ तथा पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला की पूर्व छात्रा डॉ. हर्षिका वर्मा, जो वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (UPES), देहरादून के स्कूल ऑफ लिबरल स्टडीज़ एंड मीडिया में वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर हैं, ने सिंगापुर में आयोजित एशियाई राजनीतिक संचार सम्मेलन में विशिष्ट आमंत्रित वक्ता और संचालक के रूप में भाग लेकर हिमाचल का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया—यह वही प्रतिष्ठित मंच है जहां भारत के केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और वरिष्ठ पत्रकार बर्खा दत्त भी पूर्व में अपनी बात रख चुके हैं। उन्होंने 'अगली पीढ़ी को जोड़ना और जागरूक करना: डिजिटल युग में युवाओं की भूमिका' विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा का नेतृत्व करते हुए बताया कि किस प्रकार एशियाई युवा सोशल मीडिया के माध्यम से राजनीतिक संवाद की दिशा बदल रहे हैं, क्यों आज असलियत, रचनात्मकता और जिम्मेदारी डिजिटल संचार की प्रमुख आवश्यकता बन गई है, तथा कैसे युवाओं तक प्रभावी संवाद पहुंचाने के लिए विश्वास, पारदर्शिता और भावनात्मक जुड़ाव जरूरी है। उन्होंने डिजिटल मंचों के बढ़ते प्रभाव, अल्गोरिदम की भूमिका और सूचना की अधिकता के बीच विश्वसनीयता बनाए रखने जैसी चुनौतियों को भी रेखांकित किया। पंजाब विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा और पंजाबी विश्वविद्यालय से पीएचडी करने वाली डॉ. वर्मा ने इस उपलब्धि को अपने पिता स्वर्गीय कर्मवीर वर्मा को समर्पित करते हुए कहा कि उनकी सफलता माता-पिता के आशीर्वाद और हिमाचली संस्कारों की देन है, और इस वैश्विक मंच पर उनकी माता का साथ होना उनके लिए अत्यंत विशेष रहा। संचार, शिक्षा, मीडिया, राजनीतिक संचार, ब्रांड प्रबंधन, डिजिटल विपणन और युवा सहभागिता के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. वर्मा एशिया-यूरोप संवाद कार्यक्रमों तथा एशियाई देशों के युवा नेतृत्व मंचों से भी जुड़ी रही हैं और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में उनके शोधकार्य को विशेष सराहना मिली है। सिंगापुर में ACPC25 में उनकी भागीदारी ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे मंडी जिला, सरकाघाट (चोलथरा) क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश को गौरवान्वित किया है, यह दर्शाते हुए कि हिमाचल की बेटियां जब शिक्षा, डिजिटल जगत और नेतृत्व में आगे बढ़ती हैं तो दुनिया के हर मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाती हैं।


# रोटरी चौक से एनएच-503 तक वन-वे सिस्टम शुरू

## ऊना शहर में यातायात सुधार का बड़ा फैसला, डीसी ने दो मुख्य मार्गों पर नो-पार्किंग व नो-वेंडिंग व्यवस्था की लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने और भीड़भाड़ पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है।

जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए डीसी चौक से डिग्री कॉलेज तक की सड़क को तत्काल प्रभाव से नो-पार्किंग और नो-वेंडिंग जोन घोषित कर दिया है। इसके साथ ही शहर के सबसे व्यस्त हिस्से रोटरी चैक से वाया पुराना बाजार राष्ट्रीय राजमार्ग-503 तक के मार्ग पर चार पहिया वाहनों के लिए वन-वे व्यवस्था लागू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ये कदम यातायात में अनुशासन, पैदल यात्रियों की सुरक्षा व शहर की समग्र व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाए गए हैं। जारी आदेशों में कहा गया है कि डीसी चौक से डिग्री कॉलेज मार्ग पर अनाधिकृत पार्किंग, दुकानदारी के फैलाव और सड़क व फुटपाथ पर सामान रखने से लगातार जाम की स्थिति बनती थी। इससे न केवल लोगों की आवाजाही प्रभावित होती थी, बल्कि आपातकालीन सेवाओं तक यातायात बाधित होने का जोखिम भी बढ़ जाता था। नई व्यवस्था के तहत इस मार्ग पर दो पहियों के अलावा किसी भी वाहन की पार्किंग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी और सड़क के दोनों व वाहनों के खड़ा होने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पूरे क्षेत्र को नो-वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। इसके तहत किसी भी प्रकार की रेहड़ी, ठेला, स्ट्रीट वेंडिंग या फुटपाथ पर अवरोधक गतिविधि की अनुमति नहीं होगी। दूसरे आदेश के अनुसार शहर में रोटरी चौक से ओल्ड मार्केट, पोस्ट ऑफिस, अरविंद मार्ग, एनएच-503 एक्सटेंशन तक का मार्ग चार पहिया वाहनों के लिए वन-वे घोषित किया गया है।




अरविंद मार्ग की ओर से चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। इसके अलावा रोटरी चौक से एमसी पार्किंग और आयुर्वेदिक अस्पताल तक का पूरा क्षेत्र भी नो-पार्किंग और नो-वेंडिंग जोन रहेगा। इस मार्ग पर सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की दुकानदारी या वाहन खड़ा करना निषिद्ध रहेगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने इन आदेशों को 29 नवंबर से लागू करने का निर्णय लिया है।

डीसी ने स्पष्ट किया कि शहर की सड़कें सीमित हैं और अनियंत्रित पार्किंग तथा अवैध वेंडिंग से ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा जाती है। पुलिस, नगरपालिका व उपमंडल प्रशासन को आदेशों के सख्त पालन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। ऊना शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम व आम जनता की असुविधा को ध्यान में रखते हुए डीसी जतिन लाल ने 23 नवंबर को भी अहम आदेश जारी किए थे। आदेशों के तहत डीसी चौक से लेकर मैहतपुर बैरियर तक भारी वाहनों की आवाजाही को कड़ाई से विनियमित किया गया है। पूरे मार्ग पर टिप्परों की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित है, जबकि व्यवसायिक भारी वाहनों के प्रवेश पर सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक रोक लागू रहेगी।

### ऊना को शांत, सुव्यवस्थित के प्रयासों में बनें सहयोगी

**डीसी** जतिन लाल ने बताया कि पुलिस से मिले इनपुट के अनुसार बाहरी राज्यों से आने वाले कुछ लोग कई बार बिना पंजीकरण रेहड़ी-फड़ी लगाते हैं, अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाते हैं और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए चुनौती बनते हैं, ऐसे लोगों पर निगरानी बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहले भी व्यवस्था सुधार के प्रयास किए गए, लेकिन जन-सहयोग की कमी से ढिलाई आ गई। इस बार प्रशासन पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई करेगा, ताकि ऊना शहर को बेहतर, सुरक्षित व सुव्यवस्थित बनाया जा सके। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन हर वैध मांग पर संवेदनशील है, लेकिन व्यवस्था बनाए रखना सभी की साझा जिम्मेदारी है। ऊना को शांत, सुव्यवस्थित व समृद्ध जिला बनाने में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।

# जेब से खर्च करके शिक्षक चला रहे मिड-डे-मील

## दुकानदार उधार देने से हिचकिचा रहे, स्कूलों पर लाखों की देनदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

मिड-डे-मील को धरातल पर लागू करने के लिए शिक्षक अपनी जेब से खर्च करने को मजबूर हैं।

जिले में कई जगह दुकानों से उधार लेकर शिक्षक बच्चों को दोपहर का भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। कई स्कूलों पर तो दुकानदारों की लाखों रुपए की देनदारी हो चुकी है। स्कूल प्रबंधकों ने शिक्षा विभाग से मिड-डे मील के लिए जल्द बजट जारी करने की गुहार लगाई है। बता दें कि जिले के प्राथमिक स्कूलों में मिड-डे-मील योजना के लिए बजट की कमी शिक्षकों के लिए कठिन समस्या बन गई है। अगस्त से अब तक इस योजना का एक भी पैसा स्कूलों को नहीं मिला है। पहले जहां शिक्षक किसी तरह से योजना को चलाए रखने के लिए काम चला रहे थे। वहीं, अब दुकानदारों ने भी उधार देने से हाथ खड़े कर दिए हैं। कई स्कूलों की उधारी तो लाखों तक पहुंच गई है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला ऊना ने इस स्थिति पर गहरी चिंता जताई है और कहा कि मिड-डे-मील योजना को सुचारु रूप से चलाए रखने के लिए स्कूलों को अग्रिम राशि मिलनी चाहिए। संघ के जिलाध्यक्ष संदेश कुमार, महासचिव महेश शारदा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुखविंद्र सिंह और अन्य सदस्यों ने संयुक्त बयान में कहा कि मिड-डे-मील योजना को चलाना हमेशा से ही शिक्षकों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। कभी चावल की सप्लाई में देरी होती है, तो कभी बजट नहीं मिलता। संघ ने मांग की है कि बजट व चावल की सप्लाई को नियमित व सुचारु तरीके से चलाया जाए, ताकि योजना का सही ढंग से लागू किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि मिड-डे-मील को पौष्टिक बनाने के लिए सरकार की ओर से हरी सब्जियां, अंडे और दालों की सप्लाई के निर्देश तो दिए गए हैं, लेकिन सरकार इस बात की ओर ध्यान नहीं देती कि इस सप्लाई को कैसे सुनिश्चित किया जाएगा। अब हालत यह हैं कि आसपास के दुकानदार भी उधार देने में आनाकानी करने लगे हैं। इस योजना के तहत प्रतिदिन नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए भोजन तैयार करना अब शिक्षकों के लिए और भी कठिन हो गया है।

### उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाया गया है मामला

**जिला** प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशक सोमलाल धीमान ने जानकारी दी कि मिड-डे-मील से जुड़ा बजट जारी होते ही इसे सभी स्कूलों को दे दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मामले को उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाया गया है और इस पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### मिड-डे-मील वर्कर्स की स्थिति भी बदतर

**इसी** बीच मिड-डे-मील योजना में बच्चों के लिए खाना तैयार करने वाले वर्कर्स की स्थिति भी दयनीय है। कर्मचारियों को कभी समय पर वेतन नहीं मिल पाता। अक्सर उन्हें दो से तीन महीने बाद वेतन मिलता है। इस कारण उन्हें भी उधार लेकर अपना घर चलाना पड़ता है। स्कूलों में सेवाएं देने वाले अधिकांश मिड-डे-मील कर्मचारी आर्थिक रूप से कमजोर हैं और उन्हें नियमित वेतन की सख्त आवश्यकता है, लेकिन सरकार से इस समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है।

# ‘आशु हम शर्मिंदा हैं तेरे कातिल जिंदा हैं’ के नारों से गूंजा ऊना शहर

**अनंत ज्ञान, ऊना**



संतोषगढ़ निवासी आशु पुरी की हत्या के आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर शुक्रवार देर शाम संतोषगढ़ के युवाओं और आशु पुरी के समर्थकों ने ऊना मुख्यालय पर कैंडल मार्च निकाला।

इस मार्च में करीब 150 युवाओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर आशु हम शर्मिंदा हैं.. तेरे कातिल जिंदा हैं, आशु अमर रहे, आशु के हत्यारों को फांसी दो जैसे नारे लगाए। कैंडल मार्च एससी पार्क ऊना से आईएसबीटी ऊना होते हुए शहीद स्मारक तक निकाला गया। मार्च की अगुवाई आशु पुरी के भाई मुकेश पुरी, रविकांत बस्सी, बंटी सैनी और दिलीप डोजी ने की। उन्होंने कहा कि निहत्थे आशु पुरी की हत्या में शामिल सभी आरोपियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

साथ ही पुलिस पर आरोप लगाया कि उन्होंने अभी तक केवल तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जबकि घटना के दौरान कई अन्य युवक भी शामिल थे। इसके बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। परिजनों और समर्थकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में संलिप्त सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# आपका पैसा, आपका अधिकार कार्यक्रम में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से आपका पैसा आपका अधिकार देश व्यापी अभियान जोर पकड़ने लगा है।

बैंकों से जुड़ी कई संस्थाएं गांव-गांव पहुंचकर इस कार्यक्रम का प्रचार कर रही हैं। मकसद सिर्फ उस पैसे को पात्र लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करना है, जो पैसा सालों से विभिन्न बैंकों में लावारिस पड़ा है। ऐसे पैसे के हकदार कैसे पैसा ले सकते हैं अथवा कौन उसका वारिस है ऐसी जानकारी लोगों को दी जा रही है। सैकड़ों करोड़ की ऐसी धनराशि है, जो बैंकों के डेड अकाउंट में पड़ी है। भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग व भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुरू किए गए देशव्यापी अभियान ‘आपका पैसा, आपका अधिकार’ के तहत पंजाब नैशनल बैंक में अनक्लेम्ड डिपॉजिट से संबंधित एक विशेष जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। यह अभियान 31 दिसंबर तक पूरे देश में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न बैंकों और बीमा कंपनियों में पड़े अनक्लेम्ड फाइनेंशियल एसेट्स की पहचान करने तथा उन्हें वापस प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाब नेशनल बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक, संजीव कुमार सक्सेना ने की।



बैंकों से जुड़ी कई संस्थाएं गांव-गांव पहुंचकर कार्यक्रम का कर रही हैं प्रचार।

उन्होंने लोगों को अनक्लेम्ड फंड के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि यह अभियान न केवल नागरिकों को उनका अपना धन वापस दिलाने में सहायक है, बल्कि यह वित्तीय साक्षरता, पारदर्शिता और फाइनेंशियल इंक्लूजन को भी सुदृढ़ करता है। इस शिविर में ऊना जिले में कार्यरत कई प्रमुख बैंकों व बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान डॉर्मेंट अकाउंट, अनक्लेम्ड बीमा राशि, परिपक्व फिक्स्ड डिपॉजिट, डिविडेंड और अन्य वित्तीय दावों से संबंधित विस्तृत जानकारी लोगों को दी गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि वे इन फंडों को सरल, सुरक्षित एवं शीघ्र प्रक्रिया के माध्यम से कैसे क्लेम कर सकते हैं। सक्सेना ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे इस अभियान की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में कुल 352.52 करोड़ रुपए की अनक्लेम्ड राशि में से अकेले ऊना जिले में विभिन्न बैंकों में लगभग 30.43 करोड़ रुपए डॉर्मेंट पड़े हैं।

# माता चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धालु ने चढ़ाया चांदी का छत्र

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



शुक्रवार सुबह पंजाब से आए श्रद्धालु सुरेंद्र कुमार बंसल ने अपने परिवार सहित मां चिंतपूर्णी के दरबार में पहुंचकर मां के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया और अपनी मनोकामना पूरी होने पर मां के चरणों में चांदी का एक स्वा किलो शुद्ध चांदी का छत्र अर्पित किया।

यह छत्र मां की पावन पिंडी को सुशोभित कर रहा है, जिसकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपए से अधिक बताई गई है। सुरेंद्र कुमार बंसल मोड मंडी पंजाब के रहने वाले हैं और पिछले कई वर्षों से मां के चरणों में अपने परिवार सहित दर्शन करने आते हैं। पुजारी नवीन कालिया ने सुरेंद्र कुमार बंसल व उनके परिवार की विधि पूर्वक पूजा-अर्चना करवाई तथा मां के चरणों में उनके परिवार के सुख-शांति व व्यापार वृद्धि के लिए अरदास की। श्रद्धालु सुरेंद्र कुमार बंसल ने बताया कि उन पर और उनके परिवार पर मां की असीम कृपा है और मां चिंतपूर्णी के दरबार में उनका अटूट विश्वास है। उन्होंने अपनी मनोकामना पूरी होने पर मां का कोटि-कोटि धन्यवाद किया है।

# पैसेंजर ट्रेन में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, ऊना।** दौलतपुर चौक से अंबाला जा रही पैसेंजर ट्रेन में एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए क्षेत्रीय अस्पताल के डेड हाउस में रखवा दिया है। वृद्ध की मौत ठंड लगने के कारण हुई प्रतीत होती है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह रोजाना की तरह दौलतपुर से अंबाला जा रही पैसेंजर ट्रेन जब ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन पहुंची, तो रेलवे पुलिस को ट्रेन में एक वृद्ध व्यक्ति के अचेत होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने वृद्ध को ट्रेन से उतारकर क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वृद्ध व्यक्ति ट्रेन में कहां से सवार हुआ, इस बारे में किसी को भी जानकारी नहीं है। रेलवे पुलिस उसकी पहचान के प्रयास तेज कर रही है। उधर, रेलवे स्टेशन चौकी ऊना के इंचार्ज अजय ऐरी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर क्षेत्रीय अस्पताल के डेड हाउस में रखवा दिया गया है और पहचान के प्रयास जारी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मधुर कीर्तन सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत पंचायत कुठयाडी में धार्मिक आस्था व अध्यात्म से ओतप्रोत माहौल के बीच राधा एवं कृष्ण की मूर्तियों की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा विधिवत संपन्न हुई। यह पावन अनुष्ठान श्री श्री 1008 स्वामी नारायण पूरी जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित किया गया। इस मौके पर फूलों वाले बाबा मुबारकपुर वाले विशेष रूप से उपस्थित रहे। बाबा जी ने अपने मुखबिंद से श्री राधा-कृष्ण की अद्भुत एवं प्रेरणादायक लीलाओं का वाचन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। समारोह के दौरान हनुमान मंदिर ठठल की संकीर्तन मंडली ‘देस राज एंड पार्टी’ ने संकीर्तन व हरि-भजन प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मधुर कीर्तन सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कुठयाडी पंचायत सहित आसपास के गांवों से भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। राधा-कृष्ण के दिव्य दर्शन करने के लिए उमड़े श्रद्धालुओं का उत्साह पूरे क्षेत्र में धार्मिक उमंग का केंद्र बना रहा। विधिवत प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति और स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### दो कारों में जोरदार टक्कर, दो युवक घायल

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** थाना अंब क्षेत्र के तहत धुसाड़ा बाजार के समीप देर रात एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें सड़क किनारे खड़ी एक एल्टो कार को तेज रफ्तार इनोवा कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एल्टो कार में सो रहे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजीव कुमार पुत्र मोती राम निवासी वटलाना (डाकघर शोघी, जिला शिमला) अपने दोस्त सनी के साथ एल्टो कार (नंबर एचपी 63बी-3445) में सनी के ससुराल चंबा गए हुए थे। 27 नवंबर 2025 की रात दोनों शिमला लौट रहे थे। करीब रात 1 बजे के आसपास दोनों ने अत्यधिक नींद आने के कारण धुसाड़ा में सड़क किनारे एक घर के गेट के पास कार खड़ी कर दी और गाड़ी के अंदर ही सो गए। करीब 1:30 से 2 बजे के बीच अचानक एक तेज धमाके के साथ इनोवा कार (नंबर पीबी 01एफ-9886) ने खड़ी एल्टो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एल्टो कार धक्का खाकर सीधे घर के गेट को तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। जोरदार आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़े और दोनों घायलों को बाहर निकाला। संजीव कुमार को सिर में गहरी चोट आई है, जबकि सनी के चेहरे पर गंभीर चोटें बताई जा रही हैं। दोनों को तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल अंब भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। टक्कर मारने वाली इनोवा कार का चालक हरमिंदर शर्मा पुत्र सुरिंदर शर्मा, निवासी गांव नीलमपुर, राजपुर, थाना सतनानगर, तहसील बनूड़, जिला पटियाला (पंजाब) बताया जा रहा है। थाना प्रभारी रूप सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि इनोवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### मैड़ी हादसे में बस चालक के खिलाफ एफआईआर

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल के मैड़ी क्षेत्र में वीरवार शाम सड़क हादसे में छात्र की मौत के मामले में पुलिस ने स्कूल बस चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। जानकारी के अनुसार एक निजी स्कूल बस की सामने से आ रहे बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार छात्र गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर गया। अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है।यह हादसा वीरवार को शाम करीब 04:30 बजे मैड़ी से ज्वार सड़क पर हुआ। मैड़ी खास निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनके पीछे से एक स्कूल बस बहुत तेज गति से आई और सामने से आ रहे मोटरसाइकिल से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक और उसका सवार मृदुल शर्मा जो उसका भतीजा था, वह सड़क किनारे गिर गया। उन्होंने घायल युवक को तुरंत सिविल अस्पताल अंब पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी ऊना अमित यादव ने बताया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टायर फटने से पलटा ट्राला, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** बाथड़ी बाजार के मोड़ पर शुक्रवार शाम करीब चार बजे गुजरात से शीशा लेकर आ रहा एक ट्राला मोड़ पर टायर फटने से अनियंत्रित होकर आटा चक्की पर पलट गया। घटना के समय सुरजीत सिंह पुत्र हाकम सिंह, पूर्व प्रधान सतीश कुमार और मास्टर टेक चंद आटा चक्की के बाहर ही खड़े थे और बाल-बाल बच गए। पास ही 54 नंबर वाटर स्कीम पर जल शक्ति विभाग के कर्मचारी भी मौजूद थे। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, हालात का जायजा लिया और घायल चालक व कंडक्टर को अपने साथ उपचार के लिए अस्पताल ले गई। दोनों को हल्की चोटें आई थीं।

# शहर के व्यापारियों ने दुकानों के आगे पार्किंग पर मांगी छूट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

शहर में अतिक्रमण व अवैध पार्किंग के खिलाफ प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है।

बेतरतीब पार्किंग और मुख्य मार्ग के दोनों ओर वाहनों का जमावड़ा होने से लोग परेशान हो रहे हैं, अब शिकंजा कसा गया है। उन दुकानदारों को अधिक समस्या है, जो अपने वाहन दिन भर सड़क के किनारे खड़ा रखते थे, इसके साथ ऐसे दुकानदार भी परेशान हैं, जिनकी दुकान के बाहर अगर ग्राहक पार्किंग करता है, तो उसका भी चालान हो रहा है। हाल ही में दुकानों के आगे वाहन पार्क करने वालों के चालान किए गए, जिससे दुकानदारों में असंतोष देखा गया। दुकानदारों ने उपायुक्त जतिन लाल से मुलाकात कर अपनी समस्याएं साझा कीं। अजय विरमानी, राकेश कुमार, संजीव आदि दुकानदारों ने प्रशासन की अतिक्रमण मुहिम का समर्थन किया, लेकिन उन्होंने कहा कि ग्राहक कई बार सामान लेने के लिए अस्थायी रूप से वाहन पार्क करते हैं और चालान होने के डर से अब लोग दुकानों पर आने से कतराने लगे हैं। शादियों के सीजन में यह समस्या और बढ़ गई है, जब दुकानदारों का मुख्य समय कमाने का होता है।

डीसी ने आश्वासन दिया कि बेहतर व्यवस्था के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं, क्योंकि शहर में एनएच किनारे अवैध पार्किंग और अतिक्रमण से पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है। उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया है कि वे अपनी दुकानों के अंदर सामान रखें और ग्राहकों के लिए रास्ता खुला रखें, ताकि वे आराम से खरीदारी कर सकें। साथ ही वाहन चालकों से भी अपनी गाड़ियों को सही पार्किंग में रखने की अपील की।

# फ्री राशन वितरण कार्यक्रम 30 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद द्वारा अमोदनी प्रकल्प के तहत मेहनतकश व पात्र विधवाओं के लिए फ्री राशन वितरण कार्यक्रम 30 नवंबर रविवार को बचत भवन ऊना में सुबह साढ़े 10 बजे आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी हिमोत्कर्ष परिषद के महासचिव नरेश सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 68 चयनित पात्र विधवाओं को इस वर्ष की तीसरी क्वार्टर के तहत अक्तूबर, नवंबर व दिसंबर माह के लिए तीन माह का राशन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को 2250 रुपए के मूल्य का राशन सहयोग रूप में कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में 7 विद्यार्थियों को शिक्षा व मेडिकल चिकित्सा सहायता के रूप में 68075 रुपए की मदद की प्रदान की जाएगी। इसमें विद्यार्थियों की शिक्षा पूर्ण करने के लिए कॉलेज फीस शामिल है। उन्होंने सभी पात्र चयनित विधवाओं को पत्र द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने की सूचना भेजी जा चुकी है।

# अतिक्रमण व बेतरतीब पार्किंग को हटाया



उपमंडल मुख्यालय पर यातायात व कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए प्रशासन सड़क पर उतरा।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** उपमंडल मुख्यालय पर यातायात व कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए शुक्रवार को कार्यकारी एसडीएम एवं तहसीलदार अंब नरेश कुमार पटियाल की अगुवाई में एसएचओ अंब रूप सिंह, नगर पंचायत, एनएच व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ प्रशासन सड़क पर उतरा।

प्रशासन द्वारा सड़क पर किए गए अतिक्रमण व बेतरतीब पार्किंग को हटाया गया। इसके साथ-साथ लोगों को निकट भविष्य में किसी भी तरह की आइडियल पार्किंग व अतिक्रमण न करने के लिए निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने बीएसएनल एक्सचेंज से लेकर नैहरियां रोड व ऊना रोड पर कार्रवाई को अंजाम दिया। नरेश कुमार पटियाल ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए अतिक्रमण पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ यह पहली मुहिम हैं, जिसके तहत लोगों को सचेत किया जा रहा है और ऐसा न करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

निकट भविष्य में अगर लोगों द्वारा इसकी पुनरावृत्ति की जाती है, तो ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। बताते चलें कि सड़क किनारे आइडियल पार्किंग व अतिक्रमण के चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। इसके चलते कई सड़क दुर्घटनाओं में लोग अपनी जान से भी हाथ धो बैठे हैं।

**समृद्धि** ‘ब्लू इकोनॉमी’ ने बदली तस्वीर, मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना बनी विकास

# ऊना में ‘नीली क्रांति’ का नया अध्याय

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में पहाड़ी इलाकों की बंजर जमीन आज समृद्धि की नई दास्तान लिख रही है।

इस बदलाव के केंद्र में है राज्य सरकार की मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना। इस योजना ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देते हुए ऊना को ‘ब्लू इकोनॉमी’ का ऐसा उल्लेखनीय मॉडल प्रदान किया है, जिसकी चर्चा अब पूरे प्रदेश में हो रही है। महज एक वर्ष में बंगाणा और श्री चिंतपूर्णी क्षेत्र में जिस तेजी से परिवर्तन आया है, वह न सिर्फ सराहनीय है, बल्कि अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा है। प्रदेश के मत्स्य पालन विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही इस योजना में किसानों को कार्प मत्स्य पालन के तालाब निर्माण के लिए इकाई लागत पर 80 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है। मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा साल 2024 में आरंभ की गई इस योजना का लक्ष्य राज्य की मछली पालन क्षमता को बढ़ावा देने के साथ युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। मत्स्य पालन विभाग ऊना के सहायक निदेशक विवेक कुमार बताते हैं कि बंगाणा और चिंतपूर्णी में कई जगह भूमि पथरीली, कठोर और खेती के लिए लगभग अनुपयोगी थी। जंगली जानवरों का जोखिम किसानों को और पीछे धकेल देता था। ऐसे में मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना ने किसानों को एक मजबूत विकल्प उपलब्ध कराया। केवल एक साल के भीतर आज वही भूमि उच्च मूल्य वाले मत्स्य उत्पादन केंद्रों में बदल चुकी है। अब तक 2.8 हेक्टेयर भूमि इस योजना में कवर की जा चुकी है। 10 किसानों को लगभग 28 लाख रुपए की सब्सिडी दी गई है। इनमें से 2.12 हेक्टेयर भूमि बंगाणा और चिंतपूर्णी क्षेत्र में है, जिन्हें 21.03 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत हुई, अब तक 10 तालाब सफलतापूर्वक निर्मित हो चुके हैं, जो उत्पादन, आय और रोजगार के स्थायी स्रोत बन रहे हैं।



मत्स्य पालन विभाग के निदेशक विवेक चंदेल का कहना है कि मुख्यमंत्री सुक्खू की प्राथमिकता पहाड़ी क्षेत्रों में स्वरोजगार आधारित आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री की इस सोच को जमीन पर लाने में मत्स्य पालन विभाग अपने स्तर पर लगातार प्रयासरत है। इसमें सरकार की मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना बेहद महत्वपूर्ण पहल है। पहाड़ी इलाकों में तालाब निर्माण सामान्य स्थानों की तुलना में कहीं अधिक महंगा होता है। इसे ध्यान में रखते हुए किसानों को 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। विवेक चंदेल बताते हैं कि यह योजना सिर्फ आर्थिक वृद्धि का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यावरण सुधार का भी प्रभावी हथियार बनकर उभरी है।

वर्षा आधारित तालाब प्राकृतिक जल रिचार्ज संरचना की तरह काम कर रहे हैं। भूजल स्तर में सुधार ला रहे हैं। आसपास के पर्यावरण को अधिक संतुलित बना रहे हैं। किसानों की आय में आई स्थिर वृद्धि ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक टिकाऊ आधार दिया है। उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता के जीवन में ठोस और सकारात्मक बदलाव लाना है। मुख्यमंत्री सुक्खू का विशेष तौर पर इस बात पर ध्यान है कि स्वरोजगार आधारित अवसर हर नागरिक के द्वार तक पहुंचें। प्रशासन की प्रतिबद्धता है कि पात्र किसानों को योजनाओं का पूरा लाभ मिले, जिससे जिले में आय, रोजगार और संसाधन प्रबंधन के नए आयाम विकसित हों।

# डिजास्टर मिनिस्टर खुद ही डिजास्टर बने इस प्रदेश के लिए : सुमीत शर्मा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा के प्रदेश सचिव सुमीत शर्मा ने जारी बयान में हिमाचल प्रदेश के डिजास्टर मंत्री को प्रदेश के लिए डिजास्टर करार दिया है।



उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से मंत्री ने सदन की सभी मर्यादाओं को अपनी ज्ञानहीनता के चलते तारतार किया है, वह हिमाचल प्रदेश के सम्मान को धूमिल करने जैसा है। सुमीत ने बताया कि सदन में अपने लगभग 10 मिनट के संबोधन में नेगी लगातार संविधान का पाठ पढ़ा रहे थे। ज्यादा बढ़िया होता उनको इस बात का ज्ञान होता कि 26 नवंबर, 1950 को भारत ने संविधान को अंगीकार किया था और तब से लेकर वर्ष 2014 तक 132 बार इस देश के अंदर अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक तरह से चुनी सरकारों को सत्ताहीन करने का काम सबसे अधिक 90 बार केंद्र की कांग्रेस शासित सरकारों ने किया है। लंबा समय केंद्र में कांग्रेस का राज स्थापित करने वाली इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में 51 बार अनुच्छेद 356 का प्रयोग कर संविधान की मूलभावना की धज्जियां उड़ाई थी और लोकतंत्र को बौना करने का काम किया था। सुमीत ने बताया कि ज्यादा बढ़िया होता कि नेगी बोलने से पहले इस देश के और कांग्रेस शासित सरकारों के इतिहास को पढ़ लेते कि देश की पहली अंतरिम सरकार से लेकर वर्ष 2023 तक इस देश में 106 बार संविधान संशोधन किए गए हैं, जिनमें से नेगी के राजनैतिक दल कांग्रेस ने केंद्र की सरकारों में स्वयं सत्ता में बने रहने के लिए और निचले स्तर तक लोकतांत्रिक मूल्यों का अवमूल्यन करने के लिए 80 बार इन संशोधनों का सहारा लिया है। सुमीत ने कहा अपने नेताओं को खुश करने व अपने शब्दों पर कम नियंत्रण के चलते जगत नेगी गुरु गोलवलकर जी को देशद्रोही कह गए, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।

गोलवलकर कितने राष्ट्रभक्त थे उसकी जानकारी के लिए नेगी को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से पूछना पड़ेगा कि जब 1962 में चीन युद्ध में भारत खतरे में था तो गुरु जी के स्वंसेवकों ने माँ भारती की सेवा स्वेच्छा से मांगी थी और की भी थी परिणामस्वरूप गणतंत्र परेड में आरएसएस के स्वंयसेवकों को बुलाया गया था।

# 8 .77 करोड़ का नुकसान पर केवल 58 लाख की मदद : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शिक्षा व्यवस्था पर गत बरसात से बेहद विपरीत असर पड़ा है।

क्षेत्र के 65 प्राथमिक, 2 माध्यमिक, 5 उच्च और 9 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को भारी नुकसान पहुंचा, जिसकी कुल अनुमानित क्षति 8 करोड़ 77 लाख रुपये आंकी गई है। विधानसभा के शीत सत्र में विधायक सुरेंद्र शौरी के सवाल के जवाब में सरकार ने यह आंकड़ा रखा है। विधायक शौरी ने कहा है कि यह केवल भवनों का नुकसान नहीं है; यह बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और उनके भविष्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है। कांग्रेस सरकार ने क्षतिपूर्ति के नाम पर अब तक मात्र 58 लाख 50 हजार रुपए जारी किए हैं, जो आवश्यक राशि की तुलना में बेहद कम है और सरकार की उदासीनता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। इतने बड़े नुकसान पर इतनी छोटी मदद यह संकेत देती है कि शिक्षा और बच्चों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता सूची में बेहद नीचे है। क्षेत्र के कई स्कूल आज भी जर्जर स्थिति में हैं—कहीं दीवारें टूटी पड़ी हैं, कहीं छतें टपक रही हैं, कई भवन उपयोग के लिए असुरक्षित घोषित होने की कगार पर हैं—लेकिन सरकार अब भी सिर्फ़ काग़ज़ों में गतिविधियाँ दिखाने में व्यस्त दिखाई देती है।विधायक शौरी ने कहा है कि शिक्षा संस्थानों की यह उपेक्षा क्षेत्र के हजारों बच्चों के भविष्य को जोखिम में डाल रही है। बंजार महाविद्यालय,



वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुशैनी, मध्यमिक पाठशाला पाशी जैसे कई संस्थान त्वरित राहत की प्रतीक्षा में है। बंजार क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था इस समय उपेक्षा और धीमी सरकारी प्रक्रिया के दोहरे संकट से गुजर रही है। बंजार के बच्चे सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में शिक्षा पाने के हक़दार हैं। विधायक ने सरकार से मांग की है कि क्षतिग्रस्त विद्यालयों की मरम्मत और पुनर्निर्माण हेतु पूरी आवश्यक धनराशि तुरंत जारी की जाए। साथ ही, सभी प्रभावित स्कूलों का मैदानी स्तर पर पुनर्मूल्यांकन कर वास्तविक स्थिति के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी विद्यालय को आपदा जोखिम के बीच संचालित करने की नौबत न आए।

# कुल्लू के खेल मैदान में शुरू हुआ वाहनों की रफ्तार का रोमांचक मुकाबला

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



देशभर के विभिन्न राज्यों के 130 महिला व पुरुष प्रतिभागी ले रहे भाग।

**कुल्लू।** कुल्लू के ढालपुर स्थित खेल मैदान में एक बार फिर मोटर स्पोर्ट्स की रफ्तार का रोमांचक प्रतियोगिता का आगाज हो गया है।

तीन दिवसीय सेकेंड स्पीड ऑफ फेस्टिवल प्रतिस्पर्धा में देशभर के विभिन्न राज्यों के 130 महिला व पुरुष प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता हिमालयन एक्सट्रीम मोटर स्पोर्ट्स की ओर से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के पहले दिन शुक्रवार को बाइकर्स और कार प्रतियोगिता का क्वालीफाई राउंड हुआ। इसमें भारी संख्या में राइडर्स ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते अगले पड़ाव के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान मैदान के चारों ओर मोटर स्पोर्ट्स चाहवानों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी रही और मैदान में वाहनों की रफ्तार से उड़ रही धूल के बवंडर के बीच भी मोटर स्पोर्ट्स के फैन इस प्रतिस्पर्धा को देखने के देखने के लिए सुबह से शाम तक डटे रहे। सनद रहे गत वर्ष भी कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड का आयोजन किया गया था। इसे मोटर स्पोर्ट्स के चाहने वालों ने खूब पसंद किया था। इसी कड़ी में इस वर्ष भी युवाओं को नशे से दूर रखने बारे जागरूकता फैलाने व यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। रेड द हिमालय मोटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के 11 बार के विजेता रहे व इस प्रतियोगिता के आयोजक सुरेश राणा ने बताया कि पिछले साल देशभर के राइडर्स ने इस प्रतियोगिता में काफी रुचि दिखाई थी। इसके मद्देनजर इस वर्ष भी यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में देशभर के 130 के करीब राइडर्स भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ कुल्लू जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार द्वारा किया गया, जबकि रविवार को प्रतियोगिता का समापन होगा। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता कुल्लू सहित प्रदेश व देशभर में युवाओं को नशे से दूर करने और यातायात नियमों की पालना करने का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

# लेह मार्ग पर आवाजाही की अनुमति मिलते ही पहले दिन आरपार हुए 193 वाहन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली–लेह मार्ग पर एक सप्ताह के बाद शुक्रवार को वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई है। इस दौरान मनाली से 160 वाहन लेह रवाना हुए, जबकि 33 वाहन लेह से मनाली पहुंचे। सड़क की हालत सामान्य होने और मौसम के साफ रहने के चलते लाहुल स्पीति प्रशासन ने 7 नवंबर तक मार्ग को यातायात के लिए बहाल रखने का निर्णय लिया है। लाहौल–स्पीति प्रशासन ने 21 नवंबर को इस मार्ग को बंद कर दिया था, लेकिन हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लेह लद्दाख प्रशासन के साथ चर्चा करने के बाद इसे फिर से खोला गया। प्रशासन ने बताया कि यदि हिमपात नहीं हुआ, तो यह मार्ग 7 नवंबर तक वाहनों के लिए खुला रहेगा। हालांकि, मार्ग की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यात्रा केवल फोर बाई फोर वाहनों के लिए सुरक्षित है। प्रशासन ने यात्रा के लिए समय निर्धारित किया है। मनाली से लेह जाने वाले वाहन सुबह 9 बजे से 3 बजे तक दारचा से गुजर सकते हैं। डीसी किरण भडाना ने यात्रियों से प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का पालन करने की अपील की है।

# सरकारी स्कूल को बंद होने से बचाने का अनोखा प्रयास

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**



**आनी।** जहां प्रदेश सरकार एक के बाद एक सरकारी स्कूलों को बंद करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। वहीं, विकास खंड आनी की ग्राम पंचायत मुंडदल ने जागरूकता व एकता की मिसाल पेश की है।

पंचायत की जनता ने अपने स्तर पर ऐसा निर्णय लिया, जिसने न केवल स्थानीय प्राथमिक विद्यालय को पुनर्जीवित किया, बल्कि शिक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी भी दर्शाई। मुंडदल के लोगों ने प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे अपने बच्चों का स्वेच्छा से वापस सरकारी प्राथमिक विद्यालय मुंडदल में दाखिल करवाया। इससे न सिर्फ स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ी, बल्कि बंद होने का खतरा भी पूरी तरह टल गया। स्कूल के एसएमसी प्रधान चंद्र ठाकुर ने बताया कि आज विद्यालय किसी भी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं है। यहां छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ–साथ नियमित गतिविधियां, बेहतर यूनिफॉर्म कोड, स्वच्छता व रख–रखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नर्सरी और प्री–नर्सरी के बच्चों के लिए अलग से प्रशिक्षित अध्यापिका नियुक्त की गई है, जिससे शुरुआती कक्षाओं की शिक्षा और भी प्रभावी हो गई है। आज इस स्कूल में लगभग 20 विद्यार्थी उत्साहपूर्वक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मुंडदल पंचायत का यह कदम पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह संदेश देता है कि यदि समाज आगे बढ़कर पहल करे, तो सरकारी संस्थानों को न केवल बचाया जा सकता है, बल्कि उन्हें उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों पर भी पहुंचाया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पतलीकूहल-नग्गर मार्ग 30 को रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल नग्गर लिंक रोड पर आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते आगामी 30 नवंबर रविवार के दिन सभी प्रकार का यातायात बाधित रहेगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता केडी कश्यप ने बताया कि पतलीकूहल नग्गर लिंक रोड पर नग्गर पुल के पास बाढ़ के समय क्षतिग्रस्त हुए हिस्से पर आरआरसी ह्यूम पाइप डालने का कार्य किया जाना अपेक्षित है। अतः रविवार 30 नवंबर को पतलीकूहल नग्गर संपर्क मार्ग पर सुबह 9 से शाम 5 बजे तक यातायात पूरी तरह से बंद रखा जाएगा। उन्होंने क्षेत्र वासियों से इस दौरान विभाग का सहयोग करने की अपील की है।

### वीना गुलेरिया का आकस्मिक निधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला सहकारी संघ में महाप्रबंधक के पद पर कई वर्षों तक कार्यरत रही वीना गुलेरिया का आकस्मिक निधन पिछले कल हुआ है। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी और बिलासपुर एम्स में उपचाराधीन थी, जहां पर उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पूर्व बागवानी मंत्री, पूर्व अध्यक्ष कुल्लू जिला सहकारी संघ और भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने गहरी संवेदना और दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक जुझारू अनुभवी महिला अधिकारी जो सहकार तंत्र को मजबूत करने वाली शख्सियत थी, उसको खोया है जिससे जिले का पूरा सहकार जगत गमगीन है। सत्य प्रकाश ने कहा कि वीना गुलेरिया ने कुल्लू जिला सहकार संघ में मेरे कार्यकाल में अभूतपूर्व विकास कार्यों को पूरा करने में अपना योगदान दिया है, जो हमेशा याद रखा जाएगा। उनके निधन पर भुट्टिको सहकारी सभा की ओर से भी शोक व्यक्त किया गया तथा दिवंगत आत्मा के सम्मान में भुट्टिको परिसर का सहकारी ध्वज आधा झुका रहा। सहकारिता के भाव को जागृत करने के उद्देश्य से उनके पार्थिव शरीर को सहकारी ध्वज से ढक कर सम्मान दिया गया।

### झनियार अग्नि प्रभावितों को दिया 3 लाख का चेक

**अनंत ज्ञान, बंजार।** राजा वीरभद्र सिंह ट्रस्ट की ओर से झनियार गांव के अग्नि प्रभावितों को तीन लाख का चेक मदद स्वरूप दिया गया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह जब आग लगने के दूसरे दिन अग्नि प्रभावित गांव झनियार आए थे, तो उस समय उन्होंने ट्रस्ट की ओर से तीन लाख देने की घोषणा की थी। आज ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के सदस्य तेजा ठाकुर, भोपाल ठाकुर झनियार गांव पहुंचे और उन्होंने प्रभावित परिवारों को यह चेक दिया। उनके साथ इस दौरान जय ललित जॉनी, कुंज लाल राणा, बबलू, बलिराम, ओम व इंद्र भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वीरभद्र ट्रस्ट के सदस्य तेजा ठाकुर ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह ट्रस्ट मजबूर लोगों की सहायता करता है। इस ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी विक्रमादित्य सिंह ने झनियार गांव आकर लोगों का दुःख-दर्द बांटा था और उन्हें ट्रस्ट की ओर से तीन लाख देने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि आज झनियार गांव जाकर यह राशि दी गई है, ताकि झनियार के लोग अपना जीवन बसर पुनः कर सके। साथ ही उन्होंने सभी समाजसेवी संस्थाओं व ट्रस्टों से अपील की है कि झनियार गांव की खुलकर मदद करें। वहीं झनियार गांव के लोगों ने भी इस आपदा की घड़ी में राजा वीरभद्र सिंह ट्रस्ट द्वारा दी धनराशि का आभार प्रकट किया है।

### फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी होने की कराएंगे जांच

**अनंत ज्ञान, तीर्थन।** तीर्थन घाटी गुशैनी के मोनानी गांव के अमर सिंह ठाकुर को इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल काउंसिल के हिमाचल प्रदेश का स्टेट कोऑर्डिनेटर (ह्यूमन राइट्स अवेयरनेस) नियुक्त किया गया है। यह पद उन्हें मानवाधिकार जागरूकता और समाजसेवा में उनके समर्पण, निरंतरता और उत्कृष्ट योगदान के आधार पर प्रदान किया गया है। अमर को संगठन की ओर से आधिकारिक आईडी कार्ड और सदस्यता प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया है, जिसकी वैधता वर्ष 2028 तक रहेगी। इस नियुक्ति के साथ वे राज्य स्तर पर मानवाधिकार संरक्षण और जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाएंगे। अमर ने बताया कि अब इन्हें जो नई जिम्मेदारी मिली है, उस पर बखूबी तौर पर कार्य किया जाएगा। प्रदेश में कई जगह से दिव्यांगता के फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने के मामले संज्ञान में आए हैं, जिनकी जांच की जाएगी। इसके लिए आरटीआई के तहत सूचना ली गई है, अब केवल प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले लोग ही नहीं, बल्कि उन्हें तैयार करने वाले भी इस जांच के दायरे में आएंगे।

### छात्र हितों की अनदेखी के खिलाफ रोष प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कुल्लू द्वारा शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के बाहर एक रोष प्रदर्शन किया गया। इसमें लगभग 50-60 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रदेश में बढ़ रही शैक्षणिक अव्यवस्थाओं के प्रति विरोध जताया और आवाज उठाई कि सरकार छात्र हितों को लेकर गंभीर नहीं दिख रही। धरने के दौरान जिला संयोजक अभिनव कश्यप ने कहा कि लगातार मांगों के बावजूद प्रदेश में छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं किए जा रहे, जबकि यह विद्यार्थियों को नेतृत्व, अभिव्यक्ति और लोकतांत्रिक अधिकार देता है। परिषद ने यह भी कहा कि नैप 2020 को पूर्णत लागू किया जाए। इसके साथ ही परिषद ने तीन महत्वपूर्ण विश्वविद्यालयों – पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय, तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर और नौनी विश्वविद्यालय – में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति लंबित होने पर कड़ी नाराजगी जताई। अभाविप ने कहा कि बिना स्थाई नेतृत्व के विश्वविद्यालयों का विकास रुक जाता है और छात्रों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित होता है। धरने में युवाओं ने सरकार द्वारा घोषित 5 लाख नौकरियों के वादे को भी केवल कागजों तक सीमित बताया। छात्रों ने कहा कि रोजगार के अवसर घट रहे हैं जबकि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित है। परिषद ने एसपीयू का डेटा घटाए जाने, और एसपीयू तथा एचपीयू की मूल्यांकन प्रक्रिया में बार-बार आ रही गलतियों को भी गंभीर समस्या बताया। छात्रों का कहना है कि गलत मूल्यांकन से सैकड़ों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होता है, लेकिन सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहे।जिला संयोजक अभिनव कश्यप ने कहा विद्यार्थी परिषद छात्रों की समस्याओं को अनदेखा नहीं होने देगी। प्रदेश के विश्वविद्यालयों और छात्रों से जुड़े मुद्दों को तुरंत हल किया जाना चाहिए। यदि सरकार ने हमारी मांगों पर जल्द कदम नहीं उठाए, तो अभाविप आंदोलन को और तेज और उग्र करने के लिए बाध्य होगी।

# रिधिमा वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** लॉ मॉन्टेसरी स्कूल, ढालपुर की रिधिमा ने वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ट्रिनिटी स्कूल, मोहल के भुवनेश ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिताएं शुक्रवार को गीता आश्रम रामशिला में आयोजित 35वें गीता जयंती समारोह के दौरान हुईं। दोनों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और क्रमशः 3,100 तथा 2,001 की नकद राशि प्रदान की गई। सरस्वती विद्या मंदिर, बाशिंग की संस्कृति द्वितीय स्थान पर रही और उसे 2,100 का पुरस्कार मिला, जबकि भारत भारती स्कूल, ढालपुर की इशिता तृतीय स्थान पर रही और उसे 1,100 प्रदान किए गए। वाद–विवाद प्रतियोगिता में घाटी के 26 विद्यालयों से 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में पीएम श्री जीएसएसएस, सुल्तानपुर की परविना द्वितीय स्थान पर रही।

# अरछंडी पंचायत में हरे–भरे देवदार व चीड़ पर चली कुल्हाड़ी

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** कुल्लू जिले के नगर खंड की अरछंडी पंचायत में देवदार व चीड़ के हरे–भरे पेड़ों की कटाई का गंभीर मामला सामने आया है।



इसमें जंगल में पंचायत, महिला और युवक मंडल द्वारा लगाए पेड़ों को काटा जा रहा है। ग्रामीण इस कटान पर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं कि कैसे हरे–भरे पेड़ों पर आरी चल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग इन पेड़ों को काटने की अनुमति निजी भूमि के चलते मालिक को प्रदान की गई है, जबकि पौधरोपण करते समय किसी ने भी इसे अपनी भूमि बता कर अपना विरोध ही नहीं जताया था। स्थानीय पंचायत ने भी इसका तीन बार पूरजोर विरोध किया था और अब शुक्रवार को पंचायत के कोरम में दोबारा इसकी जांच के लिए प्रस्ताव पास किया गया है। पंचायत की प्रधान पुनी देवी व उपप्रधान भागेश शर्मा ने बताया कि इस मामले में गलत जानकारियां देकर पंचायत को भी भ्रमित करने का प्रयास किया गया है। स्थानीय पंचायत व लोगों ने कहा कि यह भूमि जिस परिवार को नौतोड़ में आवंटित हुई थी, वह पहले नदी के तट के साथ थी, लेकिन अब उस भूमि को पेड़ काटे जाने वाले स्थान पर बताया जा रहा है, जिसके चलते स्थानीय लोगों में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। 1995 की बाढ़ से पहले इसे ही नौतोड़ की भूमि माना गया था, लेकिन बाढ़ के बाद उस भूमि को पुराने मालिक द्वारा बेचा गया और भूमि खरीदने वाला शख्स उस भूमि से अपने क्रैशर के लिए पत्थर ले जाता रहा, लेकिन अब मामला कुछ उल्टा हो गया है।

देव सेवा संस्था के अध्यक्ष जय ठाकुर ने कहा कि इस मामले में कुप्रबंधन, मिलीभगत और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि यह भूमि यहीं थी, तो फिर आज तक कब्जा नदी के किनारे क्यों रहा। जय का कहना है कि जब वर्ष 1998–99 में यहां पौधरोपण किया गया, तो उस समय विरोध क्यूं नहीं किया गया। पंचायत उपप्रधान भागेश शर्मा ने कहा कि हमारे विरोध करने के बावजूद भी पेड़ काटे जा रहे हैं। उनका कहना है कि पंचायत को इस बार पेड़ काटने बारे सूचित ही नहीं किया गया। हिमाचल सरकार और जिला प्रशासन इस पर जल्द संज्ञान ले, अन्यथा पंचायत वासी आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

> **निजी** भूमि के चलते नियमों के अंतर्गत ही पेड़ काटने की अनुमति प्रदान की गई है। निजी भूमि होने के चलते विभाग नियमों के चलते 200 पेड़ों को काटने की अनुमति प्रदान कर सकता है।
> **एंजल चौहान, डीएफओ कुल्लू।**

> **जहां** पेड़ काटे जा रहे हैं वह मेरी निजी भूमि है। राजस्व विभाग द्वारा जिस की निशानदेही जनवरी में करवाई गई थी। पेड़ काटने का परमिट वन विभाग द्वारा उन्हें मिला है तभी पेड़ों की निशान देही कर पेड़ काटे जा रहे हैं।
> **रमेश महंत, भूमि मालिक**

# तेंजिन को रवि ठाकुर देंगे यथासंभव वित्तीय सहायता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल–स्पीति के पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य रवि ठाकुर ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए तेंजिन डोलमा को यथासंभव वित्तीय सहायता देने के लिए हामी भरी है। उन्होंने कहा कि लाहौल–स्पीति के दूरदराज इलाके से डोलमा इस मुकाम पर पहुंची है। ठाकुर ने कहा कि तेंजिन डोलमा ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बूते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। अभी हाल ही में थाइलैंड में आयोजित एशिया ओशिनिया चैंपियनशिप से रजत पदक लेकर लौटी डोलमा को रवि ठाकुर ने बतौर पुरस्कार 21 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी वह तेंजिन डोलमा दिल्ली स्थित भारतीय पर्वतारोहण संस्थान के अधिकारियों से भी मिलवा चुके हैं, ताकि अंतरराष्ट्रीय मैराथन प्रतियोगिताओं में संस्थान द्वारा डोलमा को सहायता मिल सके। रवि ठाकुर ने कहा कि सितंबर में मंडी की सांसद कंगना रनौत के मनाली दौरे के दौरान भी उन्होंने डोलमा को सांसद से मिलवाया था और कंगना ने हर संभव मदद करने की बात कही थी। रवि ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार को प्रदेश के उभरते हुए खिलाड़ियों को हर संभव सहायता उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि प्रदेश की प्रतिभाओं को निखारा जा सके।

# बैजनाथ में इंटर स्कूल स्टेट कराटे चैंपियनशिप में छाए मनाली के होनहार





मनाली के होनहार बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर मनाली का नाम रोशन किया है।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

गत दिनों बैजनाथ में इंटर स्कूल स्टेट कराटे चैंपियनशिप में मनाली के होनहार बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर मनाली का नाम रोशन किया है। रिसो टेकी गोजू रयू कराटे मनाली के होनहार नन्हे खिलाड़ियों ने अपने गुरु राकेश सूर्या के प्रतिनिधित्व में (पांच स्वर्ण, चार रजत व एक कांस्य पदक) कुल नौ पदक प्राप्त कर मनाली सहित जिला कुल्लू का नाम रोशन किया।

गुरु राकेश सूर्या ने बताया कि उनके नन्हे खिलाड़ियों ने जिला कुल्लू में सबसे अधिक पदक झटके हैं। उन्होंने बताया कि मायरा ठाकुर, आकृति शर्मा, काव्या शर्मा, गंगा ठाकुर व शुभम ने स्वर्ण, सोनम, गंगा ठाकुर, अरव ठाकुर ने रजत पदक व ईशान यशवीर ने कांस्य पदक प्राप्त कर मनाली का नाम रोशन किया। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने रिसो टेकी गोजू रयू कराटे मनाली को बधाई दी। गुरु राकेश सूर्या ने कहा कि कराटे से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। यह शारीरिक व मानसिक प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को चुनौतियों का सामना करने, लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे उनका आत्म–सम्मान बढ़ता है।

# एनएच–305 पर भारी वाहनों की आवाजाही पर समय–आधारित प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मजिस्ट्रेट कुल्लू तोरुल एस रवीश ने राष्ट्रीय राजमार्ग–305 पर यातायात के सुचारु प्रवाह व सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक आदेश जारी किया है। आदेश में औट से जलोड़ीपास सुबह: 9 से 12:30 तक तथा दोपहर 2:30 से 6 बजे के बीच टिपर, डंपर और अन्य भारी मोटर वाहन की आवाजाही पर प्रतिबंध का लगाया गया है। यह आदेश एंबुलेंस, फायर टेंडर और आपदा प्रबंधन वाहनों सहित आपातकालीन वाहनों पर लागू नहीं होगा। आदेश में पुलिस अधीक्षक, कुल्लू को सुगम यातायात प्रबंधन के लिए पर्याप्त पुलिस कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यकारी अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग डिवीजन रामपुर बशहर, को प्रतिबंधित मार्ग के दोनों व उचित साइनेज लगाने का निर्देश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और अगले आदेश जारी होने तक लागू रहेगा।

# तीन सालों से सुक्खू सरकार पेंशनर्स की वित्तीय देनदारियों को लटका रही : गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



प्रदेश पेंशनभोगी संघ का प्रतिनिधिमंडल डीसी कुल्लू को ज्ञापन सौंपते हुए।

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन की अध्यक्षता में उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश से मिला।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू को पेंशनरों की लंबित वित्तीय देनदारियों के एकमुश्त भुगतान के लिए ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व पेंशनभोगी संघ के बैनर तले अटल सदन ढालपुर से डीसी ऑफिस कुल्लू तक पेंशनरों ने लंबित मांगों के समर्थन में रैली निकाली। रैली को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने आरोप लगाया कि पिछले तीन सालों से सुक्खू सरकार पेंशनरों की वित्तीय देनदारियों को आवश्यक रूप से लटका रही है। इससे पेंशनरों में वर्तमान प्रदेश सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। प्रदेश सरकार एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त हुये पेंशनधारकों को संशोधित वेतनमान की संशोधित पेंशन, 40 प्रतिशत संशोधित पेंशन कम्युटेशन, रिटायरमेंट ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट के एरियर का भुगतान विगत तीन वर्षों से नहीं कर पाई है। गत तीन वर्षों से विभिन्न विभागों के पेंशनरों के मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने मांग की है कि पेंशनरों के लंबित मेडिकल बिलों के एकमुश्त भुगतान के लिए पर्याप्त बजट का शीघ्र प्रावधान किया जाए। पेंशनधारकों को एक जुलाई 2023 से देय 4 फीसदी, एक जनवरी 2024 से 4 फीसदी, एक जुलाई 2024 से 3 फिसदी, एक जनवरी 2025 से 2 फीसदी और एक जुलाई 2025 से 3 फीसदी की पांच किस्तों सहित कुल 16 फीसदी मंहगाई भत्ता देय है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को एक जुलाई 2025 के अनुसार कुल 58 फीसदी मंहगाई भत्ता मिल रहा है, जबकि प्रदेश सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनरों को अभी तक केवल 45 फीसदी मंहगाई भत्ता ही दे रही है, जो कि गगनचुंबी मंहगाई के इस दौर में पर्याप्त नहीं है।

**बैठक** मनाली में बहाली कार्यों की समीक्षा, डीसी ने तेजी लाने के दिए निर्देश

# 15 तक टू–लेन मार्ग बहाल करने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती हुई डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश।

डीसी तोरूल एस रवीश ने मनाली उपमंडल में चल रहे बहाली व पुनर्वास कार्यों की प्रगति को लेकर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सक्रियता से प्रगति करने के निर्देश दिए।

डीसी ने संबंधित प्रत्येक विभाग को सक्रियता व तेजी से प्रगति करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले के विकास व नागरिक सुविधाओं के लिए इन सभी उपायों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने एनएचएआई को सड़क की बहाली के लिए समानांतर रूप से दो स्थानों पर मशीनरी तैनात करके बहाली के कार्य को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर सड़क पर पड़े हुए गड्ढों को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिमसा चौक ग्रीन, टैक्स बैरियर आदि स्थानों पर सड़क को चौड़ा करने की बात कही, ताकि आने वाले समय में यातायात का निर्बाध रूप से संचालन किया जा सके। उन्होंने परमानेंट रेस्टोरेशन के कार्य को भी गति देने के निर्देश दिए ताकि आगामी मानसून से पूर्व इन कार्यों को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर तक सड़क को टू लेन के यातायात के लिए पूरी तरह बहाल करें।उन्होंने ओल्ड मनाली के पार्किंग स्थल को निर्माण करने के लिए प्राक्कलन तैयार करके जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि इसके निर्माण को जल्द आरंभ किया जाए। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को रंगड़ी में भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में आ रही सभी बाधाओं को तत्परता से दूर करने और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को खतरनाक पेड़ काटने के लिए, और पर्यावरण मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जलशक्ति विभाग को पानी की कमी वाले क्षेत्रों की पहचान करने और वैकल्पिक स्रोतों पर काम करने के लिए सक्रियता दिखाने को कहा गया है। बैठक की कार्यवाही का संचालन उपमंडल अधिकारी मनाली रमन शर्मा ने किया। बैठक में अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जलवायु रेजिलिएंस पर फील्ड स्टडी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** केरल के श्री सबरीसा कॉलेज के मास्टर ऑफ सोशल वर्क स्टूडेंट्स की एक टीम 26 नवंबर से 1 दिसंबर तक हिमाचल प्रदेश के मनाली में एक ग्रामीण एक्सपोजर और कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम में भाग ले रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक विकास व जलवायु रेजिलिएंस के विषय पर अध्ययन करना है। छात्र स्थानीय गांवों, स्कूलों और सामाजिक संस्थाओं में जाकर जलवायु परिवर्तन, आपदा निवारण और ग्रामीण विकास पर शोध कर रहे हैं। फैकल्टी जिजिश एम और वी जी हरीशकुमार के नेतृत्व में 22 स्टूडेंट्स और 4 फैकल्टी इस पहल का हिस्सा हैं। टीम का मुख्य लक्ष्य हिमाचल के ग्रामीण इलाकों में इस्तेमाल किए जाने वाले पारंपरिक जलवायु परिवर्तन व आपदा निवारण उपायों को डॉक्यूमेंट करना है। शुक्रवार को टीम ने मनाली के तिब्बती स्कूल में एक कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम आयोजित किया, जहां छात्र और स्थानीय समुदाय के लोग एक–दूसरे के सांस्कृतिक अनुभवों को साझा कर रहे हैं, जिससे आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा मिल रहा है।

# जिले में बाल श्रम की किसी भी घटना पर बरती जा रही सतत सजगता : किरण भड़ाना



डीसी श्रमिकों के बच्चों को कपड़े व अन्य सामान वितरित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

डीसी लाहौल–स्पीति किरण भड़ाना ने शुक्रवार को विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) के अधीन कार्यरत श्रमिकों व उनके बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए। यह वितरण जिले की कठोर शीतलहर को ध्यान में रखते हुए श्रमिक परिवारों के स्वास्थ्य व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किया गया।

डीसी किरण भड़ाना समय–समय पर सड़क निर्माण स्थलों का नियमित निरीक्षण कर रही हैं, जहां वे श्रमिकों के कार्य वातावरण, आवास व्यवस्था, पोषण तथा चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करती हैं। वे श्रमिकों को उचित मजदूरी, सुरक्षा उपकरण व आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराने पर जोर देती हैं तथा किसी भी असुविधा पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करती हैं। डीसी द्वारा दीपावली सहित विभिन्न त्योहारों पर श्रमिक परिवारों को मिठाइयां, फल व दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएं वितरित की जाती हैं, जो समाज के सभी वर्गों के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रतिबिंबित करती हैं तथा स्थानीय परंपराओं के अनुरूप श्रमिक कल्याण को प्राथमिकता प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे।

डीसी किरण भड़ाना जिले में बाल श्रम की किसी भी घटना पर सतत सजगता बरत रही हैं तथा इसके पूर्ण उन्मूलन के लिए कड़ी निगरानी सुनिश्चित कर रही हैं। उन्होंने हालिया निरीक्षणों में बाल श्रम पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए तथा जिला बाल संरक्षण समितियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया है। जिला प्रशासन सभी हितधारकों से सहयोग की अपील करता है कि वे कार्यक्षेत्रों में सभी मानवीय पहलुओं पर अवश्य ध्यान दें, ताकि श्रमिक परिवार सशक्त बन सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने की दी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के विधि विज्ञान संकाय ने संविधान दिवस के अवसर पर शैक्षणिक व जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया। समारोह में वाद-विवाद, पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता और जागरूकता परेड शामिल थी। हिमाचल प्रदेश की पुलिस महानिरीक्षक (अपराध) बिंदु रानी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और छात्रों को संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने युवाओं में बढ़ते नशे के सेवन के खतरे पर भी ध्यान दिलाया। लॉ फेस्ट 4.0 में 30 से अधिक टीमों ने भाग लिया। इसमें मूट कोर्ट, क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन व ऑनलाइन प्रतियोगिताएं शामिल थीं। कार्यक्रम का समापन छात्रों को संवैधानिक प्रावधानों व कानूनी अधिकारों पर जानकारी देने वाले सूचनात्मक स्टॉल्स के साथ हुआ।

### शौचालय के महत्व के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सराहां।** विश्व शौचालय दिवस, जो 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक 'हमारा शौचालय, हमारा भविष्य' थीम पर मनाया जा रहा है, उसके तहत शुक्रवार को सराहां स्थित विकास खंड अधिकारी कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और लोगों को शौचालय के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने निजी शौचालय के उपयोग व सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की। साथ ही, उन्होंने महिला मंडल व स्वयं सहायता समूहों को इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। इस मौके पर बीडीसी अध्यक्ष सुरेंद्र नेहरू, कृषि विपणन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बलदेव भंडारी, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक कंचन चौहान और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### समाज में जागरूकता फैलाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में रेड रिबन क्लब के विद्यार्थियों ने एचआईवी-एड्स जागरूकता विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। प्रस्तुति का उद्देश्य समाज में एचआईवी-एड्स से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना, जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित व्यवहार अपनाने का संदेश देना था। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली, रेड रिबन कमेटी के सदस्य तथा कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. योगेश कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. मनीषा कोहली ने रेड रिबन क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए छात्रों को एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूक रहने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। आयोजन का नेतृत्व रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ. प्रेम प्रकाश नेगी ने किया, जबकि क्लब सदस्यों डॉ. मंजू ठाकुर और डॉ. रमेश कुमार ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

### 6 माह बाद भी बहाल नहीं हुई सिंचाई योजना

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन विधानसभा क्षेत्र की बर्मा पापड़ी में 6 महीने बाद भी सिंचाई योजना बहाल नहीं हो पाई है। इसके चलते किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक और संबंधित विभाग के आश्वासन के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। आलम यह है कि किसान फसलों की बिजाई भी नहीं कर पा रहे है। बढ़ती समस्या को लेकर बर्मा पापड़ी पंचायत के किसान जिला मुख्यालय नाहन पहुंचे और जिला उपायुक्त से मुलाकात कर उन्हें समस्या के बारे में अवगत करवाया। मीडिया से बात करते हुए किसानों ने बताया कि जून महीने में भारी बारिश के बाद सिंचाई योजना का टैंक क्षतिग्रस्त हो गया था मगर आज तक उसे दुरुस्त नहीं किया गया है। इसके चलते किसानों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं और निर्धारित समय पर अपने फसलों की बिजाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि समस्या को लेकर संबंधित विभाग व स्थानीय विधायक से भी मुलाकात की गई थी और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया था, मगर समस्या अभी भी बरकरार है। किसानों का कहना है कि उनकी आर्थिकी फसलों पर ही निर्भर रहती है और यही उनकी आय का मुख्य साधन है यदि फसलों की बिजाई नहीं हो पाई, तो भविष्य पर संकट छा जाएगा। वहीं, उन्होंने कहा कि विभाग से अस्थायी तौर पर योजना को चलाने की मांग की जा रही है, मगर गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

### नाहन चौगान में होगी फुटबॉल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कभी फुटबॉल के केंद्र रहे नाहन में इस बार 58वीं राज्य स्तरीय सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन व जिला सिरमौर फुटबॉल एसोसिएशन के तहत आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में पूरे प्रदेश से 12 टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें लगभग 300 खिलाड़ी और 60 के करीब ऑफिशियल शामिल होंगे। प्रतियोगिता एक से लेकर 4 दिसंबर तक नाहन चौगान में आयोजित होगी। महासचिव दीपक शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सभी मैच लीग कम नॉकआउट आधार पर होंगे और टीमों को चार पूलों में बांटा जाएगा। लीग के बाद सेमीफाइनल व फाइनल के मुकाबले खेलेंगे। इसी आयोजन से संतोष ट्रॉफी के लिए हिमाचल के 30 खिलाड़ियों का चयन प्रस्तावित है, जिनका कैंप पंजाब के महालपुर में लगेगा। इसमें राष्ट्रीय स्तर के कोच प्रशिक्षण देंगे, ताकि राज्य की टीम राष्ट्रीय टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर सके। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी व उद्योगपति रुपिंद्र ठाकुर करेंगे, जबकि समापन 4 दिसंबर को ऐतिहासिक चौगान मैदान में होगा। आयोजन में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नाहन द्वारा सहयोग भी सुनिश्चित किया गया है।

### 110 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 3 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मैसर्ज पिनैकल लाइफ साइंस प्रालि, मैसर्ज एम्पफोर्स ऑटोटेक प्रालि, और मैसर्ज हिंदुस्तान फ्यूरस लिमिटेड बद्दी में विभिन्न पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 3 दिसंबर को मॉडल कैरियर सेंटर, उप रोजगार कार्यालय बद्दी में आयोजित किया जाएगा। सीनियर ऑफिसर, एग्जीक्यूटिव, ऑपरेटर और अन्य पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को आईटीआई, डिप्लोमा, बीफार्मा, बीएससी और अन्य संबंधित योग्यताएं होनी चाहिए। उम्मीदवारों को आवेदन से पहले रोजगार कार्यालय में पंजीकरण करवाना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए 98726-40412 और 98169-28706 पर संपर्क किया जा सकता है।

### इलेक्ट्रिक उत्पादन के बारे में हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के प्रदर्शन को बढ़ावा देना और तीव्रता लाना (आरएएमपी) तथा उद्योग 4.0 तकनीक विषय पर सोलन जिले के परवाणू में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन की सूक्ष्म, लघु व मध्यम इकाई के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रिवर्स इंजीनियरिंग व 3डी प्रिंटिंग सॉल्यूशन के माध्यम से इलेक्ट्रिक उत्पादन में गति लाने के लिए संबंध में सारगर्भित चर्चा की गई। जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता परवाणू स्थित एकल खिड़की स्वीकृति एजेंसी की सदस्य सचिव राकेश बाला ने की। जागरूकता कार्यक्रम में परवाणू में कार्यरत ऑटोमोटिव, रक्षा, घरेलू उपकरण बनाने वाली सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों ने भाग लिया।

# विद्या रत्न चौधरी को ट्रक यूनियन नालागढ़ की कमान, हरभजन चौधरी बने चेयरमैन

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बीबीएन।** एशिया की सबसे बड़ी ट्रक यूनियन नालागढ़ के चुनाव में विद्यारतन चौधरी को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। इसके अलावा पूर्व प्रधान हरभजन चौधरी को चैयरमैन व जगदीश जग्गी को महासचिव मनोनीत किया गया। अन्य पदाधिकारियों को चुनाव चयनित पदाधिकारी करेंगे।

ट्रक यूनियन सभागार में नालागढ़ के एसडीएम नरेंद्र आहलुवालिया के देखरेख में चुनाव करवाये गये जिसमें प्रधान पद के लिए विद्यारतन का नाम रखा। जिसका उपस्थित सभी ट्रक आपरेटरों ने समर्थन किया। नव निर्वाचित प्रधान विद्यारतन ने हरभजन चौधरी का नाम चैयरमैन के लिए रखा। इसके सभी जनता ने समर्थन किया। उसके बाद महासचिव पद के लिए जगदीश जग्गी को सर्वसम्मति से चुना गया। ट्रक यूनियन के प्रधान विद्या रतन चौधरी ने कहा कि सभी ट्रक संचालकों व उद्योगों के साथ मिल



ट्रक यूनियन नालागढ़ के नवनियुक्त पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

कर काम को बढ़ाना उनकी प्राथमिकता रहेगी, जो उद्योग और ट्रांसपोर्टर भाड़ा देरी से डाल रहे है, उसे सुचारू किया जाएगा। इस मौके पर नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा ने कहा कि सभी ऑपरेटर आपस में मिलजुल कर काम करें। ट्रक यूनियन से गरीब लोगों की रोजी रोटी चल रही है। कई लोगों के पास तो एक ही ट्रक है। उन्होंने कहा कि सभी लोग राजनीती से उपर उठकर ट्रक यूनियन को मजबूत करें। बावा ने कहा कि प्रदेश सरकार ट्रक यूनियन के साथ मजबूती से खड़ी है। ट्रक यूनियन के पदाधिकारी ऑपरेटर की समस्याओं का समाधान एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने बताया कि उनके पूवर्जों ने यह पौधा लगाया है।

उनका परिवार आज तक ट्रक यूनियन की सेवा करता आया है और आगे भी करता रहेगा। अगर यूनियन पर कोई बाहरी ताकते कमजोर करने का प्रयास करेगी तो वह कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है। यूनियन की एकता सर्वोपरि है और उनका परिवार चट्टान की तरह यूनियन के साथ खड़ा है। इस मौके पर ट्रक आपरेटर सोसायटी के प्रधान जितेंद्र जिंदू, केशियर इंद्रजीत सिंह, मदन चौधरी, गुरमैल चौधरी, राजेंद्र झल्ला, सुरजीत चौधरी, कृष्ण कौशल, ईश्वर ठाकुर, जगजीत सिंह, अवतार सिंह, परमजीत सिंह, वीर सिंह चंदेल, सुरजीत सिंह, मनमोहन सिंह, नरेंद्र दीपा, चनन सिंह, डीके कौशल, मनमोहन सिंह, ध्वजभवंर सिंह, जितेंद्र राणा, सरबजीत सिंह, स्वर्ण सैनी, जगदीश सिंह, हरप्रीत सिंह, जगजीत सिंह, अवतार सिंह, सुर्जन सैनी, ए.डी.सी. सोलन राहुल जैन, एएसपी अशोक वर्मा, डीएसपी भीष्म ठाकुर, तहसीलदार हुसन चंद चौधरी समेत सैकड़ों ट्रक संचालक उपस्थित हुए।

## नेगी के आधारहीन आरोप व पुत्र पर लगे आरोपों पर सरकार की चुप्पी शर्मनाक: डॉ. राजीव सैजल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा विधानसभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरुद्ध दिए गए आधारहीन, तथ्यहीन और मर्यादाहीन वक्तव्यों की कड़ी निंदा की है।

भाजपा नेता डॉ. राजीव सैजल ने इसे मंत्री के मानसिक दिवालियापन और मानसिक संतुलन खोने का स्पष्ट संकेत बताया है। उन्होंने कहा कि मंत्री नेगी के वक्तव्य भाषा और आचरण दोनों में गिरावट को दर्शाते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर काल्पनिक आरोप लगाना कांग्रेस की विकृत मानसिकता को दर्शाता है। जिला मीडिया प्रभारी सोलन संजीव मोहन की तरफ से जारी बयान में डॉ. सैजल कहा कि आरएसएस 1925 से राष्ट्रहित, समाज सेवा और चरित्र निर्माण में निरंतर योगदान दे रहा है। इसके तहत शिक्षा (विद्या भारती), स्वास्थ्य सेवा (कोविड-19 राहत, रक्तदान शिविर), आपदा राहत, और ग्रामीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाता है। डॉ. सैजल ने कहा कि 1975 के आपातकाल का विरोध कर लोकतंत्र की बहाली और 1962 के भारत-चीन युद्ध में सीमा क्षेत्रों में राहत कार्य में योगदान दिया है। भाजपा नेता कहा संघ की छवि धूमिल करने के प्रयास के लिए मंत्री नेगी तत्काल सार्वजनिक माफी मांगे। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि कांग्रेस मंत्री केवल सुर्खियों में रहने के लिए बयानबाजी करते हैं, जबकि जमीन पर काम शून्य है। मंडी जिले में आपदा प्रभावित लोगों पर एसएआर के अंतर्गत केस दर्ज करवाना कांग्रेस की जन विरोधी



सोच का प्रमाण है। डॉ. राजीव सैजल ने कहा कि मंत्री जगत नेगी के पुत्र विक्रम नेगी पर घरेलू हिंसा, मानसिक प्रताड़ना और धमकियों जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। पत्नी का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में घर के माहौल में कई बार ऐसी परिस्थितियां बनीं, जिनसे उन्हें शारीरिक और भावनात्मक दोनों तरह की तकलीफ महसूस हुई। उन्होंने यह भी संकेत किया कि एक-दो मौकों पर स्थितियां इतनी तनावपूर्ण हो गईं कि उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता होने लगी। ऐसे में महिला सुरक्षा की बात करने वाली कांग्रेस सरकार का अपने ही घर में अत्याचार पर मौन रहना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है।

## जरवा-जुनैली की प्रधान को पद से हटाने के आदेश

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने विकास खंड शिलाई की ग्राम पंचायत जरवा-जुनैली की प्रधान आशा देवी को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार का दोषी पाए जाने पर ग्राम पंचायत जरवा-जुनैली के प्रधान पद से तत्काल हटाने के आदेश जारी किए हं। छह वर्ष की कालावधि के लिए पंचायत के पदाधिकारी के रूप मे निर्वाचित होने के लिए निर्रहित (अयोग्य) करने के भी आदेश जारी किए हैं। डीसी ने आदेश जारी किए हैं कि वह दुरुपयोग की गई 12,99,607 रुपए की धनराशि को तुरंत पंचायत निधि खाते में जमा करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उनके पास ग्राम पंचायत जरवा-जुनैली की नकद राशि या पंचायत अभिलेख या अन्य कोई स्टोर/स्टॉक का सामान हो तो उसे भी प्रधान पद की मोहर के साथ तुरंत सचिव, ग्राम पंचायत जरवा-जुनैली को सौंपना सुनिश्चित करें।



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते लोग।

## उपतहसील माजरा में बैठने की सुविधा नहीं, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

उप-तहसील माजरा कार्यालय में आम लोगों के बैठने के लिए कुर्सी या बेंच की कोई सुविधा नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जल्द बैठने की व्यवस्था कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व और न्यायिक कार्यों के लिए रोजाना सैकड़ों लोग उप तहसील माजरा पहुंचते हैं, लेकिन बैठने की कोई व्यवस्था न होने के कारण लोगों को अपनी बारी के इंतजार में पूरा दिन खड़े रहना पड़ता है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और बीमार लोगों को विशेष कठिनाई होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि रीडर कक्ष के बाहर दो पहिया व चार पहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे रास्ता संकरा हो जाता है और आने-जाने में भी लोगों को परेशानी होती है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुकेश कुमार, भरत सिंह, देशराज, दिनेश कुमार सहित कई ग्रामीण शामिल रहे। माजरा में उप तहसील बने हुए चार साल से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन आज तक जनता के लिए बैठने की कोई स्थायी सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई।

## संगठन सृजन अभियान कांग्रेस पार्टी का महत्वपूर्ण कार्यक्रम: वीपी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक वीपी सिंह ने पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के राजगढ़ में कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के उपरांत मीडिया से बातचीत की।

उन्होंने बताया कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस पार्टी का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और पार्टी की पहुंच विशेषकर युवाओं, महिलाओं, तथा कमजोर वर्गों एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों तक बढ़ाना है। पर्यवेक्षक वीपी सिंह ने कहा कि इस अभियान की आवश्यकता इसलिए पड़ी, ताकि संगठन को अधिक जवाबदेह बनाया जा सके और उसके दायित्वों को मजबूती से निभाया जा सके। उन्होंने कहा कि जब पार्टी और संगठन मजबूत होंगे, तभी सरकार की योजनाओं और संदेशों को प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी द्वारा अहमदाबाद में यह निर्णय लिया गया है कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष का चयन सर्वसम्मति से किया जाएगा और यह प्रक्रिया निश्चित समय के भीतर पूरी होगी। पहले जिला अध्यक्ष बनने के बाद उनके कार्यों की समीक्षा नहीं की जाती थी, लेकिन अब नियमित रूप से जिला अध्यक्ष की कार्य क्षमता, संगठन विस्तार और नये लोगों को जोड़ने के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि संगठन में नौजवानों और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है।

## सांसद ने किया मां सरस्वती पुस्तकालय सराहां भवन का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पुस्तकें मनुष्य की सबसे सच्ची मित्र है यह बात शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने विकास खंड पच्छाद के सराहां स्थित कार्यालय के सभागार के ऊपर बने मां सरस्वती पुस्तकालय सराहां के भवन के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तकालय के फर्नीचर व किताबों के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा की वो जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि है और उनका यह कार्यक्रम आधिकारिक रूप से स्वीकृत हुआ है ऐसे मे अधिकारियों का कार्यक्रम से नदारद रहना न केवल एक सांसद का अपमान है, बल्कि लोकतंत्र के लिए भी चिंता का विषय है।

## लहसुन व सब्जी पर किसान खेत पाठशाला का शुभारंभ



किसान खेत पाठशाला के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे किसान।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, वनस्पति संरक्षण संगरोध व संग्रह निदेशालय के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र सोलन द्वारा राजगढ़ ब्लॉक, जिला सिरमौर, ग्राम फागू डाग में लहसुन फसल पर और गांव थोर निवाड़ में सब्जी पर किसान खेत पाठशाला का शुभारंभ किया गया।

गांव से आए 35 किसानों का इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन ईदू, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने किया। कार्यक्रम में किसानों को एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की महत्ता पर जानकारी प्रदान की गई। खेती में मित्र कीटों जैसे लेडी बर्ड बीटल व परभक्षी कीटों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया, जो प्राकृतिक रूप से कीट आबादी को नियंत्रित करने में सक्षम व सहायक होते हैं। साथ ही, रोग-कीट पहचान, फसल चक्र, संतुलित पोषण, फेरोमोन ट्रैप व जैव-नियंत्रण तकनीकों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। किसानों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी व ज्ञानवर्धक बताया।

## सायरी में 30 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के सायरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एनएसएस व स्थानीय युवाओं सहित 30 लोगों ने रक्तदान किया। स्वास्थ्य विभाग की सोलन और सायरी की टीम ने और वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सायरी की प्रधानाचार्या इंदु शर्मा व उनके सहयोगी अजय चौहान ने अपनी सेवाएं दीं। रक्तदान शिविर के बाद नशा मुक्त युवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी स्कूली बच्चों व युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। सभी से आह्वान किया गया कि वह नशा मुक्त समाज के लिए अपना सहयोग दें। इसके साथ तंबाकू मुक्त गांव तंबाकू मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी गई।

## पाइनग्रोव स्कूल सोलन की बेटियों को प्रदान करेगा निशुल्क शिक्षा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**यह योजना जिला सोलन के परिवारों में एक उम्मीद की किरण ला सकती है**

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू जिला सोलन में लड़कियों के लिए चयन परीक्षा 21 दिसंबर दिन रविवार को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। समाज सेवा को जारी रखते हुए प्रवेश परीक्षा में भाग लेने के लिए छात्रा हिमाचल प्रदेश, जिला सोलन की स्थायी निवासी होनी चाहिए।

यह योजना हिमाचल प्रदेश जिला सोलन के परिवारों में एक उम्मीद की किरण ला सकती है। याद रहे पाइनग्रोव स्कूल पिछले कई वर्षों से जिला सोलन की छात्राओं को चयनित कर रहा है और कुछ छात्राएं आज भी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहीं हैं। छात्रा प्रथम कक्षा से ही सरकारी पाठशाला में पढ़ रही हो। छात्रा की आयु 11 वर्ष होनी चाहिए तथा वर्तमान में पांचवीं कक्षा में पढ़ रही हो। प्रत्येक वर्ष चयन परीक्षा के आधार पर दो सर्वश्रेष्ठ छात्राओं को पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू में प्रवेश दिया जाता है। इन छात्राओं को पाइनग्रोव स्कूल द्वारा निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। पाइनग्रोव स्कूल सीबीएसई, आईपी एससी, आईएवाईपी और एनसीसी, बिट्रिश कौंसिल आईएसओ 9001.2000 से प्रमाणित है। पाइनग्रोव स्कूल न केवल हिमाचल प्रदेश का बल्कि, देश के प्रतिष्ठित स्कूलों में से एक है, जहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों से डटकर मुकाबला करने के लिए तैयार किया जाता है। पाइनग्रोव स्कूल ने डीसी सोलन के माध्यम से हिमाचल को सूचित किया है कि वह अपने बलबूते पर सोलन की लड़कियों की सहायता कर रहे हैं और अनेक लडकियां अपनी योग्यता, कला, गुणों से संपन्न तो हैं ही लेकिन आर्थिक समस्या के कारण उन्हें अच्छे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर नहीं मिलता है।

पाइनग्रोव स्कूल जिला सोंलन की लडकियां जो पढ़ाई में होशियार हो उनको अपने स्कूल जिला सोलन में शिक्षा देने की जिम्मेदारी इस वर्ष भी लेने की रूचि प्रस्तुत की है। कैप्टेन एजे सिंह का मनना है कि यदि सोलन जिले की लड़कियों की सहायता की जाए, तो वे जीवन में अच्छी नौकरी प्राप्त करके अपने उद्देश्य में सफल हो सकती हैं। पाइनग्रोव स्कूल पहले से ही समाज सेवा करने में जुटा है, ताकि उन लड़कियों के माता-पिता और हिमाचल प्रदेश को गर्व महसूस करने का अवसर दे सके।

## मुख्यमंत्री विश्व विजेता खो-खो और कबड्डी खिलाड़ियों के साथ कर रहे हैं भेदभाव: विनय

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर विश्व विजेता युवा खिलाड़ियों के साथ घोर अन्याय और पक्षपात करने का आरोप लगाया है।

विनय गुप्ता ने कहा कि वर्ल्ड कप जीतने वाली क्रिकेट टीम की हिमाचल से संबंध रखने वाली क्रिकेट खिलाड़ी को तो मुख्यमंत्री 24 घंटे के अंदर फोन करके उन्हें बधाई भी देते हैं और साथ में एक करोड़ रुपए की इनाम राशि देने की भी घोषणा करते हैं, लेकिन दूसरी ओर विश्व में भारत का परचम लहराने वाली खो-खो और कबड्डी खिलाड़ियों को इस सरकार ने न केवल दरकिनार किया है बल्कि अपनी विलक्षण प्रतिभा के कारण भारत को स्वर्ण जयंती पदक दिलाने वाले खिलाड़ियों का आम निरादर किया है। विनय गुप्ता ने कहा कि वह क्रिकेट खिलाड़ी रेणुका को 100000 की नाम राशि का स्वागत करते हैं परंतु दूसरे वर्ल्ड कप विजेताओं को भी उसी तरह से इनाम देकर नवाजा जाना जरूरी है। उन्होंने कहा की वर्ल्ड कप विजेताओं के लिए एक ही सरकार के दो मापदंड नहीं हो सकते और यदि क्रिकेट के खिलाड़ी को एक करोड़ रुपए दिए जा सकते हैं तो कबड्डी और खो खो विश्व कप में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले हिमाचल के खिलाड़ियों को एक करोड़ की ईनाम राशि से वंचित कैसे रखा जा सकता है।



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने वर्ल्ड कप जीतने वाले खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपए की इनाम राशि देने की नीति बनाई थी लेकिन इस सरकार ने सत्ता में आते ही तत्कालीन भाजपा सरकार की युवाओं को प्रोत्साहित करने वाली उस नीति को ठंडे बस्ते में डाल दिया है जिससे यह साबित होता है कि सुक्खू सरकार युवा विरोधी सरकार है और विश्व में भारत का झंडा बुलंद करने वाले हिमाचल के खिलाड़ियों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है। विनय गुप्ता ने कहा कि सुक्खू सरकार ने सत्ता में आने के लिए हर साल युवाओं को 1 लाख नौकरियां देने का झूठा वादा किया था और अब ऐसी प्रतिभाशाली युवाओं के साथ भी धोखा किया जा रहा है।

## ऑनलाइन डाउनलोड करें बिजली के बिल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड लि से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब सभी बिजली उपभोक्ताओं को बिजली के बिल की कागजी प्रति घर पर उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी। उपभोक्ता अपने बिल हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लि. की मोबाइल ऐप अथवा वेबसाइट पर देखकर ही डाउनलोड कर सकते हैं। यह जानकारी बिजली उपमंडल सोलन के सहायक अभियंता हिमांशु मेहता ने दी। हिमांशु मेहता ने कहा कि उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान अपनी सुविधा के अनुसार हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लि. की बिल भुगतान ऐप, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लि. की अधिकारिक वेबसाइट, गूगल पे, भीम ऐप तथा पेटीएम से जमा करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बिल का समय पर भुगतान न होने की स्थिति पर बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी या सहायता के लिए सर्कुलर रोड स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय पर स्वयं या कार्यालय दूरभाष नंबर 01792-223611 पर संपर्क किया जा सकता है।

## परवाणू नगर परिषद उपाध्यक्ष पर नहीं लागू होते अतिक्रमण के नियम

**अनंत ज्ञान, परवाण**

नगर परिषद परवाणू उपाध्यक्ष पर वर्षों से हिमुडा की जमीन पर अतिक्रमण का आरोप है। बावजूद इसके किसी भी विभाग द्वारा इनके खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। आरोप है कि नगर परिषद उपाध्यक्ष द्वारा 2020 में नामांकन भरा गया था, जिसमें उन्होंने तथ्यों को छुपा कर नामांकन भरा है। नामांकन भरने के समय उन्होंने हिमुडा से अतिक्रमण की रिपोर्ट ली।

इसमें हिमुडा ने उनके द्वारा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने का दवा किया, जबकि उपाध्यक्ष द्वारा स्वयं हिमुडा को अपने घर के बाहर अस्थायी फेंसिंग के लिए 2007 में शपथ पत्र देकर वहां डेकोरेटिव फेंसिंग कर हिमुडा के ओफ्सेट एरिया में को कवर किया हुआ है। उसके साथ ही ऑफसेट एरिया में ही स्टोर के रूप में एक अस्थायी शेड का निर्माण भी किया गया था, जिसे उन्होंने शिकायत होने के बाद हिमुडा द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद हटा दिया। नामांकन भरने के समय उपाध्यक्ष द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उनके द्वारा दी गई वाहनों की सूची में उनके वाहन नं. एचपी 15 ए 9595 को दर्शाया गया है, जो किनगर परिषद परवाणू में आज भी कचरा उठाने का कार्य कर रही है। उनके वाहन की शिकायत के बाद उन्होंने यह वाहन किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दिया, जब कि वह आज भी नगर परिषद में कचरा उठाने का कार्य कर रही है। नगर परिषद उपाध्यक्ष द्वारा नगर परिषद कानून का सरेआम दुरूपयोग किए जाने की पिछले 2 वर्षों से लगातार शिकायतों के बाद भी विभाग व प्रशासन इस मामले में कार्रवाई करने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। उच्च न्यायालय के 24 अक्तूबर 2024 के निर्देशों के बाद हिमुडा द्वारा सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। इसमें उन्होंने गरीब झुग्गी-झोपड़ी व रेहड़ी-फड़ी वालों पर तो अतिक्रमण का डंडा चला दिया, लेकिन नगर परिषद परवाणू के उपाध्यक्ष जिन्हें हिमुडा ने तीन-तीन बार अतिक्रमण मामले में नोटिस जारी किए हैं, उनके खिलाफ कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। इससे यह तय होता है कि हिमुडा के लिए उच्च न्यायालय से ऊपर नगर परिषद परवाणू के उपाध्यक्ष हैं, जिनके खिलाफ कार्रवाई न कर हिमुडा व् व नगर परिषद उच्च न्यायालय के निर्देशों को पिछले 3 वर्षों से ठेंगा दिखा रहे हैं।

## सोलन अस्पताल में एक्सपायरी दवाइयों का मिलना चिंताजनक: शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा सोलन शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा जिला अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की छापामारी के दौरान बड़ी मात्रा में एक्सपायरी और प्रतिबंधित दवाइयों का मिलना प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। हैरानी की बात यह है कि जिन दवाइयों की बिक्री पर कड़ी निगरानी और रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होता है, वही दवाइयाँ एक ऐसे सोलन जिला अस्पताल में धड़ल्ले से बेची जा रही थी, जिसका लाइसेंस पिछले दो वर्षों से रद्द है। एक ओर मुख्यमंत्री प्रदेशभर में नशा-निरोधी अभियान चलाने और बड़ी-बड़ी रैलियां करने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य मंत्री के अपने गृह जिले में प्रतिबंधित दवाइयों, एक्सपायरी दवाइयां का खुलेआम कारोबार चलता रहा। गुप्ता ने कहा कि यह स्थिति सरकार की कथनी और करनी में स्पष्ट विरोधाभास उजागर करती है। इन प्रतिबंधित दवाइयों को आखिर किन-किन लोगों को बेचा जा रहा था और दो वर्षों तक यह अवैध गतिविधि चलती रही, फिर भी सरकार और विभाग को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई सरकार द्वारा मात्र 'मुकदमा दर्ज करने' की बात कहना जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने जैसा है।

## सीमित पात्रता व अल्प-प्रशिक्षण वाले 'रोगी मित्र' तैनात करना अनुचित: डॉ. राजेश कश्यप

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा नेता व पूर्व प्रत्याशी सोलन डॉ. राजेश कश्यप ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई 'रोगी मित्र' की अस्थायी भर्ती योजना की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के हजारों एमबीबीएस डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल युवाओं के साथ खुला अन्याय है और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को कमजोर करने वाला कदम है। जब हिमाचल में 2,000-4,000 एमबीबीएस, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक डॉक्टर और हजारों प्रशिक्षित नर्सें व टेक्निकल स्टाफ बेरोजगार हैं, तब सरकार का नियमित पद भरने के बजाय सीमित पात्रता और अल्प-प्रशिक्षण वाले 'रोगी मित्र' तैनात करना पूरी तरह अनुचित और गैर-वैज्ञानिक है।



डॉ. राजेश ने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि यदि स्वीकृत पद खाली हो, अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी हो, जनता का स्वास्थ्य दांव पर हो तो अस्थायी रोगी मित्र क्यों नियमित डॉक्टर और स्टाफ क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि 'रोगी मित्र' जैसे अस्थायी पदों से न पेशेवर योग्यता की पूर्ति होती है न करियर ग्रोथ मिलती है। इससे न नौकरी की सुरक्षा, न उचित वेतन न कोई दीर्घकालीन सेवा लाभ मिलेगा, जब प्रशिक्षित एमबीबीएस डॉक्टर और नर्स उपलब्ध हैं, तो अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं को अल्प-कौशल आधारित अस्थायी पदों पर निर्भर करना स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। यह न केवल युवाओं का शोषण है, बल्कि मरीजों के इलाज की गुणवत्ता पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। यह नीति प्रदेश में एक सस्ते व कमजोर स्वास्थ्य तंत्र को लागू करने जैसा है, जिसका सबसे बड़ा खामियाजा जनता को भुगतना पड़ेगा। सवाल यह उठता है कि जब हर वर्ष हजारों योग्य मेडिकल प्रोफेशनल तैयार होते हैं, तब उन्हें रोजगार देने के बजाय 'रोगी मित्र' जैसी व्यवस्था क्यों लागू की जा रही है। उन्होंने सरकार से इस अव्यवहारिक और गैर-वैज्ञानिक निर्णय पर तत्काल पुनर्विचार करने और प्रदेश के प्रशिक्षित चिकित्सा युवाओं को न्याय प्रदान करने की आग्रह किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### एचडीएफसी बैंक की 17वीं सालाना ब्लड डोनेशन ड्राइव 5 को

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत का निजी क्षेत्र का अग्रणी एचडीएफसी बैंक अपने फ्लैगशिप सीएसआर इनिशिएटिव, परिवर्तन के तहत देश भर में ब्लड डोनेशन ड्राइव का 17वां एडिशन ऑर्गेनाइज करेगा। यह ब्लड डोनेशन ड्राइव 5 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक एक साथ भारत के 1,100 से ज्यादा शहरों में होगा। इसमें एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी, ग्राहक, कॉर्पोरेट, डिफेंस फोर्स के मेंबर, स्टूडेंट और कम्युनिटी मेंबर शामिल होंगे। यह इनिशिएटिव कम्युनिटी वेलफेयर के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को दिखाता है और देश की सुरक्षित और समय पर ब्लड डोनेशन की लगातार ज़रूरत को सपोर्ट करता है। यह सालाना ब्लड डोनेशन ड्राइव बैंक द्वारा शुरू किए गए पहले सीएसआर इनिशिएटिव में से एक है और हेल्थकेयर और हाइजीन के मेन फोकस एरिया में आता है। एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा ने कहा कि यह ड्राइव कई सालों से लोगों को एक कॉमन मकसद के लिए एक साथ लाती रही है। ब्लड डोनेट करना एक आसान काम है जो किसी की जिंदगी में तुरंत बदलाव ला सकता है। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर भावेश जवेरी ने कहा कि सालाना ब्लड डोनेशन ड्राइव लगातार बढ़ी है, क्योंकि हमारे कर्मचारी और भागीदार इसे ईमानदारी और टीमवर्क के साथ करते हैं।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बोर्ड में कीं महत्वपूर्ण नियुक्तियां

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी), भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक है और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से यूनिवर्सल बैंक में ट्रांजिशन के लिए इन-प्रिंसिपल मंजूरी प्राप्त करने वाला एक दशक में पहला एसएफबी है। एयू एसएफबी ने नरसिंगानेल्लोर वेंकटेश श्रीनिवासन (एनएस वेंकटेश) और सत्यजीत द्विवेदी को तीन वर्ष के लिए नॉन-एग्जीक्यूटिव इंडिपेंडेंट डायरेक्टर नियुक्त किया है। साथ ही, सुश्री मालिनी थडानी को तीन वर्ष के दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नॉन-एग्जीक्यूटिव इंडिपेंडेंट डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। ये नियुक्तियां शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन हैं। एनएस वेंकटेश प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट और विज्ञान में मजबूत शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले वेंकटेश बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में चार दशकों से अधिक का अनुभव रखते हैं। सत्यजीत द्विवेदी 35+ वर्षों के अनुभव वाले एक कुशल डेवलपमेंट फाइनेंस प्रोफेशनल, द्विवेदी ने कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, माइक्रोफाइनेंस और बैंकिंग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सुश्री मालिनी थडानीः सतत विकास, सीएसआर और पब्लिक अफेयर्स में बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड वाली एक अनुभवी लीडर, सुश्री थडानी बोर्ड में अनुभव का अनोखा मिश्रण लेकर आती हैं।

### एचडीएफसी बैंक बना भारत का सबसे वैल्यूएबल ब्रांड-2025

**एजेंसी, चंडीगढ़।** कांतार ब्रांड्स की टॉप 100 सबसे वैल्यूएबल इंडियन ब्रांड्स रिपोर्ट 2025 में एचडीएफसी बैंक देश का सबसे मूल्यवान ब्रांड बना। बैंक की डिजिटल इनोवेशन और ग्राहक-केंद्रित रणनीति ने इसे यह स्थान दिलाया। 2024 में 38.3 बिलियन डॉलर की ब्रांड वैल्यू अब 44.9 बिलियन डॉलर तक बढ़ी, जो 18% का इजाफा है। 2014 से जारी रिपोर्ट में बैंक की ब्रांड वैल्यू में कुल 377% की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के 12 वर्षों में से आठ बार एचडीएफसी बैंक को नंबर 1 रैंक मिला। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड (ब्रांड, रिटेल मार्केटिंग और कस्टमर एनालिटिक्स) और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, रवि संथानम ने कहा, 'हमें कांतार द्वारा देश के टॉप ब्रांड के रूप में पहचान मिलने पर गर्व है। हमारे सिद्धांत हमेशा ग्राहक की जरूरतों पर केंद्रित रहे हैं। पिछले तीन दशकों में हमने ग्राहक अनुभव, सुरक्षा और भरोसे को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। हमारे अभियान डिजिटल बैंकिंग में सुरक्षित प्रथाओं और ग्राहक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। यह सफलता हमारे सभी कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों का नतीजा है।'

# राज्यपाल ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 5वें एफएपी नेशनल अवाड्र्स का किया उद्घाटन

## 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षकों, प्रिंसिपलों और मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी और फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ पंजाब (एफएपी) ने 5वें एफएपी नेशनल अवार्ड्स-2025 का आयोजन किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 782 स्कूलों, प्रिंसिपलों, शिक्षकों और मेधावी छात्रों को शिक्षा, खेल और संस्कृति में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि हरियाणा के राज्यपाल प्रो. आशिम कुमार घोष थे, जिनके साथ उनकी पत्नी मित्रा घोष भी उपस्थित थीं। राज्यसभा सांसद और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू, आईसीएसई चेयरमैन डॉ. जी इमैनुएल, एफएपी प्रेसिडेंट डॉ. जगजीत सिंह धुरी, यूनिवर्सिटी वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) रविराजा एन. सीताराम और सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर दीपइंद्र सिंह संधू कार्यक्रम में शामिल हुए। पहले दिन लाइफ टाइम अचीवमेंट, अकादमी अचीवमेंट और प्राइड ऑफ इंडिया (अकादमी एवं स्पोर्ट्स) सहित 20 मुख्य पुरस्कार वितरित किए गए। इसके अलावा 50 प्रिंसिपलों और शिक्षकों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, 105 स्कूलों के 315 छात्रों को प्राइड ऑफ इंडिया-एकेडमिक अवार्ड, 41 स्कूलों को स्पोर्ट्स अचीवमेंट अवार्ड और 356 छात्रों को प्राइड ऑफ इंडिया-स्पोर्ट्स अवार्ड प्रदान किए गए। राज्यपाल प्रो. आशिम कुमार घोष ने कहा कि प्राइवेट स्कूल शिक्षा में अहम भूमिका निभाते हैं और एफएपी जैसी संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समाज के कमजोर वर्ग के बच्चे भी उचित प्रतिनिधित्व प्राप्त करें। उन्होंने शिक्षा सुधारों, पीएम नरेंद्र मोदी की पहल और भारत की ग्लोबल एजुकेशन हब बनने की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

सतनाम सिंह संधू ने शिक्षकों के योगदान को सराहा और कहा कि एनईपी-2020 के लक्ष्य भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपरपावर बनाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। एफएपी प्रेसिडेंट डॉ. जगजीत सिंह धुरी ने अवॉड्र्स की महत्वाकांक्षा और देशभर में शिक्षा, खेल और संस्कृति में प्राइवेट स्कूलों के योगदान की सराहना की।

# 'चंडीगढ़ उत्सव' ट्राईसिटी वासियों के लिए हुआ शुरू



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**लंदन सिटी और कश्मीर वैली होंगे मुख्य आकर्षण**

सेक्टर 34 के एग्जीबिशन ग्राउंड में 25 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक 'चंडीगढ़ उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है, जो ट्राईसिटीवासियों के लिए मौज-मस्ती और रौनक का केंद्र बनेगा। इस उत्सव में लंदन सिटी थीम के भव्य प्रवेश द्वार और बिग बेन क्लॉक, रंगबिरंगी लाइट्स से सुसज्जित सेल्फी जोन और बर्फ से ढकी कश्मीर वैली सहित मशीनी बर्फ की फुहार जैसे आकर्षण होंगे।

फूड स्टॉल्स पर विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया जा सकता है, जबकि बच्चों और वयस्कों के लिए ड्रैगन व्हील, कोलंबस, ब्रेक डांस, मिक्की माउस, जायंट व्हील, मेरी गो राउंड सहित लगभग 10 झूले लगाए गए हैं।

आयोजक सुरेश कपिला ने बताया कि कार्निवल में परिवार और दोस्तों के साथ यादगार पल बिताने का अवसर मिलेगा। प्रवेश शुल्क प्रत्येक व्यक्ति के लिए ₹50 है और उत्सव दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और फायर सुरक्षा उपकरण पूरे उत्सव स्थल पर लगाए गए हैं।

## मैक्स हॉस्पिटल मोहाली ने एडवांस्ड इमरजेंसी डिपार्टमेंट का किया शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मोहाली ने शुक्रवार को अपने नए एडवांस्ड इमरजेंसी डिपार्टमेंट (ईआर) का उद्घाटन किया। इस आधुनिक फैसिलिटी में 20 से अधिक इमरजेंसी बेड और इंटीग्रेटेड आईसीयू बेड शामिल हैं, जो गंभीर मरीजों को तुरंत स्टेबिलाइज करने में सक्षम बनाते हैं।

नई ईआर सुविधा को पेशेंट फ्लो को सुव्यवस्थित, इलाज में तेजी लाने और इन-हाउस लाइफ सपोर्ट सिस्टम तक तत्काल पहुंच सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। चौबीसों घंटे उच्च प्रशिक्षित इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ मरीजों की देखभाल करेंगे। पल्मोनोलॉजी और क्रिटिकल केयर डायरेक्टर डॉ. दीपक भसीन ने कहा कि एडवांस्ड मॉनिटरिंग और रैपिड प्राथमिकता निर्धारण प्रणाली गंभीर आघात, रेस्पिरेटरी फेलियर और जानलेवा संक्रमण वाले मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होगी।

न्यूरोलॉजी डायरेक्टर डॉ. संजय मिश्रा ने ब्रेन स्ट्रोक मरीजों के लिए फास्टर इमेजिंग और तत्काल उपचार की सुविधा पर जोर दिया। कार्डियोलॉजी प्रिंसिपल कंसलटेंट डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि हार्ट अटैक की स्थिति में बिना देरी के जीवनरक्षक उपचार संभव होगा।

## सेंट्रल बैंक ने पीजीआईएमईआर को 50 बेडशीट्स की दान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सामुदायिक सहयोग की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जोनल ऑफिस चंडीगढ़ ने पीजीआईएमईआर को स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों में उपयोग हेतु 50 बेडशीट्स दान की हैं। यह योगदान ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों के दौरान स्वच्छ और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहायक होगा।

यह बेडशीट्स टीसी मीणा, उप जोनल हेड, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा डॉ. सुचेत सचदेवा, सीनियर मेडिकल ऑफिसर, को सौंपे गए। इस अवसर पर डॉ. संगीता सहित अस्पताल एवं बैंक के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सामुदायिक विकास और सामाजिक कल्याण के प्रति बैंक की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के तहत यह पहल की गई है। इस दान के माध्यम से सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया समाज के स्वास्थ्य से जुड़े ऐसे महत्वपूर्ण प्रयासों को लगातार समर्थन देने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर मीणा ने कहा कि बैंक सदैव ऐसे सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यों में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इसी प्रकार की पहल का समर्थन करता रहेगा।

## माउंट कार्मल स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक खेल दिवस



**एजेंसी, चंडीगढ़**

माउंट कार्मल स्कूल में 26 नवंबर 2025 को वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह अवसर संस्थापक एवं निदेशक डॉ. अर्नेस्ट चार्ल्स जे. सेम्यूल और डॉ. एनी चार्ल्स सेम्यूल के नेतृत्व में मनाया गया और इसे डॉ. एनी चार्ल्स सेम्यूल के जन्मदिवस के अवसर पर समर्पित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक फिटनेस, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना को प्रोत्साहित करना था। दिन की शुरुआत ईश-आशीर्वाद के साथ हुई, इसके बाद विद्यार्थियों ने भव्य मार्च पास्ट, स्वागत नृत्य, जन्मदिन गीत, लेजियम ड्रिल, डबल ड्रिल, ताइक्वांडो और जूडो-कराटे जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और दक्षता का प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग के छात्रों ने विविध खेलों में हिस्सा लिया, जबकि सीनियर छात्रों ने 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ और रिले रेस जैसी प्रतियोगिताओं में कौशल और तेजी दिखाई। पूर्व छात्रों की भागीदारी ने उत्साह और मनोरंजन को दोगुना कर दिया। इस आयोजन ने न केवल छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा दिया, बल्कि पूरे स्कूल में उत्साह और उमंग का माहौल भी स्थापित किया।

## देश-विदेश

### चक्रवात 'दित्वा' से प्रभावित श्रीलंका की मदद को आगे आया भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीलंका में चक्रवाती तूफान दित्वा के कारण हुई जानमाल की हानि पर दुख प्रकट किया है। साथ ही प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, सुविधा और शीघ्र रिकवरी की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि देश की पड़ोसी प्रथम की नीति और महासागर विजन के तहत इस जरूरत के समय में भारत श्रीलंका के साथ खड़ा है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्रीलंका भारत का करीबी समुद्री पड़ोसी है। उसके साथ एकजुटता दिखाते हुए भारत ने ऑपरेशन 'सागर बंधु' के तहत तत्काल राहत सामग्री भेजी है। हम बदलती परिस्थिति के अनुरूप मदद और सहयोग मुहैया कराने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। दूसरी ओर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक पोस्ट में कहा कि ऑपरेशन 'सागर बंधु' जारी है। आईएनएस विक्रांत और आईएनएस उदयगिरि से राहत सामग्री कोलंबो में स्थानीय प्रशासन को सौंप दी गई है और आगे के जरूरी कार्य किए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मानसून बाद हिंद महासागर में एक टॉपिकल चक्रवात दित्वा बना है और इसने श्रीलंका में भारी तबाही मचाई है। इस बात की भी आशंका है कि यह भारत के दक्षिण पश्चिमी राज्यों को आने वाले दिनों में प्रभावित करेगा। तूफान ने आज श्रीलंका के तट पर दस्तक दी, जिसके चलते बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार इससे 56 लोगों की मौत हो गइ है और 21 लोग लापता हैं। भारी बाढ़ के कारण ढांचागत संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। (अनंत ज्ञान)

### आदि कैलाश-ओम पर्वत यात्रा एक दिसंबर से होगी बंद

**एजेंसी, देहरादून।** आदि कैलाश व ओम पर्वत यात्रा-2025 एक दिसंबर से पूर्णतः बंद कर दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए धारचूला के उपजिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्राप्त वीडियोज एवं बीआरओ से मिली रिपोर्ट के अनुसार पार्वती कुंड क्षेत्र में तापमान बेहद गिर चुका है और बर्फ जमना शुरू हो गई है, जिससे अब यह मार्ग असुरक्षित हो गया है।

उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों से स्थानीय लोगों का पलायन प्रारंभ हो चुका है और यात्रा के लिए आवश्यक इनर लाइन परमिट के लिए आवेदन संख्या भी अत्यंत कम है। पिछले वर्ष 2024 में भी यह परमिट 15 नवंबर से बंद किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### विक्रांत-उदयगिरि श्रीलंका फ्लीट रिव्यू में दिखा रहे भारत की समुद्री ताकत



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत और नया स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट उदयगिरि श्रीलंकाई नौसेना के इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में भाग लेकर हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री शक्ति और सहयोग की प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहे हैं। यह दोनों जहाजों की पहली विदेश तैनाती है और श्रीलंका नौसेना की 75वीं वर्षगांठ समारोह का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

27-29 नवंबर तक चल रहे फ्लीट रिव्यू में दोनों भारतीय जहाज सेरेमोनियल फ्लीट रिव्यू, सिटी परेड, कम्युनिटी आउटरीच और पेशेवर नौसैनिक गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान ये जहाज जनता के लिए खुले रहेंगे, जिससे लोग भारत की आधुनिक नौसैनिक क्षमताओं को करीब से देख सकें। कोलंबो पहुंचने पर आईएनएस विक्रांत को विशेष सम्मान मिला। भारत के उच्चायुक्त संतोष झा द्वारा आयोजित रिसेप्शन में श्रीलंका के कैबिनेट प्रवक्ता नलिंडा जयतिस्सा ने विक्रांत की उपस्थिति को भारत-श्रीलंका के साझा समुद्री सुरक्षा और मजबूत मित्रता का प्रतीक बताया। विक्रांत और उदयगिरि की भागीदारी न केवल भारत की स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमता को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और नौसैनिक इंटरऑपरेबिलिटी को भी नई मजबूती देती है। (अनंत ज्ञान)

### सोना 534 और चांदी 1,692 रुपए महंगी

**एजेंसी, मुंबई।** सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार 28 नवंबर तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम सोना 534 रुपए महंगा होकर 1,26,591 रुपए पर पहुंच गया है। वीरवार को 10 ग्राम सोना 1,26,057 रुपए का था, वहीं, चांदी 1,692 रुपए महंगी होकर 1,64,359 रुपए पर पहुंच गई। वीरवार को चांदी की कीमत 1,62,667 रुपए प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्तूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्तूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### इसराइल ने 15 साल के फिलिस्तीनी कैदी को किया रिहा

**एजेंसी, रामल्लाह।** इजराइली अधिकारियों ने फिलिस्तीनी-अमेरिकी किशोर मोहम्मद इब्राहिम को नौ महीने से अधिक समय की हिरासत के बाद रिहा कर दिया है। इस मामले को फिलिस्तीनियों के खिलाफ वेस्ट बैंक में हो रहे कथित इजरायली अत्याचारों का उदाहरण बताया जा रहा था। (अनंत ज्ञान)

### मुंबई में कारोबारी से 35 करोड़ की ठगी

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई के माटुंगा वेस्ट के 72 वर्षीय बुजुर्ग कारोबारी भरत हरकचंद शहा के साथ 35 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। उन्होंने गोरेगांव (पूर्व) स्थित ग्लोब कैपिटल मार्केट लिमिटेड पर उनके और उनकी पत्नी के डीमेट खातों में हेरफेर का आरोप कर ठगी का आरोप लगाया और कहा कि कंपनी ने उन्हें धोखे से ट्रेडिंग में फंसाया और 4 साल तक बिना अनुमति के करोड़ों रुपए के शेयर बेचे। भरत शहा माटुंगा वेस्ट, मुंबई में पिछले 28 वर्षों से अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### नेपाल की स्वास्थ्य मंत्री ने भारतीय राजदूत से की मुलाकात

**एजेंसी, काठमांडू।** स्वास्थ्य तथा जनसंख्या मंत्री डॉ. सुधा शर्मा गौतम और नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव के बीच शुक्रवार दोपहर औपचारिक मुलाकात हुई। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और अतुलनीय मित्रता पर जोर देते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में मौजूद द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक मजबूत, टिकाऊ और प्रभावकारी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री गौतम ने भारत की ओर से स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि नेपाल-भारत के संबंध गहरे और विश्वासपूर्ण हैं। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य बीमा, राष्ट्रीय औषध प्रयोगशाला की परीक्षण क्षमता वृद्धि तथा विदेशों में कार्यरत नेपाली श्रमिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकताओं में बताया। राजदूत श्रीवास्तव ने भारत-नेपाल संबंधों के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय औषध प्रयोगशाला के स्तरोन्नयन के लिए भवन निर्माण, आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने और प्रशिक्षित मानव संसाधन विकास में सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। (अनंत ज्ञान)

### लापता इमरान खान के लिए इमोशनल हुआ बेटा बोला-मेरे पापा जिंदा हैं या नहीं, यह तो बता दो



**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में स्थिति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता ने पूरे देश में तनाव पैदा कर दिया है। उनकी तबीयत और सुरक्षा से जुड़ी अफवाहों के बीच समर्थक रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, इमरान के बेटे कासिम खान ने पीएम शहबाज शरीफ और जेल प्रशासन को कठोर चेतावनी देते हुए कहा है कि वे कानूनी रूप से उन्हें जवाबदेह ठहराएंगे।

कासिम ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट लिखते हुए कहा कि उनके पिता को 845 दिनों से कैद में रखा गया है और पिछले छह सप्ताह से उन्हें 'मौत के कमरे जैसे एकांत कारावास' में बिना किसी पारदर्शिता के रखा गया है। उनका दावा है कि अदालत के आदेशों के बावजूद इमरान की बहनों को भी उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न कोई कॉल, न कोई मुलाकात, यह स्थिति परिवार से इमरान की वास्तविक हालत छिपाने की साजिश लगती है। (अनंत ज्ञान)

### डोनाल्ड ट्रंप बोले-गरीब देशों के शरणार्थियों को घुसने नहीं दूंगा



**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह 'थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज' से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, ताकि अमेरिका फिर से मजबूत हो सके।

थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज का कोई कानूनी मतलब नहीं है, लेकिन आम तौर पर इसका इस्तेमाल अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट के उन देशों के लिए होता है जो लो इनकम या फिर लोअर मिडल इनकम कैटेगरी में आते हैं। ट्रंप ने वॉशिंगटन डीसी में 2 नेशनल गार्ड्स की मौत के बाद यह ऐलान किया। उन्होंने इस हमले को शरणार्थियों से जोड़कर बताया। ट्रंप ने कहा कि इमिग्रेशन पॉलिसी की वजह से देश के लोगों की जिंदगी बदतर हो चुकी है। ट्रंप ने कहा कि जो लोग अमेरिका के लिए फायदेमंद नहीं हैं या जो हमारे देश से सच्चा प्यार नहीं करते, उन्हें भी हटाया जाएगा। ट्रंप ने इमिग्रेशन पॉलिसी को और सख्त करने का वादा किया। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने गुरुवार को ऐलान किया था कि अब 19 देशों से आए प्रवासियों की सख्त जांच की जाएगी।

### सेंसेक्स और निफ्टी लगातार तीसरे हफ्ते हरे निशान में बंद

**एजेंसी, मुंबई**



भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार 28 नवंबर को मामूली गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। यह इस हफ्ते और नवंबर महीने का आखिरी कारोबारी दिन था।

बीएसई सेंसेक्स 13.71 अंक या 0.016 फीसदी गिरकर 85,706.67 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 12,60 अंक या 0.048 फीसदी फिसलकर 26,202.95 के स्तर पर बंद हुए। विदेशी निवेशकों की बिकवाली, मुनाफावसूली और क्रूड ऑयल के दाम में उछाल से निवेशकों का सेंटीमेंट कमजोर रहा। एक दिन पहले नया ऑल-टाइम हाई बनाने के बाद आज बाजार हल्की बढ़त के साथ खुले और पूरे दिन सीमित दायरे में कारोबार करते रहे। निफ्टी 26,200 के ऊपर टिकने में सफल रहा। ब्रॉडर मार्केट भी मामूली गिरावट के साथ लाल निशान में रहे। बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.04 फीसदी की गिरावट देखी गई। वहीं बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स 0.13 फीसदी नीचे बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय सेना फ्यूचर वॉरफेयर के मुताबिक तैयार हो, उसके पास दूसरा ऑप्शन नहीं

## सीडीएस चौहान बोले- हर दिन बदल रहे युद्ध के तरीके



**एजेंसी, नई दिल्ली**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा कि युद्ध लगातार खुद को बदलता और बनाता रहता है। जो कॉन्सेप्ट भविष्य के लगते हैं, वे लागू होने से पहले ही पुराने भी हो सकते हैं।

यह एक ऐसा रिस्क है जो सेना को उठाना पड़ता है। इसलिए फ्यूचर वॉरफेयर के मुताबिक अंदाजा लगाना, तैयारी करना हमारे अस्तित्व से जुड़ जाता है। इसका दूसरा कोई ऑप्शन नहीं है। सीडीएस चौहान ने नई दिल्ली के सैम मॉनेकशॉ सेंटर में चल रहे चाणक्य डिफेंस डायलॉग में ये बातें कहीं। वे फ्यूचर वॉर्सः मिलिट्री पावर के जरिए स्ट्रेटेजिक पोस्चरिंग विषय पर बोल रहे थे।

इससे पहले प्रेसिडेंट द्रौपदी मुर्मू चाणक्य डिफेंस डायलॉग के इनॉगरल सेशन में शामिल हुईं। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कीनोट एड्रेस दिया।

डायलॉग 2025 की थीम है- रिफॉर्म टू ट्रांसफॉर्मः सशक्त और सुरक्षित भारत। चाणक्य डिफेंस डायलॉग के पहले दिन तीन खास थीमैटिक सेशन भी हुए, जिनमें सीनियर पॉलिसीमेकर, डिफेंस लीडर, स्ट्रेटेजिक एक्सपर्ट और इंडस्ट्री के एक्सपर्ट शामिल हुए। इस दौरान कई तरह के मुद्दों को कवर किया गया, जिसकी शुरुआत ऑपरेशन सिंदूरः एक सॉवरेन स्ट्रेटेजिक जीत से हुई, उसके बाद चेंजिंग स्टेटस को, डिफेंस रिफॉर्म्स को जरूरी बनाना और सिविल-मिलिट्री फ्यूजनः ड्राइवर्स फॉर चेंज के साथ खत्म हुआ। हर सेशन में नेशनल सिक्योरिटी, डिफेंस ट्रांसफॉर्मेशन और भारत के स्ट्रेटेजिक पोस्चर में आज की चुनौतियों और भविष्य के रास्तों पर बात की गई।

### अब घर बैठे आधार में बदल सकेंगे अपना मोबाइल नंबर

**एजेंसी, मुंबई।** जल्द ही आप घर बैठे आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल सकेंगे। आधार को रेगुलेट करने वाली संस्था यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नई डिजिटल सर्विस की घोषणा की है। इसके जरिए यूजर्स आधार ऐप पर ओटीपी वेरिफिकेशन और फेस ऑथेंटिकेशन से अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर पाएंगे। इस सर्विस से दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोग और सीनियर सिटिजन को आसानी होगी। यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मुताबिक, मोबाइल अपडेट करने की प्रोसेस काफी सिंपल रखा गया है। इसके लिए कोई डॉक्यूमेंट या फिजिकल विजिट की जरूरत नहीं है। पूरी प्रोसेस कुछ मिनटों में हो जाएगी। आधार कार्ड देश की सबसे बड़ी आइडेंटिटी सर्विस है, जिसमें 130 करोड़ से ज्यादा लोगों का डेटा जुड़ा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### हार के बाद भी भरोसा बरकरार-गंभीर ही रहेंगे टीम इंडिया के हेड कोच

**एजेंसी, नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ 0-2 से टेस्ट सीरीज हारने के बाद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर पर सवाल खड़े हो गए थे। गुवाहाटी और कोलकाता में मिली करारी हार से टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गई, जिसके बाद फैंस ने गंभीर को पद से हटाने की मांग तेज कर दी। गुवाहाटी टेस्ट के बाद तो स्टेडियम में उनके खिलाफ नारे भी लगे। खुद गंभीर ने मीडिया से बात करते हुए हार की जिम्मेदारी ली और टीम के रवैये पर भी नाराजगी जताई। क्रिकेट विशेषज्ञ इस पर बंटे हुए दिखे–कई एक्सपट्र्स का कहना है कि गंभीर ने मेहनत से टीम को एशिया कप और चैंपियंस ट्रॉफी दिलाई है, इसलिए उन्हें दोष देना गलत है। वहीं, कुछ का मानना है कि टेस्ट टीम की गिरती लय को देखते हुए बदलाव जरूरी है, क्योंकि गंभीर की कोचिंग में टीम न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका से सीरीज हार चुकी है और इंग्लैंड तथा ऑस्ट्रेलिया में भी प्रदर्शन औसत रहा। इसी बीच, बीसीसीआई ने इस विवाद पर अंतिम फैसला ले लिया है। बोर्ड के एक सूत्र के अनुसार, गौतम गंभीर तीनों प्रारूपों–टेस्ट, वनडे और टी20–में टीम इंडिया के हेड कोच बने रहेंगे। यानी मौजूदा परिस्थितियों के बावजूद बोर्ड का भरोसा गंभीर पर पूरी तरह कायम है। (अनंत ज्ञान)

### तिवारी ने गंभीर पर साधा निशाना, कहा टीम इंडिया को नए कोच की जरूरत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप झेलने वाली भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर क्रिकेट प्रशंसकों के साथ ही पूर्व भारतीय खिलाड़ियों के निशाने पर हैं। अब बंगाल के पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो यह होना ही था। मुझे पता था कि चीजें सही नहीं जा रही हैं। भारतीय टीम में काफी बदलाव हुए और कई खिलाड़ियों को बाहर बैठना पड़ा। यह भारतीय टीम की हार का सबूत है। यही वजह है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी, न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज, साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ऐसा प्रदर्शन देखने को मिला।'' इस दौरान उन्होंने गौतम गंभीर को हटाने और भारतीय टेस्ट क्रिकेट को बचाने की वकालत की। मनोज तिवारी ने कहा कि निश्चित तौर पर भारतीय टेस्ट टीम के लिए एक नए रेड-बॉल कोच की जरूरत है। अब समय आ गया है कि बीसीसीआई भारतीय टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए यह निर्णय ले। भारतीय टेस्ट टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है। (अनंत ज्ञान)

### एफआईएच जूनियर विश्व कप : जर्मनी ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराया

**एजेंसी, मदुरै।** गत चैंपियन जर्मनी ने शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 4-0 से हराकर एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत शानदार जीत के साथ की। सात बार के चैंपियन जर्मनी की ओर से जस्टस वारवेग ने 19वें और 56वें मिनट में मैदानी गोल दागे जबकि बेन हैशबैक (43वें मिनट) और पॉल ग्लेंडर (44वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक-एक गोल किया। पूल ए के पहले मैच में आयरलैंड ने कड़े मुकाबले में कनाडा को 4-3 से हराया। आयरलैंड को 13वें मिनट में लुई रोव से बढ़त दिलाई, लेकिन गुरनूर भुल्लर ने 26वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। रोव ने 33वें मिनट में एक और मैदानी गोल दागकर स्कोर 2-1 किया जबकि ग्रेगरी विलियम्स ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर आयरलैंड को 3-1 से आगे कर दिया। माइलो थॉम्पसन ने एक और मैदानी गोल दागकर आयरलैंड की बढ़त को 4-1 किया। लेटन डिसूजा ने 48वें और 53वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर कनाडा को वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। (अनंत ज्ञान)

### मॉडल से कम नहीं प्रिया पुनिया

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेटर प्रिया पुनिया दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटर में से एक है। वह इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी फोटोज पोस्ट करती हैं। वह मॉडल की तरह दिखाई देती हैं। प्रिया को 5 लाख से ज्यादा लोग इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं।



## 1,200 रुपए से मिलेंगे ऑनलाइन टिकट, 22,000 सीटें उपलब्ध

# भारत–दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच के लिए एसीए ने शुरू की टिकट बिक्री

**एजेंसी, विशाखपटनम**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लंबे वक्त के बाद कोई इंटरनेशनल मैच होने जा रहा है ऐसे में क्रिकेट फैंस में इस मुकाबले को लेकर भरी उत्साह देखने को मिल रहा है। हर कोई रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सितारों से सजे इस मुकाबले को हर कोई अपनी आंखों से देखना चाहता है। हालांकि, टिकटों की अनुपलब्धता और मारामारी की वजह से उनमें निराशा भी देखे जा रही है, लेकिन अगर आप रायपुर में होने वाला तीसरा एकदिवसीय मुकाबला नहीं देख पाएंगे तो इस मैच के ठीक तीन बाद 6 दिसंबर को विशाखापट्टनम में मैच में जरूर शामिल हो सकते है। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

### चार दिसंबर को पहुंचेंगी दोनों टीमें

**इस** मामले में आंध्र प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष केसिनेनी शिवनाथ ने कहा कि विशाखापत्तनम में भारत और दक्षिण अफ्रीका का स्वागत करना आंध्र क्रिकेट संघ (एसीए) के लिए गौरव का पल है। उन्होंने कहा है कि एसीए उन्नत सुविधाओं और प्रशंसक-प्रथम सेवाओं के माध्यम से मैदान पर और मैदान के बाहर विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।' लगभग 22,000 टिकट बिक्री पर हैं और टीमें 4 दिसंबर को अभ्यास के लिए 5 दिसंबर को आ रही हैं, हम देश भर के क्रिकेट प्रेमियों को इस उत्सव का हिस्सा बनने और एक अविस्मरणीय प्रतियोगिता का गवाह बनने के लिए आमंत्रित करते हैं। एसीए सचिव सना सतीश बाबू ने कहा कि एसीए की परिचालन टीम चौबीसों घंटे काम कर रही है ताकि पिच और स्टेडियम की तैयारी से लेकर सुरक्षा, आतिथ्य और टिकटिंग तक हर पहलू को सटीकता के साथ निष्पादित किया जा सके। एसीए के अनुसार, दोनों टीमें 4 दिसंबर को शहर में पहुंचेंगी। आधिकारिक अभ्यास सत्र 5 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।

### आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन की तैयारियां जोरों पर

**दरअसल** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 6 दिसंबर को विशाखपट्नम के डॉ. वाईएसआर एसीए वीडीसीए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले मोस्ट अवेटेड एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय (ओडीआई) मैच के लिए आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) द्वारा तैयारियां जोरों पर हैं। इसके लिए आंध्र प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन यानी एसीए ने शुक्रवार से टिकटों की बिक्री शुरू करने का भी फैसला किया है। अधिकारियों के मुताबिक, लगभग 22,000 टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे और लोग इन्हें केवल 'डिस्ट्रिक्ट' (बाय जोमैटो) ऐप के ज़रिए ऑनलाइन खरीद सकते हैं। टिकटों की कीमतें 1,200 रुपए से शुरू होंगी और क्लास के आधार पर 2,000 रुपए, 2,500 रुपए, 3,000 रुपए, 3,500 और 4,000 रुपए तक बढ़ेंगी। हॉस्टपिटलिटी और सेमी-हॉस्टपिटलिटी का किराया 5,000 रुपए से शुरू होकर 10,000 रुपए, 15,000 और 18,000 रुपए तक है।

## आयुष म्हात्रे अंडर–19 एशिया कप में भारत की करेंगे कप्तानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को शुक्रवार को आगामी अंडर–19 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बरकरार रखा गया। टीम में आक्रामक किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है, जबकि 12 से 21 दिसंबर तक दुबई में 50 ओवरों के प्रारूप में खेले जाने वाले इस आयु वर्ग के महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए विहान मल्होत्रा को उप–कप्तान नियुक्त किया गया है।

म्हात्रे ने इससे पहले सितंबर और अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया के बहु–प्रारूप दौरे के दौरान भी भारत का नेतृत्व किया था। यह टूर्नामेंट अगले साल जनवरी–फरवरी में जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाने वाले अंडर–19 विश्व कप की तैयारी का आधार होगा।

14 साल के सूर्यवंशी ने हाल ही में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में यूएई के खिलाफ 32 गेंद में शतक जड़ा था। 42 गेंद में 144 रन की ताबड़तोड़ पारी के दौरान वह पुरुष टी20 प्रारूप में तीसरे सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे। बीसीसीआई की विज्ञप्ति के मुताबिक टीम में शामिल किशन कुमार सिंह को टूर्नामेंट से पहले अपनी फिटनेस साबित करनी होगी। भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज क्वालीफायर टीम के खिलाफ करेगी। अंडर–19 एशिया कप में भाग लेने वाली तीन क्वालीफायर टीमों का पता बाद में चलेगा। भारत–19 के सामने 14 दिसंबर को पाकिस्तान अंडर–19 की चुनौती होगी जबकि टीम 16 दिसंबर को एक अन्य क्वालीफायर के खिलाफ खेलेगी। टूर्नामेंट के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 19 दिसंबर खेले जाएंगे जबकि फाइनल 21 दिसंबर को होगा। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय अंडर–19 टीम

**आयुष** म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलान ए पटेल, नमन पुष्पक, डी दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उधव मोहन, आरोन जॉर्ज।

## ऑस्ट्रेलिया ने दिन–रात्रि एशेज टेस्ट के लिए नहीं किया टीम में बदलाव

**एजेंसी, सिडनी**




ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिसबेन में होने वाले दिन–रात्रि एशेज टेस्ट के लिए शुक्रवार को घोषित 14 सदस्यीय टीम में कोई बदलाव नहीं किया जिससे चोटिल कप्तान पैट कमिंस के वापसी का इंतजार और बढ़ गया।

कमिंस की गैर–मौजूदगी में कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट में आठ विकेट से जीत दिलाई और मेजबान टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली। दूसरा टेस्ट चार दिसंबर से शुरू होगा। कमिंस हालांकि, टीम के अभ्यास करना जारी रखने के लिए ब्रिसबेन जाएंगे। उनके 17 दिसंबर से एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की संभावना है। कमिंस को इससे पहले शुक्रवार को ही सिडनी क्रिकेट मैदान पर टीम के अभ्यास सत्र में स्मिथ को गेंदबाजी करते हुए देखा गया था।

कमिंस के बाहर होने के कारण पर्थ में पांच विकेट लेने वाले ब्रेंडन डोगेट, मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड के साथ तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालना जारी रख सकते हैं। टीम के एक अन्य अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पहले ही चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को टीम में बरकरार रखा गया है लेकिन उन्हें दूसरे टेस्ट से पहले अपनी फिटनेस साबित करनी होगी। ख्वाजा को पहले टेस्ट के दौरान पीठ में ऐंठन से परेशानी हुई थी। ख्वाजा अगर फिटनेस हासिल करने में नाकाम रहे तो हरफनमौला ब्यू वेबस्टर और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस के तौर पर टीम के पास अन्य विकल्प हैं। (अनंत ज्ञान)

## यूनियन साइकिलिस्ट इंटरनेशनल रोड रेस चैंपियनशिप में भारत उतारेगा दो टीमें

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश की पहली 'यूनियन साइकिलिस्ट इंटरनेशनल (यूसीआई)' 2.2 श्रेणी की रोड रेस चैंपियनशिप 'पुणे ग्रैंड टूर' के शुरुआती सत्र का आयोजन 19 से 23 जनवरी तक होगा। भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) इसमें दो टीमें उतारेगा। इन टीमों का चयन ओडिशा के संबलपुर में दो से छह दिसंबर तक होने वाले राष्ट्रीय चैंपियनशिप सह चयन ट्रायल से होगा। इससे चयनित खिलाड़ियों का आकलन 28 दिसंबर को पुणे में एक राष्ट्रीय रोड रेस के माध्यम से किया जाएगा। भारत 'ए' और भारत 'बी' की उपस्थिति से उभरते और अनुभवी साइकिल चालक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बड़ा मंच मिलेगा। 'बजाज पुणे ग्रैंड टूर' भारत में वैश्विक साइकिलिंग का प्रमुख आयोजन है। इसका उद्देश्य पुणे और भारत को यूसीआई के वैश्विक कैलेंडर में स्थायी रूप से शामिल करना है।

इसके पहले सत्र में दुनियाभर के शीर्ष साइकिलिस्ट भाग लेंगे, जिससे कड़ी प्रतिस्पर्धा और विश्व स्तरीय खेल गतिविधियां देखने को मिलेंगी। इस टूर में चार चरणों में 437 किलोमीटर के चुनौतीपूर्ण रास्ते होंगे जो पुणे जिले के विभिन्न जगहों से होकर गुजरेंगे। सीएफआई के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने कहा, ''राष्ट्रीय चैम्पियनशिप–सह–चयन ट्रायल बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 के लिए हमारी सबसे मजबूत टीम तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दो टीमों, भारत 'ए' और भारत 'बी' का समावेश प्रतिभाओं के एक व्यापक समूह को विकसित करने और भारतीय साइकिलिंग के मानक को ऊंचा उठाने पर हमारी दूरदृष्टि को दर्शाता है।''

### मुस्कान और फोकस ने बदली अंशिका की दिशा, खेलो इंडिया में जीता स्वर्ण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 की महिला रिकर्व फाइनल में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) की तीरंदाज अंशिका कुमारी ने अद्भुत मानसिक संतुलन दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दूसरा सेट बेहद खराब जाने के बावजूद उन्होंने चेहरे पर मुस्कान बनाए रखी, कोचों से चर्चा की और अगले दो सेट आसानी से जीतकर वापसी की।

अंशिका का कहना है कि गलतियों को स्वीकार करना और हर तीर पर फोकस करना उनकी सबसे बड़ी ताकत है। अंशिका बताती हैं कि दूसरे सेट में वह यह समझ ही नहीं पा रही थीं कि तीर कहां लगा, क्योंकि उस समय उनके कोच के पास टेलीस्कोप नहीं था। उन्होंने कहा, 'मैंने सिर्फ सांसों को संभाला और अगले तीर पर फोकस किया। इसी मानसिकता ने मुझे जीत दिलाई।' बिहार में जन्मी अंशिका, पिता के नौसेना में होने के कारण देशभर में रहीं। मुंबई में तीरंदाजी शुरू करने के बाद शुरुआती सफलताएं मिलीं, लेकिन राष्ट्रीय टीम में जगह बार–बार छूटती रही। फिर भी उन्होंने हर असफलता से सीख लेकर अपनी तकनीक सुधारी और इस वर्ष तीनों विश्व कप में खेलने का अवसर पाया। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रिया को हराकर पुर्तगाल बना फीफा अंडर–17 विश्व चैंपियन




**एजेंसी, दोहा**

पुर्तगाल ने फीफा अंडर–17 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रिया को 1–0 से हराकर इस आयु वर्ग में अपना पहला वैश्विक खिताब जीता। बेनफिका के फॉरवर्ड अनीसियो कैब्राल ने 48 देशों के टूर्नामेंट में खेले गए खिताबी मुकाबले के 32वें मिनट में मैच का इकलौता गोल किया।

इससे पहले इटली ने तीसरे स्थान के मैच में ब्राजील को शूटआउट में 4–2 से हराया, जिससे यूरोप की टीमों ने शीर्ष तीन स्थानों पर अपना दबदबा बनाया। मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद गोलकीपर एलेसेंड्रो लोंगोनी ने दो पेनल्टी बचा कर इटली की जीत पक्की की। फीफा अंडर–17 विश्व कप का यह 20वां सत्र है। फीफा इस टूर्नामेंट को अब हर दो साल के बजाय सालाना आयोजित करता है। (अनंत ज्ञान)

## सैंटियागो नीवा भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम के कोच नियुक्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय मुक्केबाजी के पूर्व हाई परफार्मेंस निदेशक (एचपीडी) सैंटियागो नीवा महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में राष्ट्रीय टीम से फिर से जुड़ गए हैं। अर्जेंटीना में जन्मे स्वीडन के इस पूर्व मुक्केबाज ने 2017 से 2022 तक भारत की पुरुष टीम के साथ बड़े स्तर पर काम किया था। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की, जिनमें तोक्यो ओलंपिक में भारत की अब तक की सर्वोच्च भागीदारी और 2019 पुरुष विश्व चैंपियनशिप में दो ऐतिहासिक पदक शामिल हैं।

नीवा ने कहा, ''भारत वापस आकर बेहद उत्साहित हूं। मेरे पिछले कार्यकाल में यहां पांच साल शानदार रहे। मैं इस अगले अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। उम्मीद है कि हम साथ मिलकर कुछ बड़ा कर पाएंगे।'' नीवा के पास दो दशकों से अधिक का उत्कृष्ट अंतरराष्ट्रीय कोचिंग अनुभव है। उन्होंने इस भूमिका में मुक्केबाजी जगत में कुछ शानदार परिणाम हासिल किये हैं।

भारत के साथ अपने पहले कार्यकाल के बाद उन्होंने हाल ही में बॉक्सिंग ऑस्ट्रेलिया की हाई परफॉर्मेंस इकाई के मुख्य राष्ट्रीय कोच और तकनीकी प्रमुख के रूप में कार्य किया था। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि सैंटियागो की नियुक्ति भारत में महिला मुक्केबाजी लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। उन्होंने कहा, ''सैंटियागो की नियुक्ति महिला मुक्केबाजी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। वह तकनीकी उत्कृष्टता और अंतरराष्ट्रीय समझ के साथ हमारी प्रणाली को मजबूत करेंगे।'' (अनंत ज्ञान)

## त्रिकोणीय सीरीज में पाकिस्तान को हराकर श्रीलंका फाइनल में पहुंचा

**एजेंसी, रावलपिंडी**

श्रीलंका ने त्रिकोणीय सीरीज के अपने करो या मरो मैच में पाकिस्तान को छह रन से हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया। श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा ने 20 रन देकर चार विकेट लिए। पाकिस्तान पहले ही फाइनल में पहुंच चुका था और जिम्बाब्वे की जगह खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए श्रीलंका को वीरवार को यहां खेले गए मैच में जीत की जरूरत थी। टीम ने सलामी बल्लेबाज कामिल मिसरा की 48 गेंदों में 76 रनों की पारी की बदौलत पांच विकेट पर 184 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को सात विकेट पर 178 रन पर रोक दिया।

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा के करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 63 रनों की पारी खेली लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। चमीरा ने पावरप्ले में अपने शुरुआती दो ओवर में तीन रन पर तीन विकेट लेकर पाकिस्तान को बैकफुट पर धकेल दिया और फिर आखिरी ओवर में क्रीज पर आगा की मौजूदगी के बावजूद 10 रन का शानदार तरीके से बचाव किया। उन्होंने चौथे ओवर में साहिबजादा फरहान (नौ) और बाबर आजम (शून्य) को खाता खोले बगैर पगबाधा किया।

### गेंदबाज दुष्मंता चमीरा ने लिए चार विकेट

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज साइम अयूब (27) रन बनाकर ईशान मलिंगा की गेंद पर बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। चमीरा ने छठे ओवर में फखर जमां को कप्तान दासुन शनाका के हाथों कैच कराया जिससे पावर प्ले में पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 43 रन हो गया। आगा और उस्मान खान (33) ने 56 रन की साझेदारी के साथ मैच में पाकिस्तान की वापसी कराई। पांचवें विकेट की 56 रन की इस साझेदारी को वानिंदु हसरंगा ने उस्मान को आउट कर तोड़ा।

आगा और मोहम्मद नवाज ने इसके बाद 36 गेंद में 70 रन की आक्रामक साझेदारी से पाकिस्तान को लक्ष्य के करीब पहुंचाया लेकिन मलिंगा ने 19वें ओवर में नवाज को चलता कर दिया। मिसरा और कुशल मेंडिस (40) ने इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर तीसरे ओवर में पथुम निशंका (आठ) के आउट होने के बावजूद छह ओवर में श्रीलंका का स्कोर एक विकेट पर 58 रन तक पहुंचा दिया। मेंडिस ने अहमद की गेंद पर पगबाधा होने से पहले अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया। मिसरा 17वें ओवर में अबरार का दूसरा शिकार बने। जनिथ लियानागे (नाबाद 24) और कप्तान शनाका (नाबाद 17) ने अंतिम दो ओवरों में 24 रन बटोर कर श्रीलंका को 184 के स्कोर तक पहुंचाया। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** — 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे मुकाबले

## भारतीय महिला टीम दिसंबर में श्रीलंका से खेलेगी 5 टी20 मैच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय महिला टीम 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगी। बीसीसीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ निर्धारित मैच दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था। हाल ही में वनडे विश्व कप जीतने के बाद यह भारतीय महिला टीम का पहला मैच होगा।

**वनडे विश्व कप जीत के बाद महिला टीम की पहली अंतरराष्ट्रीय सीरीज**

बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक, '' भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। भारत अगले महीने पांच मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। यह सीरीज विशाखापत्तनम में शुरू होगी और शेष मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।'' पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय महिला टीम को इसी दौरान बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में भाग लेना था। श्रीलंका की टीम 2016 के बाद पहली बार भारत में कोई द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगी, जिसे मेजबान टीम ने 3–0 से जीता था। भारतीय महिला टीम ने इस साल जुलाई में इंग्लैंड में अपनी पिछली टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेली थी। टीम ने इस सीरीज को 3–2 से जीत कर इतिहास रचा था। यह इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टीम की पहली टी20 सीरीज जीत थी। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

### मैचों का शैड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टी20 मैच 21 दिसंबर | विशाखापत्तनम |
| दूसरा 23 दिसंबर | विशाखापत्तनम |
| तीसरा 26 दिसंबर | तिरुवनंतपुरम |
| चौथा 28 दिसंबर | तिरुवनंतपुरम |
| पांचवां 30 दिसंबर | तिरुवनंतपुरम |